मंगलवार

11 जून 2024

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




जन सुराज अभियान बनेगा राजनीतिक दल, सर्वसम्मति से तय हुई 2 अक्तूबर की तारीख

2



### मोदी सरकार: शपथ ग्रहण के 24 घंटे बाद मंत्रियों के विभागों का बंटवारा

# अमित शाह गृह, राजनाथ सिंह रक्षा, निर्मला सीतारमण वित्त, जेपी नड्डा को स्वास्थ्य मंत्रालय

♦ बिहार से गिरीराज सिंह को कपड़ा मंत्रालय, चिराग पासवन को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, ललन सिंह को पंचायती राज, मछली, पशुपालन व डेयरी, जीतन राम मांझी को MSME मंत्रालय

**एजेंसी/नई दिल्ली**

मोदी सरकार का तीसरा कार्यकाल शुरू हो गया है। रविवार शाम को नरेंद्र मोदी ने कुल 71 मंत्रियों के साथ प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। इसके 24 घंटे बाद सोमवार को मंत्रियों को विभागों का बंटवारा किया गया है। इस कैबिनेट की खास बात ये होगी कि कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी यानी सीसीएस मंत्रालयों में यथास्थिति रखी गई है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा संबंधी समिति में गृह, रक्षा, वित्त और विदेश मंत्रालय शामिल होते हैं। यह सुरक्षा संबंधी मामलों पर फैसला लेने वाली देश की सर्वोच्च समिति होती है। मसलन, इस कार्यकाल में भी गृह मंत्रालय का कार्यभार अमित शाह संभालेंगे। इनके अलावा राजनाथ सिंह ही रक्षा मंत्री रहेंगे और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और विदेश मंत्री एस जयशंकर को ही बनाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पास कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग; सभी महत्वपूर्ण नीतिगत मुद्दे; और अन्य सभी विभाग जो किसी भी मंत्री को आवंटित नहीं किए गए हैं, वो अपने पास ही रखी है।



### मोदी सरकार 3.0 के ये हैं कैबिनेट मंत्री

- **राजनाथ सिंह**– रक्षा मंत्रालय
- **अमित शाह**– गृह मंत्रालय, सहकारिता मंत्रालय
- **नितिन जयराम गडकरी**– सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
- **जगत प्रकाश नड्डा**– स्वास्थ्य मंत्रालय, केमिकल फर्टिलाइजर मंत्रालय
- **शिवराज सिंह चौहान**– कृषि और परिवार कल्याण, ग्रामीण विकास मंत्रालय
- **निर्मला सीतारमण**– वित्त मंत्रालय, कॉर्पोरेट अफेयर्स मंत्रालय
- **एस जयशंकर**– विदेश मंत्रालय
- **मनोहर लाल खट्टर**– ऊर्जा, आवास और शहरी मामले
- **एचडी कुमारस्वामी** – भारी उद्योग मंत्री और इस्पात मंत्रालय
- **पीयूष गोयल**– वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
- **धर्मेंद्र प्रधान**– शिक्षा मंत्री
- **जीतन राम मांझी**– MSME मंत्रालय
- **राजीव रंजन सिंह (ललन सिंह)**– पंचायती राज, मछली, पशुपालन व डेयरी
- **सबार्नंद सोनोवाल** – बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग
- **वीरेंद्र कुमार** – सामाजिक न्याय व अधिकारिता
- **राममोहन नायडू**– नागरिक उड्डयन
- **प्रह्लाद जोशी** – उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण; और नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा
- **जुएल ओरांव** – जनजातीय मामले
- **गिरीराज सिंह**– कपड़ा मंत्रालय
- **अश्विन वैष्णव** – रेल; सूचना एवं प्रसारण; इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी
- **ज्योतिरादित्य सिंधिया** –संचार; और उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास
- **भूपेंद्र यादव** – पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन
- **गजेंद्र सिंह शेखावत**– संस्कृति; और पर्यटन
- **अन्नपूर्णा देवी**– महिला एवं बाल विकास
- **किरेन रिजिजू** – संसदीय कार्य; और अल्पसंख्यक मामले
- **हरदीप सिंह पुरी**– पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस
- **मनसुख मांडविया**– श्रम और रोजगार; और युवा मामले और खेल
- **जी किशन रेड्डी** – कोयला; और खनन
- **चिराग पासवन**– खाद्य प्रसंस्करण उद्योग
- **सीआर पाटिल**– जल शक्ति

### मोदी सरकार के ये हैं राज्य मंत्री

- **जितिन प्रसाद**: वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
- **श्रीपाद येसो नाइक**: ऊर्जा मंत्रालय और नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री
- **पंकज चौधरी**: वित्त मंत्रालय
- **कृष्ण पाल**: सहकारिता मंत्रालय
- **रामदास अठावले**: सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
- **रामनाथ ठाकुर**: कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय
- **नित्यानंद राय**: गृह मंत्रालय
- **अनुप्रिया पटेल**: स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय; और रसायन और उर्वरक मंत्रालय
- **वी. सोमन्ना**: जल शक्ति मंत्रालय; और रेल मंत्रालय
- **डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी**: ग्रामीण विकास मंत्रालय व संचार मंत्रालय
- **प्रो. एस पी सिंह बघेल**: मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय; और पंचायती राज मंत्रालय
- **शोभा करंदलाजे**: सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय; और श्रम और रोजगार मंत्रालय
- **कीर्तिवर्धन सिंह**: पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय; और विदेश मंत्रालय
- **बीएल वर्मा**: उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय; और सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
- **शांतनु ठाकुर**: बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय
- **सुरेश गोपी**: पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय; और पर्यटन मंत्रालय
- **डॉ. एल मुरुगन**: सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय; और संसदीय कार्य मंत्रालय
- **अजय टम्टा**: सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
- **बंडी संजय कुमार**: गृह मंत्रालय
- **कमलेश पासवान**: ग्रामीण विकास मंत्रालय
- **भागीरथ चौधरी**: कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय
- **सतीश चंद्र दुबे**: कोयला मंत्रालय; और खान मंत्रालय
- **संजय सेठ**: रक्षा मंत्रालय
- **रवनीत सिंह**: खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय और रेल मंत्रालय
- **दुर्गादास उइके**: जनजातीय कार्य मंत्रालय
- **रक्षा निखिल खडसे**: युवा मामले और खेल मंत्रालय
- **सुकांत मजूमदार**: शिक्षा मंत्रालय और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय
- **सावित्री ठाकुर**: महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
- **तोखन साहू**: आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय
- **राज भूषण चौधरी**: जल शक्ति मंत्रालय
- **भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा**: भारी उद्योग मंत्रालय व इस्पात मंत्रालय
- **हर्ष मल्होत्रा**: कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय; और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
- **निमुबेन जयंतीभाई बंभानिया**: उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
- **मुरलीधर मोहोल**: सहकारिता मंत्रालय; नागरिक उड्डयन मंत्रालय
- **जॉर्ज कुरियन**: अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय; और मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
- **पबित्रा मार्गेरिटा**: विदेश मंत्रालय; और कपड़ा मंत्रालय

### केंद्र सरकार में इन्हें मिली राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की जिम्मेवारी

- **राव इंद्रजीत सिंह**: सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय; योजना मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); और संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री
- **डॉ. जितेंद्र सिंह**: विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री; कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री; परमाणु ऊर्जा विभाग में राज्य मंत्री; और अंतरिक्ष विभाग में राज्य मंत्री
- **अर्जुन राम मेघवाल**: कानून और न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री
- **जाधव प्रतापराव गणपतराव**: आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
- **जयंत चौधरी**: कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); और शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

# प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश भर में 3 करोड़ नए घर बनाए जाने को मंजूरी



### कैबिनेट का फैसला

**एजेंसी/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शपथ ग्रहण के एक दिन बाद ही बड़े फैसले लेने शुरू कर दिए हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की पहली कैबिनेट बैठक सोमवार को हुई। कैबिनेट ने अपने पहले फैसले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 करोड़ घर बनाने की योजना को मंजूरी दे दी है। पहली कैबिनेट बैठक में पात्र परिवारों की संख्या में इजाफे के बाद आवासों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 3 करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी परिवारों को घरों के निर्माण के लिए सहायता प्रदान करने पर सहमति व्यक्त की गई। इसके साथ ही पीएम मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल के आगाज के साथ ही देश के अन्नदाताओं को बड़ी सौगात दी है। लोकसभा चुनाव के दौरान ही पीएम मोदी ने ऐलान कर दिया था कि उनकी नई सरकार 100 दिनों में बड़े फैसले लेगी। साथ ही पीएम मोदी ने अधिकारियों को शपथ ग्रहण के बाद 100 दिनों का एजेंडा तैयार करने का निर्देश दिया था।

### किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी

सोमवार को किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी कर दी गई। इस किस्त के अंतर्गत केंद्र सरकार ने किसानों के लिए 20 हजार करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गई है। 2019 में पीएम मोदी ने किसानों की आर्थिक समृद्धि के लिए ह्यकिसान सम्मान निधि' की शुरूआत की थी। इस योजना के अंतर्गत किसानों को सालाना 6 हजार रुपए दिए जाते हैं। 6 हजार रुपए की यह किस्त एकमुश्त नहीं, बल्कि 2000–2000 रुपए करके दी जाती है।

# तेज रफ्तार बस ने ट्रक में मारी टक्कर, चार श्रद्धालुओं की मौत



**केटी न्यूज/गाजीपुर**

श्रद्धालुओं से भरी बस (सं॰ BR24-TA2203) अयोध्या से दर्शन कराने के पश्चात वापस भोजपुर (बिहार) जा रही थी। सोमवार को भोर में मुसेपुर- बाराचवर के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर खड़ी एक ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इससे बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दर्दनाक हादसे में बस में सवार लगभग 36 श्रद्धालु घायल हो गए। जिसमें 12 से अधिक श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान चार लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य घायलों का इलाज चल रहा है।

उधर भीषण सड़क हादसे की खबर मिलते ही तत्काल प्रभारी निरीक्षक कासिमाबाद व थानाध्यक्ष बरेसर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे इसके बाद यूपीडा के कर्मचारियों व स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाराचवर और जनपद मऊ ले जाया गया। वहां से गंभीर रूप से घायलों को जिला अस्पताल गाजीपुर रेफर कर दिया गया।

बस चालक राम निवास निवासी ग्राम करथ थाना तारारी जनपद भोजपुर- बिहार, कमला देवी (65) पत्नी राम प्रवेश यादव निवासी ग्राम करथ थाना तारारी जनपद भोजपुर- बिहार और विनोद सिंह (आर्मी मैन) निवासी हसन बाजार थाना अभई भोजपुर- तथा जनपद मऊ में भेजे गए 11 व्यक्तियों के इलाज के दौरान एक महिला सुनीता सिंह उर्फ सन्ध्या पत्नी विनोद सिंह निवासी ग्राम हसन बाजार थाना अभई जनपद भोजपुर -बिहार की मृत्यु हो गई। अभी अन्य लोगों का इलाज चल रहा है।

### बस की ट्रक में टक्कर के बाद पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर मचा कोहराम

अयोध्या से भोजपुर जा रही बस की टक्कर के बाद बिल्कुल शांत रहने वाले पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर अचानक कोहराम मच गया। लोग चीखने–चिल्लाने लगे। सुबह करीब 4:30 बजे हुए भीषण टक्कर की आवाज आसपास के लोगों के कानों में पहुंची तो लोग घटना स्थल की तरफ दौड़ पड़े। वहां बस में सवार श्रद्धालु लहूलुहान स्थिति में एक–दूसरे को पुकार रहे थे। कुछ गंभीर चोट लगने के कारण अचेत अवस्था में थे, तो कई श्रद्धालु सीट के नीचे दबे थे।

**खड़े ट्रक को नहीं देख पाया चालक:** पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर सड़क के एक तरफ खड़े ट्रक पर भोर के वक्त बस चालक के निगाह नहीं पड़ी। वह अयोध्या से लौटते वक्त पूर्वांचल एक्सप्रेस–वे पर चढ़ा और बेफिक्र हो अपनी गति से चल रहा था। इस दौरान अचानक सड़क किनारे खड़े ट्रक में भीषण टक्कर हो गई। उपचार के दौरान चार यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 32 यात्री जख्मी हो गए हैं। सड़क हादसे में चार लोगों की मौत एवं अन्य श्रद्धालुओं के घायल होने की सूचना उनके परिवार वालों को दी गई। सूचना पाकर गाजीपुर जिला अस्पताल एवं मऊ जनपद पहुंचे परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल था।

# बिहार के सभी स्कूल 15 जून तक के लिए बंद, शिक्षकों की भी छुट्टी

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में भीषण गर्मी और हिटवेव को देखते हुए राज्य के सभी सरकारी स्कूलों को आगामी 15 जून तक के लिए बंद कर दिया गया है। मौसम विभाग की तरफ से जारी अलर्ट को देखते हुए शिक्षा विभाग ने यह फैसला लिया है। इस दौरान स्कूलों में शिक्षकों की भी छुट्टी रहेगी। शिक्षकों के लिए यह राहत भरी खबर है। बिहार सरकार के माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की तरफ से 14 जून तक राज्य के अनेक स्थानों में भीषण गर्मी और लू को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। इस अलर्ट को ध्यान में रखते हुए 11 से 15 जून तक सभी स्कूलों में छुट्टी घोषित किया जाता है। इस दौरान सभी स्कूलों के शिक्षक भी अवकाश पर रहेंगे। दरअसल, बिहार में भीषण गर्मी के कारण स्कूलों में बच्चों और शिक्षकों के बेहोश होने की खबरें सामने आई हैं।

# योगी ने राजनाथ-शाह व गडकरी से की भेंट



**केटी न्यूज/नई दिल्ली**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवनियुक्त केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और नितिन गडकरी से सोमवार को नई दिल्ली में मुलाकात की। भाजपा के तीनों नेताओं ने रविवार को मोदी-3.0 में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली थी। 2024 लोकसभा चुनाव जीतने के बाद तीनों वरिष्ठ नेताओं से योगी आदित्यनाथ की यह पहली मुलाकात है।

सीएम योगी रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे थे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने नई दिल्ली में ही रात्रि विश्राम किया। सोमवार की सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह व नितिन गडकरी से मुलाकात कर तीनों नेताओं को मंत्रिमंडल में शामिल होने की शुभकामना दी। गौरतलब है कि राजनाथ सिंह उत्तर प्रदेश की लखनऊ, अमित शाह गुजरात की गांधीनगर और नितिन गडकरी महाराष्ट्र की नागपुर लोकसभा से चुनाव जीते हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने राजनाथ सिंह और नितिन गडकरी की लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार भी किया था।

### एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था' के लिए जारी प्रयासों की सीएम योगी ने की समीक्षा

# कृषि व सहयोगी सेक्टर में तकनीकी समावेश को बढ़ावा देना जरूरी

**केटी न्यूज/लखनऊ**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश को एक ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने के संकल्प की पूर्ति की दिशा में जारी प्रयासों, अब के परिणामों और भावी नीति पर विमर्श किया। बैठक में नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव और कंसल्टिंग एजेंसी डेलॉयट इंडिया ने विस्तार से प्रदेश के आर्थिक परिवेश की वर्तमान स्थिति और संभावित भावी परिणाम, उद्योग जगत की अपेक्षाओं आदि के संबंध में सेक्टरवार विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने सभी मन्त्रिगणों और वरिष्ठ अधिकारियों को ईज ऑफ लिविंग तथा अधिकाधिक रोजगार सृजन की दिशा में विशेष प्रयास करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि देश-दुनिया के बेस्ट प्रैक्टिसेज को देखें-अध्ययन करें और आवश्यकतानुसार लागू करें। विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रमुख दिशा-निर्देश दिए।

विगत 07 वर्षों के नियोजित प्रयासों से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था आज सार्वकालिक सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है। 2021-22 में प्रदेश की कुल जीडीपी 16.45 लाख करोड़ थी जो आज 2023-24 में 25.48 लाख करोड़ से अधिक हो गई है। राष्ट्रीय आय में उत्तर प्रदेश 9.2% का योगदान कर रहा है। उत्तर प्रदेश आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देश के विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा है।

प्रदेश की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर के राष्ट्रीय मानकों का आंकलन करें इसमें भी हमें अपने प्रयासों के अच्छे परिणाम मिले हैं। 2021-22 में प्रचलित भावों पर उत्तर प्रदेश की वृद्धि दर 20.1% रही, जबकि स्थायी भाव पर 9.8% रही। इसी प्रकार, 2023-24 में स्थायी भाव पर प्रदेश में 8% की वृद्धि दर दर्ज की गई और प्रचलित भाव पर 12.8% वृद्धि दर रही। यह स्थिति दर्शाती है कि प्रदेश विकास की सही राह पर है। हमें अपने प्रयासों को और नियोजित रीति से आगे बढ़ाना होगा।

उत्तर प्रदेश के पास बहुत पोटेंशियल है। विशाल लैंडबैंक है। पर्याप्त जल संसाधन है। उपजाऊ भूमि है। आज हमारे पास अनुकूल अवसर है। इसका पूरा लाभ उठाना होगा। आर्थिक बेहतरी के लिए तय लक्ष्यों के सापेक्ष सभी विभागों की प्रगति की समीक्षा होनी चाहिए। अर्थव्यवस्था के प्राथमिक खंड में सुधार के लिए डिजिटल टेक्नोलॉजी का समावेश किया गया है। डिजिटल क्रॉप सर्वे जैसे प्रयास किए गए हैं। इसे सभी 75 जिलों में प्रभावी ढंग से लागू करना होगा। अनाज, फल और सब्जियों के उत्पादन की वृद्धि दर को दोगुनी तेजी देने के लिए ठोस प्रयासों की आवश्यकता है।






CMYK

# जन सुराज अभियान बनेगा राजनीतिक दल, सर्वसम्मति से तय की गई 2 अक्तूबर की तारीख

**केटी न्यूज/पटना**



जन सुराज अभियान अब एक राजनीतिक दल के तौर पर परिवर्तित होगा। 2 अक्तूबर 2022 से शुरू हुई जन सुराज पदयात्रा आगामी 2 अक्तूबर 2024 को एक राजनीतिक पार्टी का स्वरूप लेगी। ये निर्णय रविवार 9 जून को पटना के ज्ञान भवन स्थित बापू सभागार में हुआ। जन सुराज के संगठन से जुड़े हजारों लोगों ने संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में तीन प्रस्ताव लाए। सभी लोगों ने आम सहमति से तीनों प्रस्ताव को पारित किया। पहला प्रस्ताव लाया गया कि जन सुराज को एक राजनीतिक पार्टी के तौर पर कब घोषित किया जाए। इस पर सभी लोगों ने एक सुर में 2 अक्तूबर 2024 की तारीख तय की। दूसरा प्रस्ताव यह लाया गया कि जन सुराज बिहार के सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगा। इस प्रस्ताव पर भी सभी लोगों ने एकमत अपनी सहमति दर्ज कराई। तीसरा प्रस्ताव यह पारित किया गया कि जन सुराज समाज के सभी वर्गों को उनकी संख्या के हिसाब से संगठन और टिकट में भागीदारी सुनिश्चित करेगा। सभी लोगों ने सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को भी पारित किया।

जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जन सुराज आगामी विधानसभा चुनाव में महिलाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित करेगा। हर लोकसभा क्षेत्र के भीतर आने वाले एक विधानसभा सीट से कम से कम एक महिला को जरूर चुनाव लड़ाया जाएगा। जन सुराज के संविधान निर्माण के लिए बनाई गई समिति को संविधान निर्माण करने की स्वीकृति दी गई।

## 6 महीने में जन सुराज 1 करोड़ लोगों को संस्थापक सदस्य के रूप में जोड़ेगा

**पटना।** जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने प्रेस वार्ता में कहा कि पदयात्रा का यह भी उद्देश्य है कि ऐसे सारे लोगों को एकजुट करें जो नया दल बनाना चाहते हैं। एक सर्वे के अनुसार 50 से 55 फीसदी लोग ये चाहते हैं कि बिहार में नया प्रयास या नया विकल्प होना चाहिए। इन लोगों को ये नहीं पता है कि वो दल कौन होना चाहिए, लेकिन उन्हें ये पता है कि वर्तमान में जो दल हैं उनसे बिहार सुधरने वाला नहीं है। उन 50 फीसदी लोगों को आप इकट्ठा कीजिएगा, तो संख्या 6 करोड़ हो जाएगी। प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि जब हमने पदयात्रा शुरू की तो हमारा लक्ष्य था कि हर प्रखंड से 20 लोगों को चुनकर निकालेंगे, तो बिहार में करीब 15 हजार लोग हो जाएंगे। वर्तमान में हर प्रखंड से दो से ढाई हजार लोग हमसे जुड़ते हैं। इस चीज को व्यवस्थित करने के लिए हम संस्थापक सदस्य बनाने का अभियान शुरू कर रहे हैं, जो लोग भी संस्थापक सदस्य बनना चाहते हैं वे बन सकते हैं। हमारा मानना है कि अगले 6 महीने में करीब 1 करोड़ लोगों को संस्थापक सदस्य के रूप में जोड़ा जाएगा।

**साझा किया अनुभव:** पीके ने कहा कि अभी तक 18 महीनों का मेरा अनुभव है कि हर प्रखंड से करीब दो हजार से ढाई हजार लोग जुड़ रहे हैं। जब पदयात्रा खत्म होगी, तब ये संख्या करीब 1 करोड़ तक पहुंचेगी, इतने लोग संस्थापक सदस्य के रूप में जुड़ जाएंगे। इन संपर्क माध्यमों मोबाइल +91912169216 और वेबसाइट Jansuraaj.org/membership_drive से लोगों ने सदस्यता ग्रहण की है।

## खबरें फटाफट

### स्कूलों में फिर बेहोश हुए कई बच्चे मची अफरा-तफरी

**पटना।** बिहार में एक बार फिर से प्रचंड गर्मी कहर बरपा रही है। भीषण गर्मी के कारण शेखपुरा के बरबीघा में तीन स्कूलों के कई बच्चे सोमवार को बेहोश हो गए। इस घटना के बाद विद्यालय प्रबंधन और बच्चों के परिजनों में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में बेहोश हुए सभी बच्चों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां उन्हें खतरे से बाहर बताया जा रहा है। दरअसल, बिहार में भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य के सभी सरकारी स्कूलों को 9 जून तक बंद कर दिया गया था। 10 जून को स्कूल खुलने के बाद बच्चे स्कूल पहुंचे थे। शेखपुरा के बरबीघा प्रखंड के मध्य विद्यालय उखदी, कन्या प्राथमिक विद्यालय सर्वा और जगदंबा उच्च विद्यालय सामस में कई बच्चे गर्मी के कारण बेहोश हो गए। इस घटना के बाद स्कूल प्रबंधन में हड़कंप मच गया। सभी बच्चों का स्थानीय स्तर पर इलाज कराने के बाद उन्हें घर भेज दिया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक अब सभी खतरे से बाहर हैं।

### सांसद पप्पू यादव पर 25 लाख रु. रंगदारी मांगने का आरोप

**पटना।** पूर्णिया से नवनिर्वाचित निर्दलीय सांसद पप्पू यादव पर 10 लाख रुपये रंगदारी टैक्स मांगने का गंभीर आरोप लगा है। पूर्णिया के एक फर्नीचर व्यवसायी द्वारा एक लिखित आवेदन दिया गया है शिकायत में कहा गया है कि 2 अप्रैल 2021 को 10 लाख रुपए रंगदारी मांगने और गाली गलौज की गई थी। इसके बाद 2023 में 15 लाख रुपए और 2 सोफा सेट मांगे गए थे। पुलिस को दी गई शिकायत में कहा गया है कि लोकसभा चुनाव के दौरान पप्पू यादव के खास अमित यादव ने 5 अप्रैल 2024 को मोबाइल पर 10 से 15 बार कॉल करते हुए अर्जुन भवन, पूर्णिया जो सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के आवास पर बुलाने और 25 लाख रुपए रंगदारी देने को कहा गया। इस मामले पर एसपी उपेन्द्र नाथ वर्मा का कहना है कि अगर इस तरह के और भी मामले सामने आते हैं तो वे पुलिस से संपर्क करें। पूर्णिया पुलिस उनके साथ हमेशा खड़ी है।

## पटना के बेऊर थानाक्षेत्र के तेजप्रताप नगर के समीप हुआ दर्दनाक हादसा

# बीमार रिश्तेदार से मिलने खगौल जा रहे बाइक सवार मां-बेटे को ट्रक ने कुचला, मौत

- लोगों ने विरोध में सड़क पर जमकर बवाल किया
- घटना के बाद चालक फरार

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में सड़क हादसे के मामले थमने का नाम नहीं रहा हैं। इसी कड़ी में एक ताजा मामला राजधानी पटना से आ रहा है। जहां मां-बेटे पर रफ्तार का कहर टूट गया। बेऊर थानाक्षेत्र के तेजप्रताप नगर के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार मां-बेटे को कुचल दिया। दुर्घटना में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों मृतकों की पहचान दीदारगंज निवासी राकेश कुमार (26) और उसकी मां मन्ना देवी (60) के रूप में हुई है। दोनों अपने बीमार रिश्तेदार से मिलने खगौल जा रहे थे।

लोगों ने विरोध में सड़क पर जमकर बवाल किया। परिवार के मुखिया बिहार पुलिस के रिटायर कर्मी हैं। घटना के बाद चालक ट्रक सहित फरार होने में सफल हो गया। पुलिस ड्राइवर की पहचान करने में जुटी हुई है। वहीं, दुर्घटना से गुस्साए स्थानीय लोगों ने मुख्यमार्ग को जाम कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची बेऊर पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और लोगों को समझा-बुझाकर जाम को हटा दिया। बताया जाता है कि हरिलाल राम परिवार के साथ दीदारगंज में रहते हैं। बेउर थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने एम्स में उनका पोस्टमार्टम कराकर दोनों शवों को उनके परिजनों के हवाले कर दिया है। राकेश और मन्ना देवी की मौत की खबर मिलते ही उनके घर पर मातम पसर गया। वहीं, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस मामले में बेउर थानाध्यक्ष का कहना है कि ट्रक का ड्राइवर गाड़ी लेकर फरार हो गया है। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी के माध्यम से फरार ट्रक ड्राइवर की तलाश की जा रही है।



## नालंदा में सड़क हादसे में एक बैंक कर्मी की मौत

बिहार के नालंदा में सोमवार को सड़क हादसे में एक बैंक कर्मी की मौत हो गई। मामला करायपरसुराय थाना क्षेत्र के चंद्रकुरा मोड़ के पास की है। मृतक की पहचान एकंगरसराय थाना क्षेत्र के निश्चलगंज निवासी दिवंगत सत्येंद्र चौधरी के बेटे राजीव चौधरी (32) के रूप में की गई है। मृतक के परिजन ने बताया कि हर दिन की तरह राजीव चौधरी अपनी बाइक से पटना के फतुहा स्थित बंधन बैंक में काम के लिए जा रहे थे। इसी बीच हिलसा फतुहा मुख्य मार्ग के चंद्रकुरा के पास सड़क हादसा हो गया। इस घटना में राजीव चौधरी की मौके पर ही मौत हो गई। कयास लगाया जा रहा है कि दो बाइक की टक्कर के बाद राजीव चौधरी सड़क की ओर गिर पड़े। इसी दौरान अज्ञात वाहन उन्हें कुचल कर फरार हो गया। घटना की जानकारी पुलिस के द्वारा परिजनों को दी गई। इसके बाद परिजन घटनास्थल पर पहुंचे जहां शव को देख चीख पुकार मच गई। चंद्रकुरा मोड़ के पास सड़क का टर्निंग पॉइंट है। जहां अक्सर दृश्यता (विजिबिलिटी) बेहतर न रहने की वजह से हादसे होते रहते हैं।

## पार्सल वैन में घुसी कार, हादसे में दो की मौत; चार घायल

**पटना।** बिहार में गाड़ियों की तेज रफ्तार की चपेट में आकर असमय ही लोगों की जान जा रही है। ताजा घटना हाजीपुर में हुई है, जहां दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, घटना मुजफ्फरपुर-हाजीपुर एनएच 22 पर भगवानपुर थाना क्षेत्र के रतनपुरा के पास की है। बताया जा रहा है कि रतनपुरा के पास सकड़ किनारे एक कंटेनर खड़ा था, तभी पीछे से आ रही एक अनियंत्रित कार कंटेनर में जा घुसी। जोरदार आवाज सुनकर आस पास के लोग घटनास्थळ पर पहुंचे और कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। कार सवार लोगों में एक कि मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे व्यक्ति की मौत इलाज के दौरान अस्पताल मे हो गई। विरोध में लोगों ने सड़क जाम कर दिया है, जिससे एनएच पर आवागमन बाधित हो गया है। पुलिस मौके पर पहुंची है और लोगों को समझाने की कोशिश कर रही है।

## अवैध खनन मामले में गिरफ्तारी के बाद फैसला

# राजद ने वीरन यादव को 6 साल के लिए पार्टी से निकाला

**केटी न्यूज/ पटना**



अवैध खनन और पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में गिरफ्तार नालंदा के आरजेडी नेता वीरन यादव के खिलाफ राष्ट्रीय जनता दल ने बड़ा एक्शन किया है। वीरन यादव को अगले 6 साल के लिए आरजेडी से निष्कासित कर दिया गया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के आदेश पर यह कार्रवाई हुई है।

दरअसल, नकटपुरा और गोइठवा नदी से अवैध बालू खनन करने की जानकारी मिलने के बाद बीते 7 जून को बिहार थाना की पुलिस और खनन विभाग की टीम ने छापेमारी की थी। पुलिस ने इस दौरान पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। जबकि 11 ट्रैक्टर, एक जेसीबी समेत तीन बाइक को मौके से जब्त किया था। छापेमारी की जानकारी मिलते ही बालू माफिया के लोग मौके पर जमा हो गए थे और पुलिस के साथ-साथ खनन विभाग की टीम पर हमला बोल दिया था। किसी तरह से पुलिसकर्मियों और खनन विभाग के अधिकारियों ने वहां से भागकर अपनी जान बचाई थी। छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किए गए लोगों से पूछताछ के बाद पुलिस ने 51 नामजद और कुछ अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। इसी दौरान पुलिस ने नकटपुरा गांव निवासी आरजेडी नेता वीरन यादव को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार वीरन यादव की मां गीता देवी जिला परिषद सदस्य हैं। वीरन यादव आरजेडी से एमएलसी का चुनाव लड़ चुका है। वीरन यादव पर अवैध बालू खनन और फायरिंग करने का आरोप है। गिरफ्तारी के बाद आरजेडी ने वीरन यादव को 6 साल के लिए पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है।

# अवैध खनन और ओवरलोडिंग के खिलाफ बड़ा एक्शन, 30 ट्रक जब्त, 40 लाख का चालान कटा

**केटी न्यूज/पटना**



मुंगेर में अवैध बालू कारोबार के खिलाफ जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूप से विशेष छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान 30 बड़े वाहनों को जब्त किया गया जबकि 40 लाख रुपए का चालान खनन और परिवहन विभाग ने काटा है।

जानकारी के अनुसार, जिले में अवैध बालू और गिट्टी ढुलाई की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद डीएम अवनीश कुमार सिंह ने विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। जिस पर विशेष कार्य पदाधिकारी अभिषेक कुमार, एसडीपीओ सदर राजेश कुमार, एसडीपीओ तारापुर सहित खनन एवं परिवहन विभाग के पदाधिकारियों के नेतृत्व में श्रीकृष्ण सेतु से राष्ट्रीय उच्च पथ 80 पर बालू व गिट्टी ढुलाई में लगे वाहनों को रोक कर बारी-बारी से खनन का चालान और ओवरलोड चेक किया गया। डीएम अवनीश कुमार सिंह खुद भी जांच के दौरान पहुंचे और कई ट्रक और हाइवा के चालान की जांच की। इस दौरान श्रीकृष्ण सेतु से एप्रोच पथ तेलिया तालाब मोड़ तक एवं एनएच-80 पर हेमजापुर तक ट्रक और हाइवा की कतार लग गयी। एक टीम सफियासराय में चालान और वेट को चेक कर रही थी तो दूसरी टीम श्रीकृष्ण सेतु पर वाहनों की जांच कर रही थी। जांच के दौरान 30 वाहनों को जब्त किया गया। जिनके ऊपर 40 लाख रूपया का जुमार्ना तय किया गया है। डीएम ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से अवैध बालू और गिट्टी ढुलाई पर लगाम लगाने को लेकर औचक छापेमारी अभियान चलाया है। जिसमें कई ऐसे वाहनों को भी जब्त किया गया है। गलत नंबर का प्रयोग कर बालू की ढुलाई की जा रही थी। 30 बड़े वाहनों को जब्त कर 40 लाख रुपए का चालान काटा गया है।

## जमुई जिले के खिलाड़ी को बिहार सरकार ने किया सम्मानित

# अंतरराष्ट्रीय कराटे चौंपियनशिप में 6 देशों को हरा भारत के लिए जाबीर ने जीता गोल्ड

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार के जमुई जिले के प्रतिभावान कराटे खिलाड़ी जाबीर को बिहार सरकार की ओर से सम्मानित किया गया है। उन्हें बिहार प्रतिभा सम्मान पुरस्कार मिला है, जिसके बाद से जिलावासियों में खुशी का माहौल है। जाबीर के परिजनों को भी उनपर काफी नाज है। जाबीर ने अंतरराष्ट्रीय कराटे चौंपियनशिप में छह देश को हराकर भारत के लिए गोल्ड जीता है। जाबीर ने पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, भूटान, अफगानिस्तान और नेपाल को हराकर जीत हासिल की है।

जाबीर ने बताया अपने कोच के साथ कड़ी मेहनत कर प्रतियोगिता की तैयारी की थी। इस बीच बस एक ही टारगेट था भारत के लिए गोल्ड लाना है। मिली जानकारी के अनुसार, जाबीर पटना युनिवर्सिटी का छात्र है। उसने अंतरराष्ट्रीय कराटे युनिवर्सिटी चौंपियनशिप की प्रतियोगिता में भाग लेकर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए नेपाल में स्वर्ण पदक जीता है। जमुई के कराटे खिलाड़ी जाबीर ने सात देश की प्रतियोगिता में शामिल होकर भारत के लिए गोल्ड जीता है। जमुई का कराटे खिलाड़ी जाबीर इससे पहले श्रीलंका, थाईलैंड, चीन, तुर्की, एवं इजिप्ट में जाकर देश का प्रतिनिधित्व कर भारत के लिए पदक जीत चुका है। प्रतियोगिता की तैयारी करते हुऐ जाबीर रोजाना अपने कोच राहुल कुमार के साथ 8 घंटे की कड़ी मेहनत करता था। इस अभ्यास के दौरान जबीर अपने प्रक्टिस पर पूरा फोक्स रहता था। वह पहले भी ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी में 188 युनिवर्सिटी को पछाड़कर स्वर्ण पदक विजेता बना था। बता दें कि प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए जाबीर 29 मई को रवाना हुआ था और 31 मई से 1 जून 2024 तक आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में खेलकर स्वर्ण पदक जीता।

### विजय सिन्हा बोले... ना यहां कोई किंग है ना कोई मेकर

**पटना।** पीएम नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के बाद सोमवार को उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा पटना पहुंचे। पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने हैं। जनता का जनादेश उनके पक्ष में था। निश्चित तौर पर विकसित भारत का संकल्प लेकर जो काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है वह काम आगे बढ़ते रहेगा। विजय सिन्हा से जब सवाल किया गया कि नीतीश कुमार किंग मेकर की भूमिका में इस सरकार में है तो उन्होंने कहा कि एनडीए परिवार पूरी तरह से एक जुट है। कोई कहीं से किंग मेकर नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी राष्ट्र की सेवा करने के लिए और जनता के दिए जनादेश का ईमानदारी से विकसित भारत बनाने के सपने को साकार करने में जुटे हैं। सब हम लोग एक साथ हैं और हम लोगों की शुरू से इच्छा रही थी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही बने।



# एक से लागू होंगे 3 नए आपराधिक कानून, बदलाव को जानने के लिए अधिकारी ले रहे प्रशिक्षण

◆ भारतीय न्याय संहिता, नागरिक सुरक्षा संहिता, साक्ष्य अधिनियम के बारे में दी जा रही जानकारी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

एक जुलाई से आईपीसी में तीन नये आपराधिक कानून लागू हो रहे हैं। इसको लेकर पुलिस विभाग द्वारा सभी अनुसंधानकर्ताओं तथा सुपरवाईजिंग पदाधिकारियों का प्रशिक्षण वेब कास्टिंग के जरिए शुरू कर दिया गया है। जिले के पुलिस पदाधिकारियों को तीन बैच में प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण डुमरांव के वीर कुंवर सिंह कृषि कॉलेज में आयोजित हो रहा है। पहले बैच में 125 पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण तीन दिन चलेगा। बता दें कि अब आईपीसी को भारतीय न्याय संहिता ( बीएनएस ) के नाम से जाना जाएगा। इस प्रशिक्षण में पुलिस पदाधिकारियों को एक जुलाई से लागू हो रहे भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी

### डुमरांव के वीर कुंवर सिंह कृषि कॉलेज में आयोजित हो रहा प्रशिक्षण कार्यक्रम



### सीआरपीसी 1973 और इंडियन एविडेंस एक्ट 1872 में हाल ही में हुए हैं संसोधन

बता दें कि जिला पुलिस इंडियन पैनल कोड (सीआरपीसी) 1973 और इंडियन एविडेंस एक्ट 1872 में हाल ही में हुए संशोधनों को एक जुलाई से लागू होना है। लेकिन, पुलिस कर्मचारियों और अधिकारियों को इन नये कानूनों के संबंध में विस्तृत जानकारी नहीं है। उन्हें नये कानूनों के बारे में जानकारी देने के लिए ही वेब कास्टिंग के जरिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### नये कानून को प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए जरूरी है प्रशिक्षण

बता दें कि पुलिस पदाधिकारियों द्वारा ही कांडो का अनुसंधान तथा उसका सुपरविजन किया जाता है। नये कानूनों को प्रभावी बनाने के लिए जरूरी है कि सभी पुलिस पदाधिकारी इन कानूनों की बारिकियों से अवगत हो जाए। जिस कारण उन्हें बारी बारी से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कानूनों को प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए एसपी मनीष कुमार के निर्देश पर पुलिस पदाधिकारी प्रशिक्षण में शामिल हो रहे है। आगामी कुछ दिनों में जिला भर के पुलिस कर्मचारियों और अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें प्रशिक्षण में नए कानूनों के बारे विस्तृत रूप से जानकारी दी जाएगी।

### जस्टिस वर्मा समिति की सिफारिशों के बाद संसोधन

बता दें कि दिल्ली में हुए सामूहिक दुष्कर्म की एक घटना के बाद जस्टिस वर्मा समिति का गठन किया गया था, जिसने आइपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट में संशोधन करने करने के लिए सिफारिशें दी। इसके बार केंद्र सरकार ने कुछ सिफारिशें को सम्मिलित कर लिया। इनमें आइपीसी की धारा 166, 166 ए, धारा 100 में संशोधन, 326 ए, 326 बी, 354 ए, बी, सी, डी, धारा 375, 376, 376 ए, बी, सी, डी और 376 ई आदि धाराएं नई लागू की गई है।

### आम नागरिकों के लिए लगाए जाएंगे बैनर व पोस्टर

भारतीय दंड संहिता, सीआरपीसी और इंडियन एविडेंस एक्ट 1872 में हाल ही में किए गए संशोधनों के बारे पुलिस को जानकारी दी जा रही है। आम नागरिकों को भी इन नये कानूनों और धाराओं की जानकारी हो, इसके लिए जगह जगह बैनर व पोस्टर लगाए जाएंगे।

**– मनीष कुमार, एसपी, बक्सर**

### इन अपराधों की बदली धाराएं व सेक्शन

| अपराध | पहले | अब |
|---|---|---|
| हत्या | धारा-302 | धारा-101 |
| धोखाधड़ी | धारा-420 | धारा-316 |
| भीड़भाड़ हंगामा | धारा-144 | धारा-187 |
| देश के खिलाफ षड्यंत्र | धारा-121 | धारा-145 |
| देश के खिलाफ गतिविधियां | धारा-121ए | धारा-146 |
| मानहानि | धारा-499 व 500 | धारा-354 |
| रेप | धारा-376 | धारा-63 में रेप, 64 में सजा, 70 में गैंगरेप |
| धरना प्रदर्शन या दंगा फसाद | धारा-147, 148 व 149 | नया सेक्शन |
| निषेधाज्ञा के उल्लंघन पर | सेक्शन 188 | नया सेक्शन |
| राजद्रोह | धारा- 124 ए | धारा- 150 |

### इन कानूनों में होंगी इतनी धाराएं

- सीआरपीसी को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता से रिप्लेस किया गया। जिसमें अब 533 धाराएं रहेंगी। 160 धाराओं को बदल दिया गया है। साथ ही, 9 नई धाराएं जोड़ी गई हैं और 9 धाराओं को निरस्त किया गया है।
- आईपीसी को भारतीय न्याय संहिता से रिप्लेस किया गया है। इसमें पहले की 511 धाराओं के स्थान पर अब 356 धाराएं होंगी। 175 धाराओं में बदलाव किया गया है, 8 नई धाराएं जोड़ी गई हैं और 22 धाराओं को निरस्त किया गया है।
- एविडेंस एक्ट को भारतीय साक्ष्य विधेयक से रिप्लेस किया गया। इसमें पहले की 167 के स्थान पर अब 170 धाराएं होंगी, 23 धाराओं में बदलाव किया गया है, 1 नई धारा जोड़ी गई है और 5 धाराएं निरस्त की गई हैं।

## खबरें फटाफट

### रेलवे ट्रैक से राजस्थान के युवक का शव बरामद

**बक्सर।** सोमवार को दानापुर रेल मंडल के डुमरांव व टुड़ीगंज स्टेशन के बीच एक युवक का शव बरामद हुआ है। करीब 37 वर्षीय युवक का शव पोल संख्या 642/02 एवं 642/04 के बीच लावारिस हालत में पड़ा था। अनुमान लगाया जा रहा है कि किसी ट्रेन से गिर युवक की जान चली गई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू की। मृतक के पॉकेट से आधार कार्ड बरामद हुआ। जिसके आधार पर मृतक की पहचान कर उसके परिजनों को सूचित किया गया है। पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम वीरेन्द्र सिंह है तथा वह राजस्थान के भरतपुर जिला के रहने वाले अनूप सिंह का पुत्र है। शिनाख्त के बाद उसके परिजनों को सूचना दे दी गई है और वे वहां से बक्सर के लिए रवाना हो गए हैं। जल्द ही वो बक्सर पहुंचेंगे, जिसके बाद उनको शव सुपुर्द किया जाएगा।

### शराब के नशे में हंगामा करते एक युवक धराया

**डुमरांव।** डुमरांव थाना क्षेत्र के नंदन गांव के सड़क से पुलिस ने नशे की हालत में हंगामा करते एक युवक को पकड़ने में सफलता पायी है। पकड़े गये आरोपी की पहचान नंदन गांव निवासी श्याम बिहारी पाठक के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष अनीषा राणा ने बताया कि पुलिस गश्ती के दौरान सूचना मिली कि आरोपी शराब के नशे में हंगामा करते हुए लोगोंके साथ गाली-गलौज कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और नशे की हालत में आरोपी को पकड़ा। अनुमंडल अस्पताल में आरोपी की मेडिकल जांच करायी गयी, जिसमें डॉक्टरों ने शराब पीने की पुष्टि की है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## 15 दिनों में आपदा संबंधित मामलों का निष्पादन करें एसडीओः डीएम



**केटी न्यूज/बक्सर**

सोमवार को डीएम अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में बाढ़, सुखाड़ एवं आपदा की पूर्व तैयारी की समीक्षा बैठक समाहरणालय परिसर अवस्थित सभाकक्ष में की गई। इस बैठक में डीएम ने बारी बारी से सभी विभागों के तैयारियों की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। वहीं, ब्रह्मपुर प्रखण्ड के अग्निकांड में मृत व्यक्ति के आश्रित को अंचलाधिकारी ब्रह्मपुर के द्वारा अब तक भुगतान नहीं किया गया है।

जिलाधिकारी ने सीओ ब्रह्मपुर को प्राथमिकता के आधार पर ससमय निराकरण करने का निर्देश दिया। बैठक में विभागीय निदेशानुसार पशु क्षति का आंकलन पशुपालन विभाग एवं अंचलाधिकारी से कराया जाना है। पशुपालन विभाग पशु के पोस्टमार्टम के समय ही पशु के टैगिंग से संबंधित प्रमाण पत्र अंकित कर प्रतिवेदन समर्पित किए जाने के का निर्देश दिया गया।

**डुमरांव व नावानगर सीओ से भी पूछा गया स्पष्टीकरण :** एसडीओ बक्सर एवं डुमरांव को प्रत्येक 15 दिनों के अंदर आपदा से संबंधित समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निराकरण करने का निर्देश दिया गया। सीओ डुमरांव को पशु शेड में लंबित भुगतान नहीं करने पर जबकि आपदा की महत्वपूर्ण बैठक में अनधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण सीओ नावानगर से स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया।

**फसल क्षति का भौतिक सत्यापन का दिया निर्देश :** फसल क्षति का आकड़ा पोर्टल पर अत्यधिक प्रवृष्टि होने के कारण डीएम ने इस पर आपत्ति जताते हुए फिर से इसका भौतिक सत्यापन करने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी सीओ एवं बक्सर व डुमरांव के एसडीओ को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए पुनः स्वयं स्थल निरीक्षण करते हुए फसल क्षति का आंकलन करने तथा उसके बाद अद्यतन प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया।

**संभावित बाढ़ से निपटने के लिए सीओ को मिला टॉस्क :** जिलाधिकारी ने सभी सीओ को निर्देश दिया कि अपने अंचल अंतर्गत कितने सरकारी नाव है, इसका भौतिक जांच करते हुए प्रतिवेदन देना सुनिश्चित करेंगे। सभी सीओ अपने क्षेत्रांर्गत सभी नाविकों एवं गोताखोरों के साथ बाढ़ से पूर्व बैठक कर लेना सुनिश्चित करेंगे। ताकि आपदा के समय सम्पर्क स्थापित करते हुए तत्क्षण कार्रवाई किया जा सके। डीएम ने कहा कि इस कार्य में लापरवाही करने वाले सीओ पर कार्रवाई की जाएगी।

### सुबह आठ बजे तक प्रशासन ने नहीं की थी महाजाल व प्रशिक्षित गोताखोरों की व्यवस्था

# 24 घंटे बाद मिला गंगा में डूबे किशोर का शव, ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

◆ एसडीआरएफ की टीम ने खोजा शव, परिजनों के क्रंदन चित्कार से गमगीन हुआ माहौल

◆ रविवार की शाम सात बजे मछली पकड़ने के दौरान नाव से गंगा में गिर गया था किशोर



चौसा में सड़क जाम करते ग्रामीण।



गंगा में शव की तलाश में लगे गोताखोर व एनडीआरएफ की टीम।

**केटी न्यूज/बक्सर**

रविवार की शाम मुफस्सिल थाने के चौसा महादेवा घाट स्थित गंगा नदी में डूबे किशोर का शव 24 घंटे मिला है। शव को बिहटा से आई एसडीआरएफ की टीम ने खोजा है। इसके पहले सुबह आठ बजे तक प्रशासन द्वारा शव की तलाश के लिए न तो महाजाल की व्यवस्था की गई थी और न ही प्रशिक्षित गोताखोरों को बुलाया गया था। जिससे नाराज स्थानीय ग्रामीणों ने चौसा बक्सर मुख्य पथ को जाम कर दिया था। सड़क जाम की सूचना पर पहुंचे बक्सर एसडीओ धीरेन्द्र कुमार मिश्र ने ग्रामीणो को समझा बुझाकर शांत करा जाम हटवाया तथा तुरंत महाजाल की व्यवस्था करवाई।

हालांकि, दोपहर तक महाजाल लगा प्रशिक्षित गोताखोर शव की तलाश करते रहे, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिल सकी थी। इधर प्रशासन द्वारा एसडीआएफ से मदद मांगी गई। जिसके बाद दोपहर करीब दो बजे बिहटा से एसडीआरएफ की टीम चौसा पहुंची तथा शव की तलाश का प्रयास शुरू कर दी। शाम करीब सात बजे एसडीआरएफ टीम को सफलता मिली तथा गंगा में डूबे शव को बाहर निकाला गया।

**शव से लिपट विलाप करने लगे परिजन :** गंगा से शव बाहर आते ही मृतक के परिजन शव से लिपट विलाप करने लगे। परिजनों के क्रंदन चित्कार से गंगा घाट का माहौल गमगीन हो गया। वही, मौके पर सैकड़ो ग्रामीणों की भीड़ भी उमड़ी थी। बाद में पुलिस ने परिजनों को किसी तरह समझाकर शांत कराया तथा शव को कब्जे में ले पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा। मुफस्सिल थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि शव बरामद कर लिया गया है तथा पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

### डीएम ने लिया संज्ञान, सीओ को शोकॉज

**बक्सर।** चौसा महादेवा घाट पर किशोर के डूबने के बाद स्थानीय सीओ आरती कुमारी द्वारा तत्काल एनडीआरएफ या एसडीआरफ को सूचना नहीं देने तथा लापरवाही बरतने पर जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने संज्ञान लिया है।

उन्होंने चौसा सीओ से इस मामले में स्पष्टीकरण पूछा है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी अंचलाधिकारी अपने अंचल अंतर्गत कितने सरकारी नाव है, इसका भौतिक जांच करते हुए प्रतिवेदन देना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही, सभी अंचलाधिकारी अपने क्षेत्रांर्गत सभी नाविकों एवं गोताखोरों के साथ बाढ़ से पूर्व बैठक कर लेना सुनिश्चित करेंगे। ताकि आपदा के समय सम्पर्क स्थापित करते हुए तत्क्षण कार्रवाई की जा सके।

**मछली पकड़ने के दौरान नाव से असंतुलित हो गिर गया था किशोर :** बता दें कि रविवार की शाम चौसा महादेवा घाट पर मछली पकड़ने गए चौसा मल्लाह टोली निवासी बबन चौधरी का पुत्र अमित कुमार नौका से गिरकर गंगा में डूब गया। उसके साथ नाव में मौजूद नाविकों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। जिसके बाद स्थानीय स्तर पर देर रात तक खोज की गई। जबकि, सोमवार की सुबह भी स्थानीय लोगों द्वारा डूबे किशोर का पता लगाया जाता रहा। लेकिन लोगों की हर कोशिश नकाम हो गई थी। इस खोजबीन में प्रशासन द्वारा कोई मदद नहीं की गई थी। चौसा सीओ आरती कुमारी का भी कोई अता-पता नहीं था, सिर्फ मुफस्सिल थाना प्रभारी चन्दन झा पहुंचे थे। लेकिन, वे भी उन्ही स्थानीय गोताखोरों के भरोसे रहे। जिससे ग्रामीण आक्रोशित हो चौसा बक्सर मार्ग को जाम कर दिए थे। जिसके बाद मुफस्सिल पुलिस द्वारा जाल की व्यवस्था कराने में जुट गई। तब तक दोपहर दस बजे सड़क जाम जारी रहा।

### पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिया जाएगा

चौसा के महादेव घाट पर मछली पकड़ने के दौरान किशोर की डूबने से मौत हुई है। इसकी जानकारी मिलते ही एसडीआरएफ को सूचना दी गई। एसडीआरएफ टीम द्वारा शव को नदी से निकाला गया है। पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिया जाएगा, इसके लिए स्थानीय सीओ को बोला गया है।

**– धीरेन्द्र कुमार मिश्र, एसडीओ, बक्सर**

## दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता के साथ मारपीट, नामजद प्राथमिकी दर्ज

**केटी न्यूज/नावानगर**

बासुदेवा ओपी के कुकुरभूका गांव में दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर एक विवाहिता के साथ ससुराल वालों द्वारा मारपीट एवं प्रताड़ित करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें पीड़िता रीता कुमारी ने ससुराल वालों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया है।

पीड़िता ने शिकायत पत्र में बताया है कि शादी के समय ससुराल वाले दहेज में मांग की गई रकम एवं बाइक नही मिलने का हवाला देकर हमारे ससुर बैजनाथ सिंह, सास कमला देवी, देवर मुरारी कुमार एवं ननद प्रीति कुमारी अक्सर उसके साथ मारपीट करते रहते हैं। हाल ही में नामजद लोगों द्वारा उसका हाथ जलते चूल्हा में डाल दिया गया था। जिससे उसकी हाथ झुलस गई। जख्मी हालत में उसका इलाज सीएचसी नावानगर में कराया गया। उसकी शादी 24 नवंबर 2017 को कुकुरभूका गांव निवासी बैजनाथ सिंह के बेटे श्रवण कुमार के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ ससुराल वाले मारपीट करते थे। इस संबंध में बासुदेवा ओपी प्रभारी चुनमुन कुमारी ने बताया कि पीड़िता से प्राप्त आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कर दोषी पर कार्रवाई की जाएगी।

### कर्मियों को खाता की त्रुटि सुधारने का निर्देश

**बक्सर।** निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त किये गये वैसे कर्मी जिनके द्वारा दिए गए बैंक खातों में त्रुटि होने के कारण उनके संबंधित बैंक खातों में राशि का हस्तांतरण नहीं किया गया है, डीएम ने तत्काल वैसे कर्मियों के खातों के त्रुटि निराकरण का निर्देश दिया है। बताया गया है कि वैसे कर्मी जिनका बैंक खाता एवं अन्य कोई भी त्रुटि हो, वे मंगलवार की सुबह 10:30 बजे से निर्वाचन कार्यालय या स्थापना कार्यालय में आकर अपने बैंक से संबंधित त्रुटि का निराकरण कराना सुनिश्चित करेंगे।

## पेयजल एवं बिजली समस्या के समाधान के लिए जिला प्रशासन ने जारी किए नंबर

**केटी न्यूज/बक्सर**

भीषण गर्मी के मौसम में सबसे अधिक परेशानी पेयजल व बिजली आपूर्ति को लेकर हो रही है। जिले के अधिकांश चापाकल खराब हो चुके है, जबकि बिजली आपूर्ति भी काफी लचर है। जिस कारण आम लोगों को इस भीषण मौसम में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की शिकायत पर जिला प्रशासन ने इसे अपने संज्ञान में लिया है तथा पेयजल व बिजली आपूर्ति की शिकायत के लिए नियंत्रण कक्ष के गठन के साथ ही उनके नंबर भी जारी किए है। जिनपर फोन कर लोग अपनी समस्या का समाधान करा सकते है।

पेयजल समस्या के समाधान के लिए लोक स्वास्थ्य प्रमंडल बक्सर के नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 06183-295053 है। जबकि निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति एवं उपभोक्ताओं के विद्युत संबंधी समस्याओं के त्वरित कार्रवाई के लिए विद्युत आपूर्ति प्रमंडल बक्सर का मोबाइल नंबर 7033095837 है। वही जिला स्तर पर आपदा संबंधी मामलों के निराकरण के लिए कंट्रोल नंबर 06183-223331 है। डीएम अंशुल अग्रवाल ने बताया है कि इन नंबरों पर फोन कर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

### डुमरांव प्रखंड स्थित अरैला में प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा, उमड़े सैकड़ों श्रद्धालु

# मंत्रोच्चार के साथ श्रीराम दरबार प्राण प्रतिष्ठा पांच दिवसीय महायज्ञ शुरू

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव के अरैला गांव में श्रीराम दरबार प्राण प्रतिष्ठा पांच दिवसीय महायज्ञ व श्रीराम कथा को लेकर सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा शुरू होने से पहले महायज्ञ के मुख्य आचार्य महंत दीपक तिवारी जी महाराज व आचार्य आदित्य तिवारी जी महाराज ने मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं का विधिवत पूजन कराया।



कलश यात्रा में हाथी, घोड़े व गाजे बाजे के साथ स्थानीय ग्रामीणों के साथ आसपास के गांव के सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भाग लिया। गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई, जो देखते ही बन रही थी। इस दौरान युवाओं द्वारा लगाए जा रहे प्रभु श्रीराम के जयकारे एवं महिला श्रद्धालुओं के भक्ति गीत से वातावरण गूंज उठा। यज्ञ मंडप के परिक्रमा के पश्चात कलश लेकर श्रद्धालु गांव के पवित्र तालाब पर पहुंचे जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गंगा पूजन कर जल भरी किया। इसके बाद माथे पर कलश लेकर यज्ञ स्थल पहुंच कर कलश स्थापित किया तथा गांव के चारों तरफ परिक्रमा कर यज्ञ स्थल पर पहुंचे। भीषण गर्मी होने के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह देखते बन रही थी। सोमवार की शाम से श्रीराम कथा का आयोजन होगा। मंगलवार को अरणि मंथन व पंचांग पूजन के साथ ही महायज्ञ विधिवत शुरू हो जाएगा।

महंत दीपक तिवारी जी महाराज ने बताया कि उत्तर प्रदेश के प्रयागराज की कथावाचिका विदुषी अंजनी गोस्वामी जी द्वारा श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का प्रवचन करेगी। इसके अलावे आचार्य आदित्य तिवारी जी महाराज, आचार्य अंकित ओझा, आचार्य अखिलेश उपाध्याय, आचार्य अभिषेक तिवारी, आचार्य निरंजन शुक्ला सहित कई साधु-संतों की टोली इस महायज्ञ में शामिल हुए है। 10 जून से शुरू होने वाले इस महायज्ञ का समापन 14 जून को होगा। उस दिन विशाल भंडारे का भी आयोजन होगा। इस महाया के आयोजन से इलाके में भक्तिरश की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है। कलश यात्रा में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। बड़ी संख्या में ग्रामीण इस कलश यात्रा में शामिल हुए थे। कलश यात्रा के दौरान पिंटू राय, जयप्रकाश राय, लालू राय, अमित कुमार, श्रीदेव राय बब्लू राय, पंकज राय, रवि राय, अरविंद राय सहित अन्य शामिल थे।

## सुरौंधा में अगलगी में मवेशियों की हुई मौत, पशु पालक मायूश

**केटी न्यूज/बक्सर**

तल्ख गर्मी के बीच प्रखंड के कुकुढ़ा पंचायत के सुरौंध गांव के एक झोपड़ीनुमा घर में अचानक आग लग गई। जिसकी चपेट में आने से तकरीबन आधा दर्जन मवेशी झुलस गए। जिनमें से कुछ पशुओं की मौत हो गई। यह घटना सुरौधा निवासी रमाशंकर यादव उर्फ लल्लू सिंह के घर में घटी।

बताया जाता है कि घर में मवेशियों को बांधा गया था। इसी बीच घर में आग लग गई और झोपड़ी धू-धूकर जलने लगी। शोर शराबा सुन ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। इसी बीच फायर ब्रिगेड की टीम भी पहुंच गई। हालांकि इससे पहले कई पशुओं की जान चली गई थी।

इस संबंध में थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने बताया कि अग्नि पीड़ित किसान की शिकायत पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। वही घटना के बाद से पशु पालक के परिवार में मायूशी छाई है। हालांकि बढ़ती गर्मी व चिलचिलाती धूप के कारण जिले में अगलगी की घटनाएं हो रही है। जिससे बचाव के लिए लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।

# मनरेगा कार्यालय में मजदूरों ने की तालाबंदी, मजदूरी देने के लिए लगाए नारे

- तालाबंदी के कारण पूरे ठप रहा मनरेगा कार्यालय का काम
- मजदूरों ने लगाया आरोप- कई बार कार्यालय का चक्कर काटने के बाद भी नहीं किया गया भुगतान

**केटी न्यूज/काराकाट**



काराकाट प्रखंड मुख्यालय के मनरेगा कार्यालय में मनरेगा मजदूरों ने सोमवार को ताला बंद कर मजदूरी भुगतान करने की मांग किया। मजदूरों ने मनरेगा कार्यालय का मुख्य दरवाजा पर ताला लगा कर उस पर बैनर टांग दिया। ग्रामीण मजदूर यूनियन बिहार के बैनर तले ताला बंदी की गई। मनरेगा कार्यालय में तालाबंदी से पूरा दिन कार्य ठप रहा। मनरेगा मजदूरों ने बताया कि सकला निवासी सुदामा साह का बीस दिन का तथा योगेंद्र चौधरी का सोलह दिन का मनरेगा से कार्य किया था जिसका भुगतान नहीं किया गया। कई बार कार्यालय का चक्कर काटा लेकिन मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया। सकला बाजार के सोलह मजदूरों, गम्हरियां पंचायत के बेलवाई के मजदूरों ने मनरेगा के तहत मजदूरी कराया गया था लेकिन कार्य की मजदूरी नहीं दी गई। जिसके बाद मनरेगा कार्यालय में मजदूरों ने तालाबंदी कर मजदूरी का भुगतान करने की मांग किया।

**पंचायत रोजगार सेवक को मजदूरी की रिपोर्ट तैयार करने का दिया गया है निर्देश :** कार्यक्रम पदाधिकारी काराकाट राजेश कुमार ने बताया कि मजदूरी भुगतान जल्द किया जाएगा। पंचायत रोजगार सेवक को मजदूरों के मजदूरी की रिपोर्ट तैयार करने को कहा गया है। मनरेगा के तहत जैसे ही राशि आ जाएगी तो मजदूरों के मजदूरी का भुगतान कर दिया जाएगा। कार्यालय में तालाबंदी के सवाल पर बताया कि ये गलत बात है। तालाबंदी से मजदूरी का भुगतान नहीं होगा जब तक मजदूरी कि रिपोर्ट व राशि उपलब्ध नहीं होगी तो मजदूरी का भुगतान कैसे किया जाएगा। ग्रामीण मजदूर यूनियन बिहार ने मनरेगा कार्यालय में तालाबंदी कर कानून के खिलाफ कार्य किया गया है। जो कार्य बातचीत से हल किया जा सकता है उसे तालाबंदी से नहीं किया जा सकता। मजदूर मनरेगा से कार्य किये है तो उसकी मजदूरी मिलेगी मनरेगा कार्यालय के अधिकारी व कर्मी मजदूरों के मजदूरी पर क्यों रोक लगाएंगे। मनरेगा की राशि उपलब्ध होते ही मजदूरों को मजदूरी का भुगतान कर दिया जाएगा ।

## एक नजर

### छरियारी आहर की उड़ाही की मांग को लेकर संगठन के सदस्यों ने किया धरना प्रदर्शन



**जहानाबाद।** किसान संघर्ष समिती ने बैठक कर प्रेस रिलीज जारी कर कहा है कि छरियारी आहार की उड़ाही अंचलाधिकारी ने जानबूझकर रोक लगा रखी है। जिससे हजारों किसान परिवार चिंतत है। किसान लगातार पदाधिकारी पर उड़ाही कराने के लिए कह रहे है। जिलाधिकारी को भी कहा गया है। लेकिन अंचलाधिकारी अपनी मनमानी से बाज नहीं आ रहे है। किसानों ने निर्णय लिया है कि अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन छरियारी आहर पर रखा जायेगा। जब तक आहर की उड़ाही शुरू नहीं की जाएगी, तब तक संघर्ष को जारी रखा जायेगा। जहां पर छरियारी पईन की भी उड़ाही करानी है, वहां भी लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। छरियारी पुल और जई विगहा पूल का मामला जिलापदाधिकारी ठंडे बस्ते में रख दिया है। बता दें कि इस आहार से लगभग 1000 से अधिक एकड़ जमीन की सिंचाई होती है। हजारों परिवार का जीवका उपार्जन का साधन है। किसान संघर्ष समिती के कार्यकर्ता 2020 से लगातार संघर्ष कर मांग कर रहे है कि आहार को अतिक्रमण मुक्त कर उड़ाही जल्द की जाए, लेकिन इन पदाधिकारियों को कान में जूं तक नहीं रेंग रहा। लघु सिंचाई विभाग से जब काम करवाया जा रहा था, तो गांव के कुछ लोगों ने काम को रुकवा दिया है। किसान के नेता जब अंचलाधिकारी से सम्पर्क कर आहार अतिक्रमण मुक्त करने की गुहार लगाई तो, लाइन ऑडर का बहाना बताते है। जिलाधिकारी को भी इस मामले से अवगत करवा दिया गया है। अब जल्द काम नहीं हुआ तो, मानसून आ जायेगा। जल्द काम नहीं लगा तो अंचल कार्यालय का घेराव भी किया जायेगा।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल में राजपूत समाज को जगह नहीं मिलने पर नाराजगी : वीरेंद्र कुमार सिंह

**जहानाबाद।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश समन्वयक डॉ. वीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि बिहार प्रदेश में एनडीए से पांच राजपूत समाज के सांसद चुने गए हैं, लेकिन केंद्रीय मंत्रिमंडल में समाज से एक भी संसद को मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिला। समाज में बहुत नाराजगी है। बिहार प्रदेश में राजपूत समाज एनडीए के पक्ष में वोट किया। सिर्फ लोकसभा काराकाट उदाहरण है जहां राजपूत समाज निर्दलीय पवन सिंह को वोट किया। महासभा के प्रदेश प्रवक्ता संजय कुमार सिंह ने कहा कि प्रदेश के 39 लोकसभा क्षेत्र में राजपूत समाज हंड्रेड प्रतिशत एनडीए के पक्ष में वोट किया। राजपूत समाज आने वाले 2025 बिहार विधानसभा के चुनाव में अपना औकात बताएगी। राजपूत समाज को केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त करने वालों में संजय कुमार सिंह, सत्येंद्र सिंह, भीम सिंह, देव आनंद सिंह, कुंदन, विमल, संजीव सिंह, गोपाल सिंह, मुकेश सिंह, संतोष सिंह, रवि राजपूत, अमन सिंह, रोहित सिंह, धनंजय सिंह आदि शामिल है।

### राज्य में हीट वेव बने रहने के कारण शैक्षणिक कार्य स्थगित करे शिक्षा विभाग : संघ

**जहानाबाद।** बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ गोपगुट के मूल शिक्षक नेताओं ने प्रेस रिलीज जारी करते हुए कहा है कि भारत मौसम विज्ञान विभाग केंद्र अनिसाबाद पटना के अनुसार राज्य में प्रचंड गर्मी,लू, हीट वेव बने रहने की सूचना दी गयी है। जिसके कारण राज्य में बच्चों के स्वास्थ्य को देखते हुए एतियात व सावधानी बरतने का निर्देश दिया गया। जिला सचिव सत्येंद्र कुमार ने कहा कि राज्य में भीषण गर्मी, प्रचंड लू एवं हीट वेव होने के कारण संघ को यह सूचना प्राप्त हो रही है कि जिले के विभिन्न विद्यालयों जैसे उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोनवां, म. वि. हाजीपुर सहित अन्य विद्यालय में इस गर्मी के कारण बच्चे एवं शिक्षक को विद्यालय में तबीयत बिगड़ने, बच्चों के बेहोश होने की सूचना प्राप्त हो रही है। जिले में बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर होने के कारण जिला शिक्षा पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त एवं जिला पदाधिकारी जहानाबाद से संघ मांग करती है कि बच्चों के स्वास्थ को देखते हुए शैक्षणिक कार्यक्रम स्थगित करने की मांग करती है।

## खबरें फटाफट

### विपक्ष की कौरवी चाल हुई धराशाई

**बिक्रमगंज।** मोदी ने बनाई अपनी कैबिनेट दर्पण जैसा कोई कुछ भी देखना चाहें भारत की विविधता की एक झलक मिलती है। काराकाट लोकसभा संयोजक नवीन चंद्र शाह ने आधुनिक भारत में जो जैसी देश की सेवा की है। वैसे ही गरीमामयी पदों से नवाजा है। मंत्रीमंडल पर चुनाव का असर तों लाजमी है। देश के सभी राज्यों को राजनीतिक दृष्टि से तरजीह दी है। विपक्षी दल को भी टीका टिप्पणी करने का अवसर नहीं दिया है। मंत्रीमंडल के माध्यम से भारत के भविष्य का रूप रेखा खींच दिया है। गठबंधन धर्म का पालन करने में भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ी गई है। मोदी अपने नीति और मंत्र पर अडिग है। विपक्ष की कौरवी चाल भी धराशाई हो गई।

### लू चलने से घर से निकलना हुआ मुश्किल

**संझौली।** भीषण गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। दोपहर से लेकर शाम तक लू चलने से सड़कों पर निकलना मुश्किल हो गया है। धूप और लू के थपेड़ों से बचने के लिए लोगों को मुंह पर कपड़ा बांधना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी महिलाएं व छोटे-छोटे बच्चों की परेशानी हो रही है। कई बच्चे बीमार पड़ जा रहा है। अधिकतम तापमान करीब 44 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री के करीब रहा है। गर्मी धीरे-धीरे चरम पर पहुंचने लगी है। हर दिन तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। पहले अधिकतम तापमान में बढ़ रहा था। अब अब न्यूनतम तापमान भी बढ़ने लगा है। इससे रात में भी लोगों को सुकून नहीं मिल पा रहा है। सुबह से लेकर रात तक भीषण गर्मी ने लोगों को परेशान कर दिया है।

## नवादा थाना क्षेत्र के बहिरो गैस गोदाम के समीप मिला शव, परिजनों ने दोस्तों पर लगाया गया आरोप

# दोस्तों के साथ यज्ञ देखने गये छात्र की गोली मारकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/आरा**

रविवार की रात शहर में दोस्तों के साथ यज्ञ देखने गये एक छात्र की गोली मार कर हत्या कर दी गई। गोली उसके सर में पीछे से मारे जाने की बात कही जा रही है। उसका शव सोमवार की सुबह नवादा थाना क्षेत्र के बहिरो गांव स्थित गैस गोदाम के पास बरामद किया गया। मृत छात्र बहिरो गांव निवासी बुधन पासवान का 18 वर्षीय पुत्र साहिल कुमार उर्फ भोला था। बताया जा रहा है कि वह बालू के धंधे से जुड़ा था और चालान का काम करता था। हालांकि हत्या का कारण फिलहाल पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सका है। इधर, पुलिस की शुरूआती जांच में दोस्तों के साथ आपसी विवाद में हत्या करने की बात सामने आ रही है। छात्र के परिजनों की ओर से भी यज्ञ देखने गये दोस्तों पर ही हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है।

बहरहाल पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद हत्या के कारणों की छानबीन में जुटी है। बुधन पासवान ने बताया कि रविवार की रात उनका पुत्र भोला उर्फ साहिल रात करीब आठ बजे गांव के ही तीन-चार लड़कों के साथ यज्ञ देखने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गोठहुला गांव गया था। देर रात तक वह घर नहीं लौटा, तो खोजबीन की। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। इसी बीच सोमवार की सुबह सूचना मिली कि उसका शव गांव स्थित गैस गोदाम के पास पड़ा है। उस पर वह फौरन वहां पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि वह उनके बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष कमल जीत और एडिशनल एसएचओ थानाध्यक्ष सुबोध कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे। अफसरों ने अपने स्तर से मामले की छानबीन की। थानाध्यक्ष के अनुसार साहिल कुमार उर्फ भोला गांव के ही कुछ लड़कों के साथ यज्ञ में मेला देखने गया था। शुरूआती जांच में पता चल रहा है कि वहां सभी ने कुछ खाया-पिया। उसी क्रम में उनके बीच कुछ विवाद हुआ और उसकी गोली मार हत्या की गई है। सभी लड़के अभी फरार है। पुलिस उनकी गिरफ्तारी को लेकर लगातार छापेमारी कर रही। वैसे दो तीन अन्य एंगल से भी पुलिस जांच कर रही है।



- रविवार की शाम 8 बजे घर से निकला था छात्र
- हत्या के कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं
- पुलिस की शुरूआती जांच में आपसी विवाद में हत्या करने की बात आ रही सामने

### पूरी रात भोला का इंतेजार करते रहे परिजन

बहिरो गांव निवासी बुधन पासवान ने बताया कि रात दस बजे उससे मोबाइल पर बात हुई थी। तब उसने एक घंटे के बाद घर आने की बात कही थी। उसके बाद उससे बात नहीं हुई। इधर, देर रात तक वह घर नहीं पहुंचा, तो खोजबीन शुरू की गयी। इसी बीच सोमवार की सुबह हत्या कर फेंका शव शव बरामद किया गया। इधर, रात में खाने के लिए बेटे का इंतजार कर रहे परिजनों को भोला का शव मिलते ही घर में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि छात्र साहिल उर्फ भोला दो भाई और पांच बहनों में छोटा था। उसके परिवार में मां हेवांती देवी, बहन नीतू देवी,प्रियंका देवी,प्रीति देवी, खुशबू देवी,नंदनी देवी और भाई करण कुमार है। उसके पिता बहारो लख पर सब्जी बेचते है। घटना के बाद छात्र के घर में कोहराम मच गया है। मां सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## अनियंत्रित बस की चपेट में आने से बाइक सवार किशोर की मौत



**आरा।** आरा-अरवल मार्ग पर पवना बाजार स्थित दुर्गा मंदिर के समीप सोमवार की सुबह अनियंत्रित बस में बाइक सवार एक छात्र को रौंद दिया। हादसे में गंभीर रूप से जख्मी छात्र की इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान मौत हो गई। मृत छात्र पवना थाना क्षेत्र के रुदलपुर गांव अशोक कुमार सिंह का 17 वर्षीय पुत्र रजनीश कुमार उर्फ विशाल कुमार था। वह इंटर का छात्र था। हादसे के बाद चालक बस छोड़ फरार हो गया। मौके पर पहुंची पवना थाने की पुलिस द्वारा बस को जब्त कर लिया गया है। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

इधर, छात्र के रिश्ते के दादा मुनी सिंह ने बताया कि रजनीश सोमवार की सुबह बाइक पर से बाजार करने के लिए पवना जा रहा था। तभी पवना बाजार स्थित दुर्गा मंदिर के समीप तेज रफ्तार एक यात्री बस ने उसे रौंद दिया। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय थाने की पुलिस द्वारा उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। बताया जा रहा है कि छात्र दो भाई और चार बहन में तीसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां सीता सुंदरी देवी, बहन निशा कुमारी, गुड़िया कुमारी, नेहा कुमारी, सबिता कुमारी और भाई गोलू है। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है।

## मजदूरी करने गए युवक की लू लगने से मौत

**आरा।** संदेश थाना क्षेत्र के तीर्थकॉल गांव में सोमवार की सुबह काम करने गये एक युवक की मौत हो गयी। उसे लू-लगने की बात कही जा रही है। मृत युवक तीर्थकॉल गांव निवासी रामधारी यादव का 28 वर्षीय पुत्र विकाश कुमार उर्फ मुखिया था। रामधारी यादव ने बताया कि सोमवार की सुबह वह गांव में काम करने गया था। तभी उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गया। उसके बाद साथ काम कर रहे अन्य लोगों द्वारा उसे घर लाया गया। तब तक उसकी मौत हो गई है। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। रामधारी यादव द्वारा लू-लगने के कारण अपने बेटे की मौत होने की बात कही जा रही है। हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा।

## अभिनव कला संगम के दो सदस्यों के परिजनों का निधन, दी गई श्रद्धांजलि

**केटी न्यूज/डेहरी**



चर्चित साहित्यिक, संस्कृतिक व नाट्य संस्था अभिनव कला संगम के दो सदस्यों के परिजनों के निधन पर सोमवार की रात श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सदस्यों ने संस्था के सदस्य संतोष कुमार की मां स्व. मीना देवी एवं सदस्य मुकेश कुमार की भाभी स्व. मंजू देवी को श्रद्धांजलि दी गई। सदस्यों ने निधन उपरांत दोनों के तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी।

संस्था सदस्यों ने कहा कि दोनों पुण्य आत्माओं के निधन से समाज को क्षति पहुंची है, तथा संस्था के सदस्य इससे मर्माहत है। अभिनव कला संगम सदैव अपने सदस्यों व सदस्यों के परिजनों के प्रति चिंतित रहता है। बारी-बारी से सभी सदस्यों ने मृत के आत्मा की शांति के लिए तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित किया। श्रद्धांजलि देने वालों में संस्था सदस्य नंदन कुमार, विनय मिश्रा, कौशलेंद्र कुशवाहा, प्रेम प्रकाश, रवि तिवारी, मुकेश कुमार, विजय चौरसिया, सद्दाब सिद्दीकी समेत अन्य उपस्थित थे।

## काराकाट के अनिश कुमार बने सेना में लेफ्टिनेंट

**केटी न्यूज/काराकाट**



काराकाट प्रखंड के कुशी गांव निवासी अनिश कुमार भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बन प्रखंड सहित जिले का नाम रौशन किया । देहरादून के चेसवुड में आयोजित पासिंग आउट परेड में उन्हें लेफ्टिनेंट का ताज पहनाया गया। अनिश के माता और पिता ने जब उनके कंधे पर स्टार लगाया तो खुशी के मारे उनके आंख से आंसू छलक गए। अनिश कुमार के माता इंदु देवी और पिता मृत्युंजय सिंह ने बताया कि अनिश स्कूल के दिनों से ही मेधावी छात्र था और देश की सेवा करने का जज्बा उसमें कूट-कूट कर भरा था।

उधर, लेफ्टिनेंट बनने के बाद उसके पैतृक गांव कुशी में खुशी का माहौल है। परिजनों ने गांव में मिठाई बांट कर एक दूसरे को बधाई दी। 22 वर्षीय अनीश कुमार शुरू से ही पढ़ाई में अव्वल रहा है। अनीश के पिता मृत्युंजय कुमार काराकाट प्रखंड के कुशी गांव के एक छोटे किसान है। पिता ने बताया कि अनीश कुमार 5 वर्ष से प्रारंभिक पढ़ाई आवासीय बाल विद्या निकेतन जगदीशपुर से शुरू किया। उसके बाद आगे वर्ग 6 से 12वीं की पढ़ाई सैनिक स्कूल तिलैया में किया। जिसमें वह पूरे विद्यालय में 2ल्ला टॉपर रहा। लेफ्टिनेंट अनीश की कहानी तब बदली जब उन्होंने 2020 कि एनडीए परीक्षा को पहली बार में निकाला जिसमें उनका पूरे भारत में 24 वे रैंक प्राप्त किया । अनीश के परिवार में माता-पिता और दो बहन और दो भाई हैं।




## सासाराम में पेयजल की समस्या को लेकर मेयर ने नगर आयुक्त को ठहराया जिम्मेवार, कहा-

# आयुक्त की मनमानी के कारण उत्पन्न हुआ पेयजल संकट

**केटी न्यूज/सासाराम**



जिला मुख्यालय स्थित सासाराम में पेयजल की समस्या को लेकर मेयर ने नगर आयुक्त येतेंद्र पाल को दोषी ठहराया है। मेयर काजल कुमार ने बताया कि नगर निगम, सासाराम क्षेत्र में पेयजल रौशनी तथा साफ सफाई आदि व्यवस्था को नगर आयुक्त ने लूटेरे गैंग के हवाले कर दिया है। जिससे नगर निगम सासाराम के जनता की कमाई नगर आयुक्त येतेंद्र पाल के सांठगांठ से लूटेरे गैंग लूटने में मशगूल हैं।

मेयर ने बताया कि गर्मी में पानी की समस्या नहीं हो इसके लेकर पिछले माह बैठक में उन्हें याद दिलाया गया। लेकिन नगर आयुक्त की मनमानी से फिर पानी की किल्लत विकराल समस्या आ पड़ी है, जिससे लोगों की मुश्किलें बढ़ गई है। मेयर काजल कुमार ने कहा जनता के पैसे लूटने वाले को न्यायालय तक घसीट तक ले जाउंगी। नगर आयुक्त ने जिन लूटेरों से सांठगांठ करके सासाराम के बिकास पर ब्रेक लगाने की कोशिश किया है वह पहले से निगरानी के चार्जशीटेड है। और नगर आयुक्त को भी भ्रष्टाचार में डूबने की कोशिश में जुटे हुए हैं। मेयर काजल कुमारी ने बताई कि पानी की समस्या शहर के लिए विकराल हो गयी है, हाहाकार मचा हुआ है इसके लिए केवल नगर आयुक्त यतेन्द्र कुमार पाल जिम्मेवार है। 16 माह पूर्व नगर निगम बोर्ड की बैठक में पुरे शहर में पेयजलापूर्ति की समस्या से निजात दिलाने हेतु इस महत्वपूर्ण विषय पर निर्णय लिया गया है। साथ ही सशक्त स्थायी समिति की बैठकों में भी नगर आयुक्त को बार-बार निदेशित किया गया, परन्तु नगर आयुक्त के मनमानेपन एवं निष्क्रियता के कारण आज शहर में पेयजल की घोर संकट ब्याप्त है, जिसके कारण जनता में त्राहिमाम मचा हुआ। नगर आयुक्त को शहर की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है बस लुटेरों की गैंग के साथ मिलकर शहर के विकास, लोगों को मुहैया कराये जाने वाली सुविधायें जैसे फूट ओभर ब्रीज, पार्क निर्माण, नली-गली संबंधित योजनायें, गलियों एवं चौक-चौराहों पर लाइट की व्यवस्था जैसे योजनाओं को अधर में डाल दिया गया है। जिसके कारण जनता को मुलभूत सुविधा से वंचित होना पड़ रहा है। नगर आयुक्त द्वारा लुटेरों के गैंग के साथ मिलीभगत कर विकास कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहें है।

# गाजीपुर : मुख्तार के करीबी अंगद व गोरा को एससी-एसटी एक्ट में पांच-पांच साल की सजा

- एससी-एसटी कोर्ट ने दस हजार रुपये के अर्थदंड से किया दंडित

**केटी न्यूज / गाजीपुर**

पूर्वांचल के बाहुबली स्व. मुख्तार अंसारी के करीबी अंगद राय एवं गोरा राय को एससी-एसटी कोर्ट ने सोमवार को पांच -पांच साल की सजा सुनाई। साथ ही दस हजार के अर्थदंड से भी दंडित किया है। अंगद राय बिहार के भभुआ जेल में बंद था। जबकि गोरा राय को आरोप सिद्ध होने के बाद न्यायिक कस्टडी में ले लिया गया। बता दें कि अंगद राय और गोरा राय पर गाजीपुर की जेल में रहने के दौरान कैदी जितेंद्र राम को मारने पीटने का और जातिसूचक शब्दों के इस्तेमाल का आरोप था। मारपीट में जितेंद्र का हाथ भी टूट गया था। उस समय अंगद और गोरा जिला जेल के बैरक नंबर 10 में बंद थे, जहां कभी मुख्तार अंसारी को रखा जाता था। जितेंद्र राम इस बैरक में झाड़ू लगाया करता था। एक दिन जितेंद्र राम ने झाड़ू नहीं लगाया, तो अंगद और गोरा को इतना बुरा लगा कि उन्होंने जितेंद्र की बुरी तरह से पिटाई कर दी और जातिसूचक गालियां भी दी। घटना का गवाह जेल में बंद एक अन्य कैदी पप्पू गिरी था। पप्पू गिरी पर भी इन दोनों ने गवाही न देने का दबाव बनाया और गवाही



देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। बाद में पप्पू गिरी ने भी इस मामले में सदर कोतवाली में अलग मुकदमा दर्ज कराया था।सोमवार को एससी/एसटी कोर्ट ने अंगद और गोरा राय को 5-5 साल की सजा सुनाई है। साथ ही 10-10 हजार के अर्थदंड से भी दंडित किया। शासकीय अधिवक्ता प्रदीप चतुर्वेदी ने बताया कि एससी-एसटी न्यायाधीश शक्ति सिंह की अदालत में ये मामला विचाराधीन था। अभियुक्त अंगद राय और गोरा राय जब जिला जेल में बंद थे, उसी दौरान 22 अप्रैल 2009 को उन्होंने वादी जितेंद्र राम के साथ मारपीट की थी। ये लोग बैरक नंबर दस में रहते थे और उसकी सफाई को लेकर इन्होंने जितेंद्र के साथ मारपीट की थी। सात जून को जब इसके ऊपर कोर्ट में आरोप सिद्ध हो गया। दोनों को गाजीपुर जिला जेल भेजा जा रहा है।

## हत्या के दोषी को आजीवन कारावास की कोर्ट ने सुनाई सजा

**चंदौली।** विशेष अधिवक्ता पॉक्सो अनुराग शर्मा की अदालत ने सोमवार को एक युवती की हत्या के मामले की सुनवाई की है। जिसमें न्यायालय ने बलुआ थाना क्षेत्र के हुदहुदीपुर निवासी मनोज सिंह उर्फ गुड्डू को आजीवन करावास की सजा सुनाई। साथ ही 60 हजार का अर्थदंड भी लगाया गया। अर्थदंड जमा नहीं करने पर दोषी को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक(एडीजीसी) शमशेर बहादुर सिंह ने कोर्ट में पैरवी किया। वर्ष 2022 में बलुआ थाना क्षेत्र के हुदहुदीपुर गांव में किशोरी का शव गांव के बगीचे में पाया गया था। जांच के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या करने का साक्ष्य सामने आया। ऐसे में पुलिस ने विवेचना के दौरान हत्या का मुकदमा दर्ज करते हुए मृतका के पिता मनोज सिंह उर्फ गुड्डू को आरोपी बना दिया। इसी मामले की सोमवार को पाक्सो के स्पेशल जज अनुराग शर्मा की अदालत में सुनवाई पूरी की है।

## जिलाधिकारी ने किया जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण

# जिला अस्पताल में कुव्यवस्था देखकर भड़के डीएम, कहा...तत्काल करें सुधार

- लाईन में लगाकर मरीजों का किया जाए इलाज
- कूलर में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया
- मरीजों के समुचित इलाज की व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं की जाए



**केटी न्यूज / बलिया**

बढ़ती गर्मी के दृष्टिगत जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने सोमवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर वहां प्रत्येक वार्ड, रुम में एसी व कूलर की उपलब्धता व इलाज की समुचित व्यवस्थाओं के बारे में जायजा लिया। इस दौरान सीएमएस को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। उन्होंने ईएमओ, आपातकाल, पोस्ट कोविड, मेडिकल वार्ड सहित अन्य वार्ड व ट्रामा सेंटर का निरीक्षण किया और मरीजों के इलाज की व्यवस्था को परखा। विभिन्न वार्डों के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती महिला मरीजों से बातचीत कर अस्पताल द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली निःशुल्क दवा, भोजन, पानी इत्यादि के बारे में बातचीत भी की। जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल के विभिन्न कक्षों, वार्डों में जाकर वहां संचालित एसी, कूलर की व्यवस्था को करीब से देखा और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को समय-समय पर कूलर में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया। उन्होंने स्टोर कीपर को बुलाकर स्टोर में खराब पड़ी एसी की मरम्मत करवाकर जरुरत वाले वार्डों में लगवाने का निर्देश दिया। ट्रामा सेंटर के निरीक्षण के दौरान सर्जन कक्ष के बाहर बेतरतीब ढंग से खड़े तीमारदारों, मरीजों को एक लाइन बनवाकर इलाज कराने हेतु सीएमएस को निर्देशित किया। उन्होंने गर्मी की भयावहता के दृष्टिगत सीएमएस को कक्षों, वार्डों व बरामदों को वातानुकूलित करने और मरीजों के समुचित इलाज की व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही शिथिलता न बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने सीएम को निर्देश देते हुए कहा कि यदि इस तरह की लगातार कुव्यवस्था की सूचना मिली। विभाग को इसके बारे सूचित करते हुए कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा। निरीक्षण के दौरान सीएमएस डॉ सुजीत कुमार यादव सहित जिला अस्पताल के अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने जिला राजकीय पुस्तकालय का किया निरीक्षण

**बलिया।** जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने सोमवार को जिला राजकीय पुस्तकालय का निरीक्षण किया। उन्होंने पुस्तकालय में संचालित सभी व्यवस्थाओं को परखा और वहां अध्ययन करने आए छात्र-छात्राओं से,वे किस परीक्षा की तैयारी करते हैं, इस बारे में पूछताछ की। उन्होंने लाइब्रेरी असिस्टेंट को सारी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित करने के लिए निर्देशित किया। कुछ छात्र-छात्राओं के द्वारा सी-सैट की सही ढंग से तैयारी न होने की शिकायत करने पर उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी से फोन पर बात कर इस संबंध में एक्सरसाइज करने का निर्देश दिया। पीने के पानी के लिए आरो प्लांट की सही स्थिति न मिलने पर उन्होंने एलडीएम को और मोटर लगवाने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक को फोन कर निर्देशित किया। उन्होंने लाइब्रेरी अस्सिटेंट से छात्र छात्राओं के जरूरत की किताबों के नाम रजिस्टर में लिखकर अवगत कराने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने छात्र



छात्राओं से कहा कि आप लोग अपनी जरूरत के अनुसार अनुपलब्ध किताबों के नाम फीडबैक रजिस्टर में दर्ज कर दीजिए, सभी किताबें उपलब्ध करवाई जाएगी। डीएम ने लाईब्रेरी असिस्टेंट को निर्देश दिया कि जो भी किताबों का नाम विद्यार्थियों की ओर से उपलब्ध कराया जा रहा है। उसे तत्काल उपलब्ध कराया जाए। इसमें किसी तरह की कोई कोताही नहीं होनी चाहिए। किताबें ही बच्चों का भविष्य होती है। यदि वह उपलब्ध नहीं होगा। तब वह किस तरह से आगे बढ़ पायेंगे।

## बैरिया बीएलडी के फील्ड पर युवकों में जमकर मारपीट

**बलिया।** फोर्स में भर्ती की तैयारी के लिए बाबा लक्ष्मण दास द्वाबा राष्ट्रीय इंटर कालेज के मैदान में रविवार की शाम दौड़ने आये दो युवाओं ने तीसरे को लोहे के रॉड व हाँकि डंडे से पीटने लगे।बीचबचाव में एक अन्य युवक को भी चोट लग गयी।आरोप है कि मारने पीटने के बाद जब घायल युवक जमीन पर गिरकर बेहोश हो गया तो उसकी मोटरसाइकिल व मोबाइल फोन हमलावर उठा ले गए। उल्लेखनीय है कि बैरिया निवासी अभिषेक कुमार वर्मा बैरिया इंटर कालेज के मैदान में दौड़ रहे थे। दौड़ने के बाद अपने मित्र भानु प्रताप सिंह के साथ बाइक से अपने घर जाने लगा कि लीला छपरा (सोनबरसा) निवासी मोहित यादव व ब्रजेश यादव रॉड व डंडे से अचानक उसकी पिटाई करने लगे। इस मारपीट में वह जमीन पर गिर कर बेहोश हो गया। बीच-बचाव में भानु प्रताप सिंह निवासी बैरिया को भी चोटे आयी। आरोप है कि अभिषेक कुमार वर्मा के जमीन पर गिर जाने पर हमलावर उसकी बाइक व मोबाइल लेकर चले गए।घायल के पिता भृगुनाथ मौर्य निवासी बैरिया के तहरीर पर बैरिया पुलिस ने धारा 308,323,504,506 का मामला दर्ज किया है।दूसरी तरफ सोनबरसा में इलाज करा रहे घायल को चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। थानाध्यक्ष धर्मवीर सिंह ने बताया कि अभिषेक मौर्य व मोहित यादव तथा ब्रजेश यादव के बीच किसी बात को लेकर मारपीट हुई थी। जांच चल रही है।

## अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पीआरडी जवानों ने जिला प्रशासन को पत्रक सौंपा



**केटी न्यूज / गाजीपुर**

पीआरडी जवानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिला प्रशासन को पत्रक सौंपा। प्रशिक्षित पीआरडी जवानों ने मांग किया कि अधिक से अधिक जवानों की ड्यूटी शान्ति सुरक्षा व्यवस्था के लिए जनपद के थानों-यातायात व्यवस्था, महिला थाना एवं विभिन्न स्थानों, संवेदनशील तथा अति संवेदनशील स्थानों पर ड्यूटी लगाई जाए। कहा कि जनपद के लगभग 200 जवान बेरोजगार एवं भुखमरी के कगार पर है, लेकिन विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते यह जवान अपने रोजी - रोटी के लिए दर -दर भटक रहे हैं। पांच महीने बीत जाने के बाद भी अधिकारियों द्वारा शासनादेश का पालन नहीं किया गया, जिसका खामियाजा जनपद के लगभग 200 प्रशिक्षित जवान भुगत रहे हैं। विजय कुमार यादव ने कहा कि जनपद के प्रशिक्षित पीआरडी जवान पूर्व में दिए गए प्रार्थना पत्र में प्रत्येक थानों में नौ की जगह 15 तथा प्रत्येक तहसील में तीन की जगह छह जवान तथा ट्राफिक में 35 की जगह 50 जवानों को तैनात किया गया है। इस तहत जनपद गाजीपुर में जवानों की ड्यूटी बढ़ जाती तो बेरोजगारी एवं भुखमरी से पीआरडी जवानों को निजात मिल सकती है। इस संबंध में पांचू यादव ने बताया कि जनपद गाजीपुर के लगभग 90 से 150 जवान बेरोजगार एवं भुखमरी के कगार पर हैं, लेकिन विभागीय अधिकारियों के लापरवाही के चलते यह जवान अपनी रोजी- रोटी के लिए दर-दर भटक रहे हैं। जनपद गाजीपुर में प्रशिक्षित पीआरडी जवान घर बैठे हैं और जो फर्जी पुरुष व महिला जवान अधिकारियों व कर्मचारियों की मिली भगत से ड्यूटी पर तैनात किए गए हैं। जोकि प्रशिक्षित जवानों के साथ घोर अन्याय है। पीआरडी जवानों ने अपनी विभिन्न मांगों के जल्द समाधान की मांग की है। जिला प्रशासन को पत्रक देने वालों में प्रमुख रूप से विजय कुमार यादव, पांचु यादव, छोटे लाल यादव, योगेंद्र, रामानन्द आदि शामिल रहे।

## कांग्रेस ने भाजपा के भ्रम को तोड़ा : धर्मेंद्र तिवारी

**केटी न्यूज / बलिया**

गत दिनों लोकसभा के लिए सम्पन्न हुए आम चुनाव में देश की जनता ने भाजपा के कांग्रेस एवं विपक्ष मुक्त संसद के सपने को चकनाचूर कर दिया था। इंडिया गठबंधन को सरकार बनाने की दहलीज तक पहुंचा दिया, लेकिन जोड़-तोड़ की राजनीति ने अपनी कुटिल चाल से गठबंधन को सत्ता से दूर कर दिया। कांग्रेस और गठबंधन के दलों को जनता का समर्थन और प्यार मिला है।

इसके लिए अपने जिले के मतदाताओं के हम आभारी है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में 11 जून से 15 जून तक विधानसभावार धन्यवाद यात्रा निकाल कर सर्व समाज के देवतुल्य



मतदाताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया जाएगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी दिनेश चंद ने देते हुए बताया कि जिले की चारो विधानसभा मुगलसराय सैयदराजा, सकलडीहा, चकिया में अपने पदाधिकारियो,वरिष्ठ कांग्रेसजनों, कांग्रेस के सभी कार्यकताओं को साथ लेकर धन्यवाद यात्रा आयोजित की जाएगी। इसमें भाग लेकर अधिक से अधिक में कांग्रेसी सफल बनाएं।

## पेयजल की समस्या के निवारण के लिए महिलाओं ने किया प्रदर्शन

- इस प्रचंड गर्मी में लोगों को हैंडपंप का सहारा लेना पड़ रहा है
- महिलाओं ने आरोप लगाया कि लगातार शिकायत करने पर आया दो दिन पानी
- दूर-दूर से पानी लाने के लिए विवश हो रही है महिलाएं

**केटी न्यूज / चंदौली**

पड़ाव क्षेत्र के मढिया गांव में गत तीन माह से पेयजल की सप्लाई नहीं होने से दर्जनों महिलाओं ने झाड़ू डंडा लेकर जल निगम के ट्यूबवेल पर प्रदर्शन किया। गत तीन माह से लगातार मढिया गांव के कुछ हिस्सों में पेयजल की समस्या हल नहीं हो रही है, जिसके कारण इस प्रचंड गर्मी में लोगों को हैंडपंप का सहारा लेना पड़ रहा है दूर-दूर से पानी लाने के



लिए लोग विवश हैं। स्थिति यह है कि कुछ पड़ोसियों के यहां सबमर्सिबल पंप होने की वजह से लोग पानी पीने के लिए लंबी लाइन लगाने के लिए भी विवश दिखाई दे रहे हैं। वहीं महिलाओं ने आरोप लगाया कि लगातार शिकायत करने पर भी कुछ एक या दो दिन पानी आया था, लेकिन उसके बाद पुनः वही स्थिति हो गई इसकी शिकायत लेकर जब कुछ महिलाएं पानी टंकी पहुंची तो वहां के ऑपरेटर द्वारा यह कह कर पल्ला झाड़ लिया गया कि यह क्षेत्र अब वाराणसी नगर निगम के अंतर्गत हो गया है आप अपने मढिया गांव के ट्यूबल पर शिकायत करें इससे लोग मढिया ट्यूबल पर पहुंचे तों वहां पहले से ताला लटका देख आक्रोषित हो गए और जमकर जल निगम के खिलाफ नारेबाजी करने लगी महिलाओं ने आरोप लगाया कि ऑपरेटर के नंबर पर फोन किए जाने पर ऑपरेटर ने जानकारी दी की अभी मैं अपने रिश्तेदार के यहां आया हूं तब इस बात की शिकायत उच्च अधिकारी को फोन से सूचना देने की कोशिश की गई पर लगातार फोन की घंटी बजती रही पर कोई उत्तर नहीं मिला। तेज धुप के कारण महिलाओं ने चेतावनी देते हुये दो दिन के अन्दर अगर समस्या का निदान नहीं हुआ तों हम महिलाए बड़े आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी जल निगम विभाग की होगी। महिलाओं को आरोप था कि लंबी दूरी तय कर पानी लाना पड़ रहा है। इस भीषण गर्मी में तबियत खराब होने की संभावना हमेशा बनी रहती है। इसे देखने वाला कोई नहीं है। सरकार की ओर हर सुविधा प्रदान की जाती है। परंतु अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं देते है। जिसका खामियाजा आम आदमी को भुगतना पड़ता है। प्रदर्शन करने वालो मे मुख्य रूप से रेखा देवी अर्चना देवी राणा जेबा सुरईया भगवानी देवी मुन्नी देवी रूकमणि देवी किरण जयसवाल उर्मिला देवी ज्योति सरिता मंजू इत्यादि ग्रामीण मौजूद रही।

## पूर्व आईजी ने किया ऐलान, यूपी के 403 सीटों पर लड़ेंगे चुनाव

**केटी न्यूज / बलिया**

आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व आईजी अमिताभ ठाकुर ने आज बलिया में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि उनकी पार्टी 2027 विधानसभा चुनाव में प्रदेश के सभी 403 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसमें बलिया के सभी सात विधानसभा सीट भी शामिल हुए हैं। इसके लिए उनकी पार्टी ने अभी से ही योग्य प्रत्याशियों का चयन करना प्रारंभ कर दिया है और उनके नामों की घोषणा शीघ्र कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार ने बीते लोकसभा चुनाव के दौरान सत्ता का भरपूर गलत फायदा उठाया। इसमें बिना अनुमति के तमाम बैनर होर्डिंग लगाए जाने से लेकर अधिकारियों के माध्यम से भीड़ जुटाना तक शामिल था। अमिताभ ठाकुर ने कोतवाली बलिया में दरोगा



नेक राम यादव द्वारा फोन करके विवेचना के लिए खुलेआम 5000 मांगे जाने का ऑडियो सामने आने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने को अत्यंत गंभीर बताया और कहा कि यह मौजूदा सरकार में खुलेआम हो रहे भ्रष्टाचार की बानगी है। प्रेस वार्ता के दौरान उनके साथ पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव डॉ नूतन ठाकुर, अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के राष्ट्रीय सचिव सुनील सर्राफ, अवधेश ठाकुर, नर्मदेश्वर पांडेय आदि मौजूद रहे।

## साहित्य चेतना समाज के तत्वावधान में चेतना-प्रवाह कार्यक्रम का आयोजन

# साहित्य चेतना मंच युवाओं की सोच को करती है विकसित

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

साहित्य चेतना समाज के तत्वावधान में चेतना-प्रवाह कार्यक्रम का आयोजन नगर से सटे गांव चकहुसाम में किया गया। विद्यार्थियों से संवाद के इस कार्यक्रम में काफी संख्या में गांव के विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजक इसी गांव के निवासी उपेन्द्र यादव ने कार्यक्रम में उपस्थित संस्था के संस्थापक अमरनाथ तिवारी अमर एवं संगठन सचिव प्रभाकर त्रिपाठी का स्वागत किया। उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन में संस्था के तत्वावधान में आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर चयनित व पुरस्कृत होने और रेलवे में नौकरी तक के सफर को सभी से साझा किया। संस्था द्वारा विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास और उनके व्यक्तित्व निर्माण के लिए जा रहे प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए विद्यार्थियों से संस्था द्वारा आयोजित




विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। संस्था के संस्थापक अमरनाथ तिवारी अमर ने संस्था के उद्देश्य एवं गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कहा कि संस्था का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं में छिपी प्रतिभा को मुखरित व उजागर कर उन्हें मंच प्रदान करना है। बिना किसी शासकीय वित्तीय सहायता के संस्था वर्षपर्यंत सक्रिय रहकर विभिन्न प्रकार के साहित्यिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है। जिससे एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके। संस्था प्रतिवर्ष अपने वार्षिक समारोह में किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर जनपद का गौरव बढ़ाने वाले गाजीपुर की किसी विभूति को गाजीपुर गौरव सम्मान से सम्मानित करती है। जिससे विद्यार्थी एवं युवा इनके व्यक्तित्व व कृतित्व से प्रेरणा प्राप्त कर सकें।

संगठन सचिव प्रभाकर त्रिपाठी ने संस्था के तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। जिससे युवाओं को मदद मिले। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जयराम यादव, वीरेन्द्र यादव, विन्ध्याचल यादव, मुसाफिर यादव, आंचल, काजल, अस्मिता, अलका, सोनम, शोभा, शिखा, अग्रिमा, संदीप, मुकेश, अनुराग आदि उपस्थित थे।अंत में कार्यक्रम संयोजक उपेन्द्र यादव ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## प्रधान प्रतिनिधि सहित आधा दर्जन लोगों पर केस दर्ज

**रानीगंज।** क्षेत्र के चांद दीयर अवस्थित लाइसेंसी बियर की दुकान का रविवार आधी रात को चांद दीयर के प्रधान प्रतिनिधि सुमेर यादव, संजय यादव सहित आधा दर्जन लोगों द्वारा बियर की दुकान का दरवाजा तोड़कर बियर के लिए सेल्समैनों के साथ मारपीट करने, गालीगलौज व धमकी देने के मामले में बैरिया पुलिस द्वारा उक्त दोनों लोगो के साथ-साथ कुल आधा दर्जन लोगों पर धारा 147, 452, 323, 504, 506 आईपीसी का मामला दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस बियर की दुकान की अनुज्ञापि श्रीमती मीरा सिंह है। इनके भाई प्रवीन कुमार सिंह निवासी जीरा बस्ती थाना सुखपुरा ने थाने में प्रार्थनापत्र देकर इस घटना की



जानकारी दी। साथ ही बियर की दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज पुलिस को सौंपा। जिसमे पूरी घटना कैद है। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया तहरीर मिलने के बाद सीसीटीवी के फुटेज खंगाले गए जिसके बाद जांचोरांन्त सुमेर यादव, संजय यादव सहित कुल छह लोगों पर सम्बंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस का दावा है कि शीघ्र ही आरोपियों का गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## शासन के खिलाफ प्रधानों ने भरी हुंकार

**केटी न्यूज / बैरिया**

विकास खंड बैरिया कार्यालय में सोमवार को ग्राम प्रधानों ने एक बैठक किया। जिसमें शासन-प्रशासन द्वारा ग्राम प्रधानों के अधिकारों पर रोज-रोज नए नियम लगाने व प्रत्येक मौके पर उनका आर्थिक शोषण, मानसिक उत्पीड़न से परेशान प्रधानों ने दर्द बयां किया। उनका कहना था कि शासन हो या प्रशासन विकास के लिए समेटिक कार्यक्रम लागू करने के बजाय रोज नए-नए पेंच फंसाये जा रहे है। ताजा उदाहरण गेट वे एप को लेकर है जिसमे प्रधान व सचिव के साथ-साथ पंचायत सहायक को जोड़ दिया गया है। जिसका चेहरा दिखने के बाद ही एप खुलेगा। और उसमें कुछ भी अपलोड होगा। यानी प्रधान व सचिव पर पंचायत सेवक भारी पड़ रहें हैं। बैठक में ग्रामप्रधानों ने शासन-प्रशासन के इस चाल चरित्र पर चिंता व्यक्त की।

ग्राम प्रधानों ने अपने-अपने ग्राम पंचायतों की समस्याओं की चर्चा करते हुए कहा 27 मई को तीन साल



का कार्यकाल बीत चुका है। अब दो साल से भी कम कार्यकाल बचा है। विकास खंड बैरिया के दर्जन भर गांव ऐसे है,जहां जरूरतमंद तो है लेकिन शासन से उस गांव में एक भी प्रधानमंत्री आवास या मुख्यमंत्री आवास नही दिया गया। प्रधानों ने कहा कि दो दर्जन से अधिक ऐसे गांव है,जहां प्रति गांव दो सौ से अधिक शौचालय की आवश्यकता है। शौचालय नहीं स्वीकृत किया जा रहा है,जिससे लोग खुले में शौच जाने को मजबूर है। अधिकारियों द्वारा मनमाने तरीके से गांवों को ओडीएफ व ओडीएफ प्लस घोषित कर दिया गया है।वहीं छोटे गांवों के प्रधानों का कहना है कि उनके यहां राज वित्त में काफी कम पैसा आता है, उसी पैसे में से प्रतिमाह पंचायत सेवक को छह हजार रुपये मानदेय,सामुदायिक शौचालय के केयर टेकर का मानदेय,ग्राम प्रधान का प्रतिमाह मानदेय के रूप में पांच हजार रुपये दिया जाता है। जो धनराशि राज वित्त में छोटे गांवों के लिए आती है, उसमें यही नही हो पाता, विकास कार्य कहा से हो। जिससे शासन की छवि धूमिल हो रही है। इस बाबत प्रधानों ने सामुहिक रूप से निर्णय लिया है कि 12 जून को जिलाधिकारी को पत्रक देंगे, अगर सुनवाई नहीं होती है तो प्रधान संगठन मुख्यमंत्री कार्यालय के समक्ष लखनऊ में धरने पर बैठेगा।

# कुकरैल नदी को पुनर्जीवित करने के लिए अवैध कॉलोनी के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई फिर शुरू

- भूमाफिया ने सपा सरकार में कुकरैल नदी पर बसा दी थी अवैध कॉलोनी, खड़ी कर दी थी बहुमंजिला इमारतें और बड़े-बड़े शोरूम
- सपा सरकार के पोषित भूमाफिया के अवैध निर्माण से मृतप्राय हो चुकी है कुकरैल नदी, योगी सरकार ने पुर्नजीवन के लिए उठाया कदम

**केटी न्यूज/ लखनऊ**



सपा सरकार में पर्यावरण संरक्षण के मानकों को दरकिनार कर भूमाफिया द्वारा कुकरैल नदी व बंधे के बीच बसाई गई अकबरनगर की अवैध कॉलोनी में योगी सरकार की कार्रवाई लगातार जारी है। सपा काल में संरक्षण प्राप्त भूमाफिया ने सरकार से सांठगांठ कर वर्ष 2012 से 17 के बीच कुकरैल नदी और बंधे के बीच बहुमंजिला इमारतें एवं बड़े-बड़े शोरूम खड़े कर दिये थे। इतना ही नहीं भूमाफिया ने कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर अवैध कॉलोनियां बसा दीं, जबकि इस क्षेत्र में रिहायशी एवं व्यवसायिक निर्माण नहीं हो सकता। ऐसे में मरती हुई नदी को जिंदा करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर योगी सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। कोर्ट ने भी अवैध निर्माण को लेकर योगी सरकार की कार्रवाई को सही माना है। इस पर एक बार फिर योगी सरकार ने अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई तेज कर दी है। इसके साथ ही यहां पर पर्यावरण संरक्षण के मानकों के आधार पर क्षेत्र को विकसित करने और कुकरैल नदी को पुनर्जीवित करने के लिए सरकार ने कदम बढ़ा दिया है।

**कोर्ट ने भी माना अकबरनगर में बसाई गई अवैध बस्ती:** योगी सरकार की कार्रवाई सही योगी सरकार लगातार जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भूमाफिया और अतिक्रमण के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रही है। सरकार की इस मुहिम को प्रदेशवासियों के साथ पूरी दुनिया में सराहना मिल रही है। इसी के तहत योगी सरकार ने कुकरैल नदी और बंधे के बीच बसाए गए अकबरनगर प्रथम और द्वितीय के अवैध निर्माण तोड़ने की कार्रवाई का नया चरण सोमवार से शुरू कर दिया है। बता दें कि सपा सरकार ने अपने शासनकाल में पर्यावरण चिंताओं को दरकिनार कर अपने पोषित भूमाफियाओं को कुकरैल नदी पर अवैध निर्माण की अनुमति दी थी। इन्होंने यहां पर सपा सरकार की शह और सांठगांठ से बहुमंजिला इमारतें, घर और शोरूम बना दिये।

आज इन पर करोड़पतियों का कब्जा है। सपा सरकार के इस कृत्य से कुकरैल नदी का अस्तित्व ही खतरे में पड़ गया। ऐसे में योगी सरकार ने जीरो टॉलरेंस नीति के तहत यहां पर अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी ताकि पर्यावरण को संरक्षित किया जा सके। साथ ही कुकरैल नदी को पुनर्जीवित किया जा सके। योगी सरकार के एक्शन से घबराए भूमाफिया और करोड़पतियों ने कोर्ट में गलत दस्तावेज प्रस्तुत कर गुमराह करने की कोशिश की। इस पर योगी सरकार ने निचली अदालत से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक में भूमाफिया के झूठ का पदार्फाश किया। करोड़पति कब्जेदारों ने कोर्ट में खुद को झुग्गीवासी बताया था। इस पर एलडीए ने कोर्ट में 73 करोड़पति कब्जेदारों की सूची सौंपी, जिनका सालाना करोड़ों का टर्नओवर था। इसे देख कोर्ट ने करोड़पति कब्जेदारों को झुग्गीवासी नहीं माना। इसके साथ ही इन्होंने योगी सरकार द्वारा अवैध निर्माण को लेकर की जा रही कार्रवाई को सही माना। कोर्ट ने माना कि अकबरनगर में अवैध बस्ती को बसाया गया है, जिसे हटाना जरूरी है।

## योगी सरकार ने गरीब परिवारों का कराया पुनर्वास

**लखनऊ।** योगी सरकार ने दिसंबर 2023 में कुकरैल नदी और बंधे के मध्य में बसाए गए अकबरनगर में बने अवैध निमार्णों को हटाने की कार्रवाई शुरू की। इस दौरान भूमाफिया के इशारे पर अतिक्रमणकारियों ने खूब विरोध किया। इसके बाद भी योगी सरकार अपने फैसले पर अडिग रही और कार्रवाई जारी रही। मालूम हो कि योगी सरकार ने नवंबर 2023 में कुकरैल नदी और बंधे के मध्य बसे अकबरनगर प्रथम और द्वितीय के 1068 अवैध आवासीय और 101 व्यावसायिक निर्माण को ध्वस्त करने का आदेश दिया था। सपा सरकार में भूमाफिया के हौसले इस कदर बुलंद थे कि इन्होंने शहर के भोले-भाले और गरीबों को भी ठगने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इन्होंने अवैध बस्ती बसा कर गरीबों की गाढ़ी कमाई लूट ली। वहीं योगी सरकार लगातार प्रदेश की गरीब जनता जनार्दन और जरूरतमंदों के साथ मजबूत से खड़ी है। यही वजह है कि सरकार के आदेश पर अकबरनगर में अवैध निर्माण को हटाने से पहले अधिकारियों ने हर गरीब परिवार से संवाद किया था। इस दौरान सभी गरीब परिवार का पुनर्वास कराते हुए करीब दो हजार लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान आवंटित किये गये।

## खबरें फटाफट

### ट्रेन की चपेट में आने से शिक्षक की मौत

**बलिया।** फेफना-इंदारा रेलखंड पर स्थित रसड़ा रेलवे स्टेशन से सटे हिता के पुरा गांव के सामने अप साबरमती ट्रेन की चपेट में आने से एक शिक्षक की मौत हो गई। सूचना पर रसड़ा कोतवाली पुलिस के साथ ही आरपीएफ के जवान भी पहुंच गये।

बताया जा रहा है कि रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के टीकादेउरी निवासी बृजभूषण सिंह (36) 29 हजार जूनियर शिक्षक भर्ती में चयनित सहायक अध्यापक थे। उनकी तैनाती शिक्षा क्षेत्र रसड़ा के जूनियर हाई स्कूल मंगरौली पर थी।

### कार की चपेट में आने से युवक की मौत

**जौनपुर।** थाना जलालपुर क्षेत्र के जलालपुर- थाना गद्दी मार्ग पर रविवार की रात्रि चवरी बाजार में एक कार की चपेट में आ जाने से 35 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। रविशंकर यादव उम्र 35 वर्ष पुत्र राम मुर्ति यादव निवासी मझगवां खुर्द अपने मोटर साइकिल से चवरी बाजार से अपने क्लीनिक पर जा रहे थे ।कि अचानक विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार की चपेट में जाने से गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गम्भीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल के लिए ले गए, जहां पर डाक्टरो की टीम ने देखते ही युवक को मृतक घोषित कर दिया।

### लकड़ी लेने गयी दो किशोरियों से दुष्कर्म

**सोनभद्र।** बभनी थाना क्षेत्र के एक गांव की दो नाबालिग किशोरियों के साथ बीते गुरुवार को क्षेत्र के ही दो युवकों ने अपने हवस का शिकार बना लिया। दोनों लड़कियां जंगल में लकड़ी लेने गई थीं। रविवार को लड़की के भाई ने बभनी थाने में तहरीर देकर दोनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों युवकों के खिलाफ पास्को सहित दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई मे जूट गई है।

## पीएम के शहर वाराणसी में भी रात भर होती रही आतिशबाजी, बजते रहे ढोल-नगाड़े

# पीएम मोदी के तीसरी बार शपथ लेते ही पटाखों की रौशनी से जगमगाया पूर्वांचल

- मोदी की तस्वीर लेकर कार्यकताओं ने मिठाई खिला एक-दूसरे को दी बधाई

**केटी न्यूज/ यूपी टीम**



रविवार की शाम पीएम नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार शपथ ग्रहण करने पर सेवापुरी विधानसभा के विधायक नील रतन सिंह पटेल नीलू के कार्यालय (स्वाभिमान स्थल) खजुरी पर लोगों ने जश्न मनाया। जिसमें गाजे-बाजे की धुन पर लोग झूमते नजर आए और पटाखों की गूंज से वातावरण गूंज उठा। इस खास मौके पर सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस मौके पर अदिती पटेल ने कहा कि यह दिन न केवल प्रधानमंत्री मोदी की जीत का जश्न है, बल्कि देश की जनता की उम्मीदों और विश्वास की भी जीत है। वहीं रोहनिया विधानसभा के विधायक डा. सुनील पटेल अपना दल कार्यालय पर कार्यकताओं के साथ जश्न मनाया। जिसमें गाजे-बाजे की धुन पर लोग झूमते नजर आए और पटाखों की गूंज से वातावरण गूंज उठा। इस खास मौके पर सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। विधायक सुनील पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है और आने वाले समय में यह प्रगति और भी तीव्र गति से आगे बढ़ेगी। इसे कोई भी ताकत रोक नहीं सकती है।

कार्यक्रम के दौरान आशीष राय, हर्ष, राहुल, दीपक, अभिषेक, अवधेश, राजीव, रजत, मिथिलेश सिंह, अपना दल यश पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष मनोज बिंद, नील कलम श्रीवास्तव, आजाद बिंद, विनोद मिश्रा और अरविन्द पटेल दीपक पटेल, शिवधनी पटेल, निशा पटेल, रेखा राजभर, सर्वजीत पटेल, शकलनारायण पटेल, राकेश सिंह, रामआसरे पटेल, संतोष मिश्रा, मनोज पाल, निखिल जायसवाल, मिथिलेश सिंह, निषाद पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष मनोज बिंद, नील कलम श्रीवास्तव, आजाद बिंद, विनोद मिश्रा, और अरविन्द पटेल शामिल थे।

## बीजेपी कार्यकर्ता ने मनाया जश्न की आतिशबाजी एक दूसरे का कराया मुंह मीठा

**मऊ।** नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर भाजपाइयों ने जमकर जश्न मनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थकों ने जोरदार आतिशबाजी की और एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। इस दौरान शपथ ग्रहण समारोह के बाद पूरा माहौल उत्सव के रूप में नजर आया। भाजपा कार्यकर्ता राजेश और गौरव गुप्ता के प्रतिष्ठान के बाहर आतिशबाजी कर हर्ष व्यक्त किया गया। सभी ने अपने हाथ में प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर के साथ फोटो खिंचवाई। थोड़ी देर तक वहां से गुजरने वाले सभी लोगों को मिठाइयां वितरित की गई। जश्न मना रहे लोगों ने कहा कि हम मोदी के परिवार हैं। राजेश ने कहा कि भारत को मजबूत करने और भारत की साख को विश्व में स्थापित करने वाले नरेंद्र मोदी ने सर्व समाज के हृदय में एक अमिट छाप स्थापित की है। इस अवसर पर दीपचंद मद्धेशिया, अभिषेक गुप्ता, गौरव मद्धेशिया, संतोष सिंह, राकेश वर्मा, विमलेश पांडे, टीटू वर्मा, पंकज गुप्ता, विशाल सिंह चौहान, प्रवीण कुमार, विनय मोदनवाल, विजय मिश्रा, हंसराज, विजय कुमार के साथ अन्य कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## मिर्जापुर में लोगों ने बजाए ढोल नगाड़े पटाखे फोड़कर मनाया जश्न

**केटी न्यूज/मिर्जापुर**



नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। वे जवाहर लाल नेहरू के बाद ऐसा करने वाले दूसरे पीएम बन गए हैं। मोदी ने ईश्वर के नाम की शपथ ली। इसके बाद राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, जेपी नड्डा, शिवराज सिंह चौहान, अनुप्रिया पटेल ने शपथ ली। मिजार्पुर में लोकसभा चुनाव में हैट्रिक लगाने वाली अनुप्रिया पटेल को मंत्री बनाए जाने पर ढोल नगाड़े के साथ पटाखा फोड़ कर जश्न मनाया गया। अपना दल एस की केंद्रीय कार्यालय पर जुटे समर्थकों ने जमकर झूम कर जश्न मनाया। दल के कार्यालय पर ढोल नगाड़ा के बीच पटाखा फोड़ा। समर्थकों ने कहा कि जिले के विकास के लिए शेष काम अब तीसरे कार्यकाल में किया जाएगा।

## वाराणसी-हावड़ा के बीच चलेगी 8 कोच की वंदे भारत ट्रेन, 6 घंटे का होगा सफर

**केटी न्यूज/ वाराणसी**



काशी को एक और वंदे भारत की सौगात मिलेगी। जल्द ही पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल से हावड़ा के बीच मिनी वंदे भारत एक्सप्रेस चलाई जाएगी। चेन्नई स्थित आईसीएफ से 15 वंदे भारत की रैक निकली है। इसमें आठ कोच की चेयरकार और स्लीपर वंदे भारत शामिल है। 130 से 160 किमी की रफ्तार से चलने वाली वंदे भारत महज छह घंटे में अपना सफर तय करेगी। रेल अधिकारियों के अनुसार, बनारस-हावड़ा वंदे भारत का प्रस्ताव 2023 में ही रेलवे बोर्ड को भेजा गया था।अब पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन को मिनी वंदे भारत एक्सप्रेस मिलने की उम्मीद है। अफसरों का कहना है कि एनडीए सरकार के गठन के साथ ही रेल परिवहन को रफ्तार मिलेगी। यात्रियों के लिए नई सुविधाएं विकसित की जाएंगी। वाराणसी से पटना और रांची के बीच पहले से वंदे भारत चल रही है। अब हावड़ा तक संचालन की तैयारी है। इसके लिए रूट का सर्वे हो चुका है। इसकी फाइनल रिपोर्ट रेल मंत्रालय को सौंप दी गई है। इसी बीच लोकसभा चुनाव का एलान हो गया। इस कारण प्रक्रिया ठप हो गई। अब चुनाव खत्म हो चुका। सरकार का गठन भी हो गया। लिहाजा, आठ कोच की मिनी वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने की तैयारी की जा रही है। बनारस-हावड़ा मिनी वंदे भारत इस तरह की पांचवीं ट्रेन होगी। अभी जितनी भी वंदे भारत चल रही हैं वे कैंट स्टेशन से ही हैं। हावड़ा वंदे भारत को बनारस स्टेशन से चलाया जाएगा। रेल अधिकारियों के अनुसार ट्रेन संचालन की घोषणा रेलवे बोर्ड की ओर से होगी।

## वाराणसी के दंपति आतंकवादी हमले में घायल

**वाराणसी।** रविवार की शाम को जम्मू आतंकी हमले में वाराणसी निवासी पति-पत्नी घायल हो गये हो है। घायलों की पहचान काल भैरव क्षेत्र निवासी राजेश मिश्रा के बेटे अतुल मिश्रा (32) और उनकी बहू नेहा मिश्रा (28) के रूप में पहचान हुई है। पति-पत्नी अपने शादी के पहले मैरिज एनिवर्सरी में मां वैष्णो देवी दर्शन के लिए गये थे। उसी दौरान शिवखोड़ी से कटरा लौटते समय रियासी में हुए आतंकी हमले में बस ड्राइवर को गोली लग गई और बस खाई में जा गिरी। जिसमें 10 लोगों की मौत हुई है। वहीं उस घटना में अतुल मिश्रा और उनकी पत्नी के घायल होने की सूचना जम्मू प्रशासन ने रात 10 बजे के बाद पजिन को दी गई। जिसके बाद घर में कोहराम मच गया।

## करोड़ों की सरकारी जमीन को एसडीएम ने कराया कब्जा मुक्त

**केटी न्यूज / जौनपुर**

- एक बार फिर अतिक्रमणकारियों पर गरजा बाबा का बुलडोजर



चुनाव आचार संहिता समाप्त होते ही सीएम योगी फुल एक्शन मुड में आ गए है, जिसके क्रम मे डीएम रविन्द्र कुमार मांदड़ के आदेश पर सोमवार को उप जिलाधिकारी सदर पवन कुमार सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के साथ जिला मुख्यालय के सिटी कोतवाली के मुहल्ला- कटघरा में करीब डेढ़ करोड़ रुपए मूल्य की सरकारी जमीन पर किये गए अवैध कब्जे को जमीदोंज कर पूरी जमीन को नगर पालिका परिषद जौनपुर को सुपुर्द कर दिया गया है। नई बाजार कटघरा निवासी अरविंद चौहान ने शिकायत किया था। कि बंजर खाते की सरकारी जमीन पर आराजी नंबर 149/1 क्षेत्रफल 121 एयर पर प्रदीप शिवशंकर एवं रविन्द्र उर्फ बच्चन एवं साहब लाल यादव आदि लोग गलत तरीके से निर्माण करके जमीन पर कब्जा किए हुए है। जिला प्रशासन ने जांच कराया, जांच में शिकायत सही मिली इसके बाद जिलाधिकारी ने अवैध अतिक्रमण हटाने का निर्देश उपजिलाधिकारी को दिया। डीएम के आदेश के क्रम मे एसडीएम सदर पवन कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मय बुलडोजर के साथ मौके पर पहुंच कर सभी अवैध अतिक्रमण को हटवा कर सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त करा दिया है। कब्जा किए गए जमीन की कीमत लगभग डेढ़ करोड़ रुपए बतायी जा रही है। कब्जाइयो से कब्जा हटवा कर जमीन को तत्काल नगर पालिका परिषद के ईओ को सुपुर्द कर दिया गया है। चुनाव के बाद प्रशासन की ओर से पुनः कार्रवाई शुरू हो जाने के बाद अतिक्रमणकारियों के बीच हड़कंप मच गया है।

## महिला वर्ग में विवेक सिंह एकेडमी ने यूपी कालेज की टीम को 4-1 से हराया

# विवेक सिंह एकेडमी को पराजित कर यूपी पुलिस बनी चैंपियन

- प्रतियोगिता में 9 गोल मारने वाले सुमित को मैन ऑफ द टूनार्मेंट
- यूपी पुलिस ने शानदार खेल दिखाते हुए 7-6 से खिताबी मुकाबला जीत

**केटी न्यूज/वाराणसी**



16वीं ओलंपियन विवेक सिंह हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल विवेक सिंह हॉकी स्टेडियम में बीती रात खेला गया। दूधिया रोशनी में हुए इस फाइनल मैच में यूपी पुलिस और विवेक सिंह एकेडमी की टीम निर्धारित समय तक एक-एक गोल की बराबरी पर रही। अंत में टाई ब्रेकर में यूपी पुलिस ने इस प्राइज मनी प्रतियोगिता में 7-6 से मैच जीत लिये।

वहीं, बालिका वर्ग में विवेक सिंह एकेडमी ने यूपी कालेज की टीम को 4-1 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। विवेक सिंह स्टेडियम में फ्लड लाइट में गए 16वीं ओलंपियन विवेक सिंह हॉकी प्रतियोगिता में यूपी पुलिस ने खिताबी मुकाबला जीत लिया। मैच शुरू होते ही विवेक सिंह एकेडमी के खिलाड़ियों ने खेल में दम दिखाना शुरू किया। 8वें मिनट में मनीष यादव ने गोल कर दर्शक दीर्घा में बैठे प्रशंसकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा स्टेडियम गूंज उठा।

**दूसरे हाफ में यूपी पुलिस ने दिखाया दम :** पहले हाफ में एक गोल की बढ़त लेकर उत्तरी विवेक सिंह एकेडमी की टीम दूसरे हाफ में भी अटैकिंग मूड में नजर आयी। यूपी पुलिस के खिलाड़ियों ने दमदार खेल का प्रदर्शन किया। दूसरे हाफ के 15वें मिनट में यूपी पुलिस के सूरज सिंह ने गोल कर मैच को एक-एक से बराबरी पर ला खड़ा किया। फाइनल व्हिसिल बजने तक स्कोर एक-एक ही रहा।

**टाई ब्रेकर में यूपी पुलिस ने जीता खिताब**

मैच के ताई होने के बाद हुए टाई ब्रेकर में यूपी पुलिस ने शानदार खेल दिखाते हुए 7-6 से खिताबी मुकाबला जीत लिया। विजेता टीम की तरफ से दो गोल विशाल वर्मा, दो गोल राहुल यादव, दो गोल अमित यादव और एक गोल सूरज सिंह ने किया। वहीं विवेक सिंह एकेडमी की तरफ से दो गोल मनीष यादव, दो गोल विशाल सिंह और दो गोल चंदन ने किया। प्रतियोगिता में 9 गोल मारने वाले सुमित को मैन ऑफ द टूनार्मेंट घोषित किया गया।

**विवेक सिंह एकेडमी ने जीता बालिका वर्ग का खिताब:** बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले में विवेक सिंह एकेडमी, हरहुआ की टीम ने यूपी कालेज की टीम को 4-1 से हराकर खिताबी मुकाबला जीत लिया। विवेक सिंह एकेडमी की कोमल और खुशबू ने दो-दो गोल किये और यूपी कालेज की तरफ से लेखा ने एक गोल किया।






## गर्मी में रखना है सब्जी के पौधों को हरा भरा तो आजमाएं बेकिंग सोडा के हैक्स

**गर्मी के मौसम में पौधों को खास देखभाल करने की जरूर होती हैं। ऐसे में आप हम बताएंगे कि कैसे आप सब्जी के पौधों को फिर से हरा- भरा कर सकती हैं।**

गर्मी में लगे सब्जी के पौधों धूप के कारण सूखने लगे हैं तो इसे फिर से हरा– भरा करना चाहती हैं तो आपको हम बताएंगे कि आप कैसे बेकिंग सोडा की मदद से अपने घर के सब्जी के पौधों को फिर से ठीक कर सकती हैं। आज के इस आर्टिकल में हम आपको कुछ आसान हैक्स बताने वाले हैं।

### बेकिंग सोडा स्प्रे

सब्जी के पौधों की ग्रोथ को अगर आप बढ़ाना चाहती हैं तो आपको सब्जी के पौधों में बेकिंग सोडा से बना स्प्रे को आप डाल सकती हैं। ऐसे में आपके पौधों की ग्रोथ जो धूप के कारण रुप गई हैं वह फिर से बढ़ जाएगी।

### बेकिंग सोडा और चीनी

पौधों से कीड़े निकालने के लिए आप चाहे तो बेकिंग सोडा और चीनी की मदद ले सकती हैं। इससे ग्रे कलर के कीड़े जो गर्मी के दिनों में सब्जी में लग जाते हैं वह निकल जाएंगे। ऐसे में सब्जी के पौधों का ग्रोथ निकल जाता है।

### फंगस खत्म कैसे करें

पौधों से फंगस निकालने के लिए आप चाहे तो बेकिंग सोडा का इस्तेमाल कर सकती हैं। फंगस हमारे पौधे के ग्रोथ को रोक देते हैं। खासकर गर्मी के दिनों में सब्जी के पौधों में फंगस लग जाती हैं।

### पैच टेस्ट जरूर करें

बेकिंग सोडा कई पौधे के लिए अच्छा नहीं होता है। इसलिए सब्जी के पौधों में डालने से पहले आपको पैच टेस्ट करना होगा। इसके लिए पहले थोड़े से पौधे में बेकिंग सोडा को डालकर देखें अगर पौधे को किसी भी तरह का नुकसान नहीं होता है तो आप इसे पूरे पौधे में डाल सकती हैं।



# बेकिंग सोडा से चुटकियों में निपटाएं किचन से जुड़े ये काम

**आजकल खाने में मीठा सोडा या फिर बेकिंग सोडा का इस्तेमाल करना काफी नॉर्मल है। क्योंकि केक बनाने के लिए अनिवार्य तौर पर बेकिंग सोडा, मीठा सोडा या फिर बेकिंग पाउडर का इस्तेमाल किया ही जाता है। हालांकि, बेकिंग पाउडर और बेकिंग सोडा दोनों ही चीजें खाने को फुलाने के लिए इस्तेमाल की जाती हैं।**

जब इन्हें आटे या मैदा में मिलाया जाता है, तो ये चीजों के साथ रिएक्ट कर उन्हें फुलाने का काम करते हैं। लेकिन कभी आपने सोचा है कि आपके किचन में रखा बेकिंग सोडा कई कामों को आसान कर सकता है। जी हां, आप बेकिंग सोडा का इस्तेमाल सिर्फ खाना बनाने के लिए नहीं बल्कि किचन की सफाई या फिर काम को जल्दी से निपटाने के लिए कर सकती हैं, कैसे आइए जानते हैं।

### चीजों को जल्दी उबालने का करेगा काम

मीट, चिकन, दालें और कुछ सब्जियों को उबालने में कई बार देर लग जाती है और गैस की ज्यादा खपत भी होती है। इसलिए सब्जियों या फिर मीट को कुक करने के लिए आप इसमें थोड़ा–सा बेकिंग सोडा डाल सकती हैं। बता दें कि बेकिंग सोडा डालने से न सिर्फ आपकी चीजें जल्दी उबलेगी बल्कि आपका समय भी बचेगा।




### मीट को नरम करने के लिए करें इस्तेमाल

कई बार महिलाएं अपनी फ्रिज में अधिक मात्रा में मीट लाकर रख देती हैं, लेकिन फ्रिज में रखने से मीट सख्त हो जाता है। सख्त होने के कारण मीट देर से बनता है या फिर काफी समय तक नरम होने के लिए बाहर रखना पड़ता है। लेकिन अब आपके ऐसा करने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि आप मीट को नरम करने के लिए बेकिंग सोडा का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपका मीट बहुत जल्दी में नरम हो जाएगा।

### गैस स्टोव को करें क्लीन

बेकिंग सोडा घर की साफ–सफाई में बहुत काम आता है। इसके अंदर एक्सफोलिएटिंग गुण पाए जाते हैं, जो चीजों को साफ रखने का काम करते हैं। अगर आपकी गैस स्टोव गंदी हो गई है, तो आप बेकिंग सोडा इस्तेमाल कर चुटकियों में साफ कर सकती हैं।

### बेकिंग करने में आएगा काम

अगर आप ओवन में कुछ भी बना रही हैं, तो आप बेकिंग सोडा का इस्तेमाल करें। क्योंकि अक्सर महिलाओं को यह शिकायत रहती है कि ओवन में वह कुछ भी बनाती हैं, लेकिन यह फूलता नहीं हैं। तो आप इस समस्या से बचने के लिए बेकिंग सोडा डाल सकती हैं। इससे न सिर्फ आपकी चीजें जल्दी बेक होगी बल्कि स्वादिष्ट भी बनेगी।

### अंडा बनेगा एकदम परफेक्ट

आप अंडे को सॉफ्ट और स्पंजी बनाने के लिए बेकिंग सोडा का इस्तेमाल कर सकती हैं। आप तीन अंडे में 1/2 चम्मच बेकिंग सोडा मिला सकती हैं। हालांकि, आप अंडा जैसे बनाती हैं वैसे ही बनाएं, लेकिन बेकिंग सोडा के साथ कम मात्रा नमक इस्तेमाल करें।

### सब्जियों के कीड़े करें साफ

बरसात में अगर आप हरी सब्जी ज्यादा खाती हैं, तो आप इसमें से कीड़े बेकिंग सोडा की सहायता से निकाल सकती हैं। इसलिए आप 10 से 15 मिनट के लिए सब्जी को बेकिंग सोडा वाले पानी में भिगोकर रख दें। इसके बाद साफ पानी से अच्छी तरह धो लें। ऐसा करने से हरा धनिया पर लगे तमाम बैक्टीरिया साफ हो जाएंगे।

### सिंक को अंदर से करें साफ

आप सिंक ब्लॉकेज की समस्या से छुटकारा पाना चाहती हैं, तो आप नाली को बेकिंग सोडा से फ्लश करें। इसके लिए आपको बेकिंग सोडा की जरूरत पड़ेगी। नाली में 2–4 बड़े चम्मच बेकिंग सोडा छिड़क दें। इसके बाद 2–3 मिनट तक गर्म पानी डालते रहें। बस आपका सिंक पूरा साफ हो जाएगा।

### किचन में नहीं आएगी बदबू

कई बार किचन में रखा सामान खराब हो जाता है या फिर मीट की बदबू आने लग जाती है। अगर आपके साथ भी ऐसा होता है तो आप इस समस्या से बेकिंग सोडा की मदद से छुटकारा पा सकती हैं। इसके लिए बस आपको किचन की सफाई के दौरान बेकिंग सोडा का इस्तेमाल करना है या फिर हर्बल पाउच के साथ स्टोर करना है।





# ऐसे करें पटियाला सूट को स्टाइल, दिखेंगी लाजवाब

पटियाला सूट ज्यादातर पंजाब में ही पहना जाता है। महिलाओं से लेकर कम उम्र की लड़कियों तक सभी इसे पहनना पसंद करती हैं और वे तरह–तरह से इसे स्टाइल कर पहनती हैं। वहीं कुछ महिलाएं ऐसी भी मौजूद हैं जो पंजाबी कल्चर से बिल्कुल अनजान हैं, लेकिन वे पटियाला सलवार सूट को ट्राई करना चाहती हैं। अगर आप भी उन्हीं महिलाओं में से एक हैं तो इस आर्टिकल को आखिर तक जरूर पढ़ें। जिसमें हम आपको बताने वाले हैं कि आप पटियाला सलवार सूट को पहनते समय किन बातों का ख्याल रखें ताकि आप दिखें बेहद स्टाइलिश।

### इस तरह का चुनें दुपट्टा


- अगर आप पटियाला सूट पहन रही हैं तो आप दुपट्टे के लिए फुलकारी दुपट्टे को चुनें।
- फुलकारी दुपट्टा पंजाब की शान है और इसे आप अपने पटियाला सलवार सूट के साथ आसानी से कैरी कर सकती हैं।
- पटियाला सलवार सूट के साथ फुलकारी दुपट्टा चुनते समय कलर कंट्रास्ट का ख्याल जरूर रखें।
- अगर आप कुछ अलग ट्राई करना चाहती हैं तो आप नेट के हैवी दुपट्टे को भी चुन सकती हैं।

### ऐसे हेयर स्टाइल लगेंगे बेस्ट



- पटियाला सलवार सूट के साथ आप पंजाबी स्टाइल ब्रैड ही करें ताकि आपका लुक कंप्लीट दिखाई दें।
- ऐसा करने से आपका लुक टिपिकल पंजाबन जैसा दिखाई देने लगेगा।
- साथ ही ब्रैड हेयर स्टाइल को कंप्लीट लुक देने के लिए आप इसमें परांदी का इस्तेमाल करें।
- इसके लिए आप अपनी ऑउटफिट से मैचिंग कलर या कंट्रास्ट वाली कोई भी परांदी को खरीद सकती हैं।


### इस तरह से करें ज्वेलरी को स्टाइल



- पंजाबी स्टाइल सूट के साथ आप ज्वेलरी के लिए हैवी इयररिंग्स को कैरी करें।
- ऐसा करने से आपका लुक बेहद गॉर्जियस दिखाई देगा।
- साथ ही हैवी लुक देने के लिए आप चाहे तो बड़े साइज वाले मांग टिके को भी पहन सकती हैं।
- ध्यान रहे कि ज्वेलरी खरीदते समय आप अपने ऑउटफिट के कलर कंट्रास्ट का ख्याल जरूर रखें ताकि आपका लुक स्टाइलिश और यूनिक दिखाई देने लगे।

### ये फुटवियर लगते हैं परफेक्ट

- अगर आप पटियाला सूट पहन रही हैं तो फुटवियर पर भी खास ध्यान देना जरूरी होता है।
- इस तरह के सलवार सूट के साथ आप फुटवियर के लिए पंजाबी जुती को चुनें।
- इस तरह की जुती को गुरगाबी जुती कहा जाता है जो कि देखने में बेहद रंग–बिरंगी होती है और पहनने में बेहद आरामदायक भी होती है।
- इस तरह की जुती आपको मार्केट में करीब 200 रुपये से लेकर 400 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी।





**घर की सफाई करते वक्त अक्सर लोग कुछ गलतियां कर देते हैं, जिससे फ्लोर उस समय साफ तो हो जाता है, पर कुछ ही देर में यह गंदा भी दिखने लगता है। आइए हम आपको बताते हैं कि क्या नहीं करनी चाहिए।**

# घर के फ्लोर को साफ करते वक्त कहीं आप भी तो नहीं करती हैं ये गलतियां?

घर के फ्लोर की साफ करते वक्त कई बार लोग कुछ गलतियां कर देते हैं, जिससे फर्श के काले–पीले दाग–धब्बे वैसे ही रह जाते हैं। कुछ लोग तो इसकी सफाई के दौरान गलत प्रोडक्ट का इस्तेमाल कर लेते हैं, जिसके कारण भी ऐसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अगर आपकी भी ये शिकायत है कि फ्लोर साफ करने के बाद भी यह शीशे की तरह नहीं चमकता है, तो हो सकता है कि आपसे कोई मिस्टेक हो गए हों। आइए हम आपको बताते हैं कि किन गलतियों के कारण आपके घर का फर्श घंटों मेहनत के बाद भी नहीं साइन करता है।

### फर्श को साफ करने के दौरा ये हैं कुछ आम गलतियां

गलत सफाई उत्पादों का उपयोग करना फर्श की सतह के लिए गलत सफाई उत्पादों का उपयोग करना फर्श को नुकसान पहुंचा सकता है। लकड़ी के फर्श के लिए, आपको खासकर लकड़ी के फर्श क्लीनर का उपयोग करना चाहिए। टाइल या पत्थर के फर्श के लिए, आप एक बहुउद्देशीय क्लीनर का उपयोग कर सकते हैं।

### फर्श को ज्यादा गीला कर देने की गलती

फर्श को बहुत गीला करने से लकड़ी के फर्श को नुकसान हो सकता है। वहीं, अगर टाइल्स या पत्थर के फर्श हैं, तो इसपर फिसलन हो सकती है। इसके अलावा, इसे सूखने में भी काफी समय लगता है।

### फर्श को अच्छी तरह से न सुखाना

फर्श को अच्छी तरह से न सुखाने से फर्श पर दाग लग सकते हैं और लकड़ी के फर्श को काफी नुकसान हो सकता है। फर्श को साफ करने के बाद, इसे हमेशा एक सूखे कपड़े से अच्छी तरह जरूर सुखाएं।

### खरोंच पैदा करने वाले चीजों से न करें फ्लोर की सफाई

फर्श पर खरोंच पैदा करने वाले चीजों का उपयोग करने से फर्श को नुकसान पहुंच सकता है। फर्श को साफ करने के लिए कभी भी स्टील वूल या खुरदरे स्पंज का उपयोग न करें।

### नियमित रूप से सफाई न करना

फर्श को नियमित रूप से साफ न करने से इसपर गंदगी और ज्यादा जम सकती है। ऐसे में, फर्श को साफ करना और भी ज्यादा मुश्किल हो सकता है। अपने फर्श को हर हफ्ते या दो हफ्ते में कम से कम एक बार जरूर साफ करें।



# शेयर बाजार नई ऊंचाइयों पर, सेंसेक्स पहली बार 77000 के पार



**मुंबई, एजेंसी।** हफ्ते के पहले कारोबारी दिन यानी सोमवार 10 जून को सेंसेक्स 386 अंक चढ़कर 77079 के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया। निफ्टी में भी 121 अंकों की तेजी है, यह भी 23,411 के रिकॉर्ड हाई पर पहुंचा। हालांकि, अब बाजार में मामूली गिरावट है।

आज के कारोबार में सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 14 में तेजी और 16 में गिरावट है। पावरग्रिड का शेयर सबसे ज्यादा 3.30 प्रतिशत चढ़ा है। वहीं एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक, नेस्ले और एसबीआई के शेयरों में 1 प्रतिशत से ज्यादा कि तेजी है। टेक महिंद्रा, विप्रो, इंफोसिस के शेयरों में गिरावट है।

नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण के बाद केंद्र सरकार को लेकर अब ज्यादा स्पष्टता आ गई है। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने सरकार बनाई है। इसलिए, सेंसेक्स 77079 के रिकॉर्ड हाई पर पहुंच गया है। 12 जून को मई महीने की महंगाई के आंकड़े जारी होने वाले हैं। अर्थशास्त्रियों को उम्मीद है कि रिटेल महंगाई अप्रैल के 4.83 प्रतिशत से घटकर 4.80 प्रतिशत पर आ जाएगी। महंगाई का कंट्रोल में रहना शेयर बाजार के लिए पॉजिटिव संकेत है।

रिलायंस, एक्सिस बैंक, पावरग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट और एनटीपीसी के शेयर बाजार को चढ़ाने में टॉप कॉन्ट्रीब्यूटर्स है। इंफोसिस, एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, एचसीएल टेक और टेक महिंद्रा बाजार को नीचे खींच रहे हैं।

**अमेरिकी बाजार में शुक्रवार को गिरावट रही थी:** शुक्रवार को अमेरिकी बाजार गिरावट पर बंद हुए थे। डाओ जोंस में 87 अंकों की कमजोरी देखने को मिली और यह 38799 के लेवल पर बंद हुआ। नैस्डेक कंपोजिट में 40 अंकों की गिरावट रही। यह 17133 के स्तर पर बंद हुआ।

**7 जून को सेंसेक्स 76,795 ने ऑलटाइम हाई बनाया था:** रिजर्व बैंक के जीडीपी अनुमान बढ़ाने के बाद हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी, 7 जून को सेंसेक्स 76,795 के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया था। हालांकि, बाद में ये थोड़ा नीचे आया और सेंसेक्स 1,618 अंक की बढ़त के साथ 76,693 पर बंद हुआ।

वहीं, निफ्टी में भी कारोबार के दौरान करीब 500 अंकों की बढ़त देखने को मिली और ये 23,320 के स्तर पर पहुंचा। निफ्टी 468 अंक की बढ़त के साथ 23,290 के स्तर पर बंद हुआ। ये निफ्टी का ऑलटाइम क्लोजिंग हाई है।

सेंसेक्स के सभी 30 शेयरों में तेजी रही। एम एण्ड एम का शेयर सबसे ज्यादा 5.83 प्रतिशत चढ़ा है। वहीं आईटी कंपनी विप्रो और टेक महिंद्रा में करीब 5 प्रतिशत की तेजी रही। टाटा स्टील, इंफोसिस और भारती एयरटेल के शेयर करीब 4 प्रतिशत चढ़े हैं।

शुरुआती कारोबार के दौरान सेंसेक्स को रिकॉर्ड हाई तक पहुंचाने में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड, एसबीआई और कोटक महिंद्रा बैंक का सबसे अधिक योगदान रहा। दूसरी ओर, इंफोसिस, टीसीएस, एचसीएल टेक और टेक महिंद्रा के शेयरों ने इंडेक्स पर दबाव बनाया। दूसरी ओर, इंफोसिस, टीसीएस, एचसीएल टेक और टेक महिंद्रा के शेयरों ने इंडेक्स पर दबाव बनाया। निफ्टी आईटी को छोड़कर सभी इंडेक्स सोमवार को बढ़त के साथ खुले। निफ्टी आईटी में शुरुआती कारोबार के दौरान 0.9 प्रतिशत की गिरावट दिखी। यह गिरावट अमेरिका में मासिक रोजगार के मजबूत आंकड़े सामने आने आने के बाद दिखी। इन आंकड़ों से इस बात का अंदेशा बढ़ा है कि फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कटौती करने में और समय ले सकता है।

## अस्थिर बाजार में निवेश के लिए अभी करें इंतजार, शेयर मार्केट में चल रही उठक-पटक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार अभी भारी अस्थिरता से गुजर रहा है। ऐसे में अगर आप निवेश करना चाहते हैं तो नई सरकार आने के कुछ समय तक इंतजार करें।दरअसल, म्यूचुअल फंड सहित जो संस्थागत निवेशक हैं, उनकी नई सरकार के मंत्रालयों के बंटवारे पर नजर है क्योंकि इस बार भाजपा की सीटें घटने से कुछ मंत्रालय उसके सहयोगी दल रखेंगे।
शेयर बाजार में एक जून से भारी उठा-पटक देखने को मिल रहा है। कभी 2,600 अंक की तेजी तो कभी 4,000 अंक गिरावट।दरअसल, चुनावों के बाद से काफी कुछअब भी अस्पष्ट है। ऐसे में निवेश करना चाहते हैं तो थोड़ा इंतजार करें। शेयर बाजार अभी भारी अस्थिरता से गुजर रहा है।
ऐसे में अगर आप निवेश करना चाहते हैं तो नई सरकार आने के कुछ समय तक इंतजार करें।दरअसल, म्यूचुअल फंड सहित जो संस्थागत निवेशक हैं, उनकी नई सरकार के मंत्रालयों के बंटवारे पर नजर है क्योंकि इस बार भाजपा की सीटें घटने से कुछ मंत्रालय उसके सहयोगी दल रखेंगे। इस बार भाजपा को सहयोगी दलों की शर्तों पर काम करना होगा, जिससे सरकार के लिए पिछले 10 वर्षों के ट्रैक पर काम करना मुश्किल हो सकता है। ऐसे में बाजार के उछाल में नरमी भी आ सकता है या तेजी और ज्यादा हो सकती है। जिस तरह की सरकार बनी है और जैसे मंत्रालयों का बंटवारा होगा, उसमें यह मुश्किल है कि सरकार सुधारों को उसी तरह से जारी रखेगी, जैसा पहले था। दो-तीन वर्षों में देखें तो सरकारी कंपनियों के शेयरों ने कई गुना रिटर्न दिया है। पर अब इसमें थोड़ा ठहराव आ सकता है। सरकारी कंपनियों के शेयर अभी ऊंचे भाव पर हैं। ऐसे में अगर निवेश इन शेयरों से थोड़ा दूरी बनाएं और इंतजार की रणनीति अपनाएं।

**बेहतर शेयरों में जारी रख सकते हैं निवेश :** विश्लेषकों का मानना है कि पांच साल तक राजनीतिक स्थिरता का संकेत है। कुछ दिनों से हो रहे उतार-चढ़ाव से पता चलता है कि अच्छे दिनों में निवेशकों को क्यों निवेशित रहना चाहिए और गिरावट का लाभ उठाते हुए इक्विटी में निवेश बढ़ाना चाहिए। सरकार में घटक दलों के शामिल होने से जोर कल्याणकारी योजनाओं पर होगा। इससे उपभोग और ग्रामीण मांग बढ़ेगी। यही वजह है कि एफएमसीजी बेहतर कर रहे हैं।

**बेहतर शेयरों में जारी रख सकते हैं निवेश :** विश्लेषकों का मानना है कि पांच साल तक राजनीतिक स्थिरता का संकेत है। कुछ दिनों से हो रहे उतार-चढ़ाव से पता चलता है कि अच्छे दिनों में निवेशकों को क्यों निवेशित रहना चाहिए और गिरावट का लाभ उठाते हुए इक्विटी में निवेश बढ़ाना चाहिए। सरकार में घटक दलों के शामिल होने से जोर कल्याणकारी योजनाओं पर होगा। इससे उपभोग और ग्रामीण मांग बढ़ेगी। यही वजह है कि एफएमसीजी बेहतर कर रहे हैं।
बड़ी गिरावट के बाद बाजार फिर पुराने स्तर पर एक जून को मतदान के अंतिम चरण के बाद आए एग्जिट पोल पर तीन जून को बीएसई सेंसेक्स 2,507 अंक की तेजी के साथ 76,469 के सार्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। निवेशकों ने उस दिन जबरदस्त कमाई की। चुनाव नतीजों के बाद सेंसेक्स 6,000 अंक तक टूट गया, जिससे निवेशकों को 45 लाख करोड़ रुपये तक का नुकसान हुआ। हालांकि, शाम तक बाजार बंद होने पर घाटा कम होकर 31 लाख करोड़ रह गया। हालांकि, 3 जून से अब तक बाजार ने उतार-चढ़ाव देखे हैं। अब घाटा करीब पूरा हो चुका है और सेंसेक्स फिर 76,000 पार पहुंच गया है।

## भीषण गर्मी व चुनाव से मांग प्रभावित, यात्री वाहन की खुदरा बिक्री मई में एक प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भीषण गर्मी और चुनाव के कारण मांग प्रभावित होने से मई में घरेलू यात्री वाहन खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर एक प्रतिशत की गिरावट आई। उद्योग निकाय फाडा ने सोमवार को यह जानकारी दी। यात्री वाहनों का पंजीकरण मई में घटकर 3,03,358 इकाई रह गया, जबकि मई 2023 में यह 3,35,123 इकाई था।

फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने कहा, ''डीलरों ने पिछले महीने बिक्री में गिरावट के लिए चुनाव, भीषण गर्मी और बाजार में नकदी की समस्या को प्रमुख कारण बताया है। उन्होंने कहा कि बेहतर आपूर्ति, कुछ लंबित बुकिंग और छूट योजनाओं के बावजूद नए मॉडल की कमी, तीव्र प्रतिस्पर्धा और मूल उपकरण निर्माताओं (ओईएम) द्वारा खराब विपणन प्रयासों ने भी बिक्री को प्रभावित किया।

सिंघानिया ने कहा कि अत्यधिक गर्मी के कारण शोरूम में आने वाले ग्राहकों की संख्या में करीब 18 प्रतिशत की गिरावट आई है। मई




में दोपहिया वाहनों की बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 15,34,856 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 14,97,778 इकाई थी।

पिछले महीने तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 20 प्रतिशत बढ़कर 98,265 इकाई हो गई। वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री पिछले महीने चार प्रतिशत बढ़कर 83,059 इकाई रही, जबकि मई 2023 में यह 79,807 इकाई थी। फाडा 15,000 से अधिक मोटर वाहन डीलरशिप का प्रतिनिधित्व करता है। उसने देश भर के 1,503 आरटीओ में से 1,360 से वाहन खुदरा आंकड़े एकत्र किए हैं।

## किंगमेकर बनते ही चंद्र बाबू नायडू परिवार की संपत्ति में 1225 करोड़ का इजाफा, ये है कारण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एन चंद्रबाबू नायडू के परिवार की संपत्ति में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आंध्र प्रदेश स्थित हेरिटेज फूड्स के शेयरों में पिछले 12 कारोबारी सत्रों में 105त्न से अधिक की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस उछाल से परिवार की संपत्ति में 1,225 करोड़ रुपये की आश्चर्यजनक वृद्धि दर्ज की गई।



पिछले पांच साल से सत्ता से बाहर चल रहे चंद्र बाबू नायडू की किस्मत ने पलटी मारी है। ना केवल आंध्र प्रदेश में उनकी सत्ता में वापसी हुई है, बल्कि 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद वे केंद्र सरकार के लिए भी किंग मेकर की भूमिका में आए गए हैं।

इस बीच, एन चंद्रबाबू नायडू के परिवार की संपत्ति में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आंध्र प्रदेश स्थित हेरिटेज फूड्स के शेयरों में पिछले 12 कारोबारी सत्रों में 105त्न से अधिक की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस उछाल से परिवार की संपत्ति में 1,225 करोड़ रुपये की आश्चर्यजनक वृद्धि दर्ज की गई।

सोमवार को, हेरिटेज फूड्स के शेयर बीएसई पर 727.9 रुपये के नए 52-सप्ताह के उच्च स्तर पर पहुंच गए। कंपनी के शेयरों में 10त्न का ऊपरी सर्किट लगा। दो हफ्ते पहले यानी 23 मई को कंपनी के शेयर 354.5 के भाव पर बंद हुए थे। 3 जून (चुनाव परिणाम से एक दिन पहले) से 10 जून तक कंपनी के शेयरों में मजबूत वृद्धि दिखी। आंध्र प्रदेश के मनोनीत मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के परिवार की कंपनी में कुल हिस्सेदारी 35.71 प्रतिशत है। परिवार के पास कंपनी के 3,31,36,005 शेयर हैं।

## घर में तय सीमा से अधिक सोना रखा तो देना पड़ेगा हिसाब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आप घर में जितना चाहें उतना सोना रख सकते हैं।बशर्ते...कर अधिकारियों के पूछने पर आपको यह बताना पड़ेगा कि आपके घर में रखे सोने को खरीदने के लिए आपके पास पैसा कहां से आया।केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के मुताबिक, घोषित आय से की गईसोने की खरीद पर कोईकर नहीं देना पड़ता है।



सोना एक बहुमूल्य धातु और निवेश का सुरक्षित साधन है।भारतीय त्योहारों पर सोना खरीदना शुभ मानते हैं। लोग अपने बच्चों की शादी के लिए पहले से ही सोना खरीदकर घर में रखना शुरू कर देते हैं। हालांकि, ज्यादातर लोग इस बात से अनजान होते हैं कि घर में एक सीमा से ज्यादा सोना रखने पर आयकर विभाग को उसका हिसाब देना पड़ता है। दरअसल, आप घर में जितना चाहें उतना सोना रख सकते हैं।बशर्ते...कर अधिकारियों के पूछने पर आपको यह बताना पड़ेगा कि आपके घर में रखे सोने को खरीदने के लिए आपके पास पैसा कहां से आया।केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के मुताबिक, घोषित आय से की गईसोने की खरीद पर कोईकर नहीं देना पड़ता है।

## पेटीएम में फिर चली छंटनी की तलवार, इस वजह से कर्मचारियों को निकाला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने कर्मचारियों की छंटनी की है। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम का स्वामित्व है। कंपनी ने एक बयान में दावा किया कि वह कर्मचारियों के सुचारू रूप से स्थानांतरण के लिए उन्हें 'आउटप्लेसमेंट' (कहीं और भर्ती) सहायता उपलब्ध करा रही है।




हालांकि, बयान में कितने कर्मचारियों की छंटनी की गई है इसकी संख्या उजागर नहीं की गई। जनवरी-मार्च 2024 तिमाही में पेटीएम के कर्मचारियों (बिक्री) की संख्या तिमाही आधार पर करीब 3,500 घटकर 36,521 रह गई, जिसका मुख्य कारण भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पेटीएम पेमेंट्स बैंक की सेवाओं पर प्रतिबंध लगाना था। कंपनी ने सोमवार को एक बयान में कहा, ''कंपनी के मानव संसाधन दल 30 से अधिक कंपनियों के साथ सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं जो वर्तमान में कर्मचारियों की भर्ती कर रही हैं। उन कर्मचारियों को सहायता प्रदान कर रही हैं जिन्होंने अपनी जानकारी साझा करने का विकल्प चुना है, जिससे उनके तत्काल दूसरी जगह भर्ती में मदद मिल रही है।'' भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने व्यापारियों सहित ग्राहकों के हित को ध्यान में रखते हुए पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते, वॉलेट और फास्टैग में जमा, क्रेडिट लेनदेन या टॉप-अप स्वीकार करने से 15 मार्च से रोक दिया था। फिनटेक कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में घाटा बढ़कर 550 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी ने जनवरी-मार्च तिमाही में पीपीबीएल में 39 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए 227 करोड़ रुपए के निवेश को बट्टे खाते में डाला है। पेटीएम के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा की पीपीबीएल में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

### संक्षिप्त समाचार



## वाहन चालकों के लिए जरूरी खबर! केंद्र सरकार जल्द लागू करेगी न्यू टोल टैक्स सिस्टम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत सरकार देश में सैटेलाइट आधारित इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन शुरू करने की योजना बना रही है। सबसे पहले इसे कॉमर्शियल वाहनों के लिए लागू किया जाएगा। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से प्राइवेट कार, जीप और वैन के लिए भी इस तकनीक को लागू किया जाएगा। इस ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम को अगले दो साल में सभी टोल कलेक्शन पॉइंट्स पर स्थापित करने की प्लानिंग चल रही है। इससे टोल प्लाजा और फास्टैग का काम समाप्त हो जाएगा।

**ऐसे हो रही प्लानिंग:** नई तकनीक की वजह से टोल प्लाजा पर लगने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी। इस तकनीक के तहत उपयोगकर्ता को जितनी दूरी का सफर करना होगा, उसके हिसाब से टोल का भुगतान करना होगा। जीएनएसएस आधारित टोल सिस्टम बैरियर-फ्री इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन होगा, जिसमें वाहन के मूवमेंट को ट्रैक करके यह निर्धारित किया जाएगा कि उस वाहन ने कितने किलोमीटर की यात्रा की है।

**ये होगी खासियत:** मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाईवे के तहत काम करने वाली नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने जीएनएसएस-बेस्ड इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन सिस्टम को भारत में लागू करने के लिए ग्लोबल कंपनियों को इनवाइट किया है। हर टोल प्लाजा में दो या उससे ज्यादा जीएनएसएस लेन होंगी, जिनमें अग्रिम रीडर होंगे जो जीएनएसएस वाहनों की पहचान करेंगे। जीएनएसएस लेन में प्रवेश करने वाले गैर-जीएनएसएस वाहनों से अतिरिक्त शुल्क लिया जाएगा। जीएनएसएस बेस्ड टोलिंग सिस्टम को पहले तीन महीनों में 2,000 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग पर लागू किया जाएगा। इसके बाद अगले नौ महीनों में इसे 10,000 किमी तक और 15 महीनों में 25,000 किमी टोल राजमार्गों और 50,000 किमी तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

बता दें कि वर्तमान में भारत में फास्टैग इकोसिस्टम मौजूद है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन रेडियो फ्रीक्वेंसी पहचान तकनीक का यूज किया जाता है, जिसे 2015 में फास्टैग के रूप में पेश किया गया था।

## कंपनी में गड़बड़ी के सवाल उठा सुजलॉन के डायरेक्टर का इस्तीफा, शेयर में लोअर सर्किट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिन्यूएबल एनर्जी सॉल्यूशन प्रोवाइडर सुजलॉन एनर्जी ने सोमवार को कहा कि संगठन में कोई वित्तीय अनियमितता या अनुपालन उल्लंघन नहीं हुआ है। कंपनी के इंडीपेंडेंट डायरेक्टर मार्क डेसेडेलेर ने शनिवार को इस्तीफा दे दिया था। मार्क ने आठ जून 2024 को दिये गए अपने इस्तीफे में कंपनी के भीतर कॉर्पोरेट प्रशासन के मुद्दों को उठाया था। मार्क डेसेडेलेर ने अपने इस्तीफे में कहा, ''मैं पिछले 18 महीने में कंपनी द्वारा दर्ज की गई ऑपरेशनल और फाइनेंशियल परफॉर्मेंस से बहुत खुश हूं। हालांकि, इसी अवधि में और हाल ही में, कई ऐसी स्थितियां आईं जहां कंपनी द्वारा लागू किए गए कॉर्पोरेट प्रशासन के मानक मेरी अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतरे। इनमें ऐसी स्थितियां भी शामिल हैं, जहां कम्यूनिकेशन में खुलेपन व पारदर्शिता का अभाव था, जिनकी (मामलों की) जानकारी में चाहता था।''

**मार्क ने पत्र में कही यह बात:** उन्होंने कहा, ''हमने इनमें से कई स्थितियों पर चर्चा की, कुछ को निदेशक मंडल के सदस्यों के साथ साझा किया गया और मैंने हाल ही में आपको इन स्थितियों को लेकर एक पत्र भेजा है। इस उम्मीद के साथ कि इस जानकारी का उपयोग सही तरीके से किया जा सकता है।'' उन्होंने कहा, ''इसके मद्देनजर मैंने कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में अपने पद और सभी संबद्ध समिति सदस्यता से इस्तीफा देने का फैसला किया।''सुजलॉन एनर्जी ने कहा, ''कंपनी स्पष्ट रूप से दोहराती है कि संगठन के भीतर कोई वित्तीय अनियमितता या अनुपालन उल्लंघन नहीं है।''

## भारत की 3,851 लिस्टेड कंपनियों पर भारी अमेरिका की केवल दो कंपनियां

### कई देशों की जीडीपी से ज्यादा है मार्केट कैप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी है। उसकी कई कंपनियों का मार्केट कैप कई देशों की जीडीपी से अधिक है। दुनिया की टॉप 10 कंपनियों में आठ अमेरिका की हैं। अगर हम केवल माइक्रोसॉफ्टऔर ऐपल की बात करें तो इन दोनों कंपनियों का मार्केट कैप भारत की 3,851 लिस्टेड कंपनियों से अधिक है। अगर इसमें एनवीडिया को भी मिला दिया जाए तो ये तीनों कंपनियों चीन की 5,300 लिस्टेड कंपनियों पर भारी बैठती हैं। फिलहाल माइक्रोसॉफ्ट 3.150 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी है। आईफोन और आईपैड बनाने वाली ऐपल 3.019 ट्रिलियन डॉलर के साथ दूसरे और एनवीडिया 2.973 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ तीसरे नंबर पर है। अगर इन तीनों कंपनियों के मार्केट कैप को मिला लिया जाए तो ये अमेरिका और चीन को छोड़कर बाकी सभी देशों की जीडीपी पर भारी हैं।

माइक्रोसॉफ्ट और ऐपल का कंबाइंड मार्केट कैप 6.15 ट्रिलियन डॉलर के करीब है जबकि बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 5.06 ट्रिलियन डॉलर है। अगर माइक्रोसॉफ्ट और ऐपल में एनवीडिया को भी शामिल कर लिया जाए तो इन तीनों कंपनियों का कंबाइंड मार्केट कैप 9.2 ट्रिलियन डॉलर पहुंच जाता है जबकि शंघाई स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप नौ ट्रिलियन डॉलर है। अमेरिका 28.783 ट्रिलियन डॉलर के साथ दुनिया की सबसे बड़ी इकॉनमी है। चीन (18.536 ट्रिलियन डॉलर) दूसरे और जर्मनी (4.730 ट्रिलियन डॉलर) तीसरे नंबर पर है। एनवीडिया का मार्केट कैप फरवरी में दो ट्रिलियन डॉलर पहुंचा था और हाल में उसने तीन ट्रिलियन डॉलर को छू लिया। एआई की बढ़ती डिमांड से एनवीडिया के शेयरों में तेजी आ रही है। कंपनी का शेयर पिछले साल 239त्न उछला था जबकि इस इसमें 150त्न तेजी आ चुकी है। दुनिया की टॉप 100



कंपनियों में अमेरिका का दबदबा है। इस लिस्ट में अमेरिका की 61 कंपनियां हैं। टॉप 10 में केवल सऊदी अरामको और ताइवान की टीएसएमसी को ही जगह मिली है। जहां तक टॉप 100 की बात है तो इसमें चीन की 10 कंपनियां शामिल हैं। भारत की केवल तीन कंपनियों को इसमें जगह मिली है। भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज 238.33 अरब डॉलर के मार्केट कैप के साथ इस लिस्ट में 45वें नंबर पर है। टाटा ग्रुप की दिग्गज आईटी कंपनी टीसीएस 75वें नंबर पर है। इसका मार्केट कैप 167.09 अरब डॉलर है। वहीं एचडीएफसी बैंक को भी इस लिस्ट में जगह मिली है। 149.77 अरब डॉलर की वैल्यू के साथ यह 90वें नंबर पर है।




## एम्बेसी ग्रुपप की हॉस्पिटैलिटी कंपनी ओलिव का 2023-24 में राजस्व 76 प्रतिशत बढ़कर 51 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रियल एस्टेट कंपनी एम्बेसी समूह द्वारा प्रवर्तित आतिथ्य प्रबंधन स्टार्टअप ओलिव का पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में राजस्व 76 प्रतिशत बढ़कर 51 करोड़ रुपए रहा। ऑलिव के पास वर्तमान में बेंगलुरु, मुंबई और गोवा में 55 को-लिविंग सेंटर और होटल हैं। कंपनी चार ब्रांड ऑलिव लाइफ, ऑलिव जिप, ऑलिव होटल और विला ऑलिव चलाती है। ओलिव के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी कहरमन यिगित ने कहा, ''वित्त वर्ष 2022-23 में हमने 29 करोड़ रुपए का खंड राजस्व हासिल किया। 2023-24 में हमारा राजस्व 75.86 प्रतिशत बढ़कर 51 करोड़ रुपए हो गया। उन्होंने राजस्व में वृद्धि का श्रेय खंड विस्तार के साथ-साथ प्रत्येक कमरे पर हासिल की गई कीमत को दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### कनाडा के खुफिया प्रमुख ने दो बार भारत का गुपचुप दौरा किया, निज्जर हत्याकांड की जानकारी साझा की

**ओटावा, एजेंसी।** खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद से भारत और कनाडा के बीच संबंध अच्छे नहीं रहे हैं।



संबंधों में तनाव के बीच, कनाडा की खुफिया एजेंसी के प्रमुख डेविड विग्नॉल्ट ने इस साल फरवरी और मार्च में दो बार गुपचुप तरीके से भारत का दौरा किया। डेविड की इन यात्राओं का उद्देश्य भारतीय अधिकारियों को निज्जर की हत्या से संबंधित मामले से अवगत कराना था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, खुफिया एजेंसी प्रमुख ने निज्जर हत्याकांड में ओटावा की जांच के दौरान सामने आई जानकारी को भारतीय अधिकारियों के साथ साझा किया। हालांकि, कनाडा के अधिकारियों ने ये जानकारी साझा करने से इन्कार कर दिया कि विग्नॉल्ट की भारत यात्रा के दौरान अधिकारियों से क्या बातचीत हुई। बातचीत पर टिप्पणी करने से बचे कनाडा के अधिकारी कनाडा के एक अधिकारी ने कहा, हम इस बात की पुष्टि करते हैं कि सीएसआईएस के निदेशक डेविड विग्नॉल्ट भारत आए, लेकिन भारतीय अधिकारियों के साथ बंद कमरे में हुई बैठकों के दौरान उनकी क्या बात हुई, इस पर हम टिप्पणी नहीं कर सकते। कहा कि जब से कनाडा को विश्वनीय आरोपों के बारे में पता चला है, तब से निज्जर हत्याकांड की सभी संभव जानकारी कई माध्यमों से भारत को उपलब्ध कराई है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री ने भी सार्वजनिक रिकॉर्ड पर इस बात का उल्लेख किया है। बता दें कि 18 जून 2023 को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर हरदीप सिंह निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) निज्जर हत्याकांड की जांच कर रही है। पुलिस ने निज्जर की हत्या में कथित संलिप्तता के चलते चार भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें अमनदीप सिंह, करणप्रीत सिंह, कमलप्रीत सिंह और करण बरार शामिल हैं।

### 693 लोगों को ब्लड डोनेट कर चुका यह शख्स, अब तक 29 गैलन खून दान

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** दुनिया में फरिश्तों की कमी नहीं, जो अपने नहीं दूसरे के लिए भी जीते हैं और वक्त निकालते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका का एक शख्स 49 साल से ब्लड डोनेट कर रहा है। यह आदमी अब तक 29 गैलन खून (करीब 110 लीटर) दान कर चुका है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इसने रक्त दान से 693 लोगों की मदद की है। वह इस काम को मल्टी टास्किंग कहते हैं। उनका कहना है कि वह हर 56 दिन में ब्लड डोनेट करते हैं। न्यूयॉर्क पोस्ट को दिए एक बयान में उन्होंने कहा कि जब पहली बार ब्लड डोनेट किया तो बिल्कुल अच्छा नहीं लगा। चक्कर आ रहे थे। लेकिन, अब उन्हें खून दान करने में बहुत अच्छी फीलिंग आती है। वह इस काम से बहुत खुश हैं। अमेरिकी राज्य लॉन्ग आइलैंड के हेनरी बिकॉफ ने ब्लड डोनेट का काम 1975 में शुरू किया था। उनका कहना है कि उस वक्त वह कॉलेज में पढ़ते थे। न्यूयॉर्क ब्लड सेंटर के मुताबिक, 68 साल के हेनरी ने अब तक ब्लड डोनेट से 693 लोगों की मदद की है। वह 49 वर्षों में 29 गैलन (लगभग 110 लीटर) रक्त दान कर चुके हैं। हेनरी अब तक कितना ब्लड डोनेट कर चुके हैं? इसका अंदाजा ऐसे लगा सकते हैं कि यह 870 सिंगल-सर्व आइसक्रीम स्कूप, 310 कोक कैन या लगभग छह गैलन ऑफिस वॉटर कूलर की बोतलों के बराबर है। उन्होंने न्यूयॉर्क पोस्ट को बताया, मैं इसे बहुत समय से कर रहा हूं। यह अब मेरे लिए दैनिक कार्य जैसा है। ऐसा करके मुझे अच्छी पहचान भी मिल रही है। इससे बहुत अच्छा लगता है। आई स्पेशलिस्ट हेनरी का कहना है कि उन्होंने पहली बार ब्लड डोनेट किया वो कॉलेज में थे। हालांकि पहली बार का अनुभव बिल्कुल भी अच्छा नहीं था। मुझे चक्कर आ रहे थे। अस्पताल ने मुझे खाने के लिए कुछ नहीं दिया, न ही आराम मिला। उन्होंने आगे कहा कि मैं इसे मल्टीटास्किंग मानता हूं। मैं हर 56 दिन में रक्त दान करने के लिए समय निकालता हूं। पिछले कई वर्षों से मैं ऐसा रूटीन बना चुका हूं। हेनरी की पत्नी कभी-कभी रक्तदान करती हैं। हालाँकि, उनकी बेटी एक दुर्लभ ब्लड डिसीज के कारण ब्लड डोनेट नहीं कर पाती है। लेकिन, हेनरी के बेटे के ब्लड डोनेट में कोई दिलचस्पी नहीं है। हेनरी की 36 वर्षीय बेटी का कहना है कि उसे इस काम के लिए अपने पिता पर बहुत गर्व है।

### हैती के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री गैरी कोनिले की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में हुए भर्ती

**पोर्ट-औ-प्रिंस, एजेंसी।** हैती के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री गैरी कोनिले शनिवार देर रात देश की राजधानी पोर्ट-ऑ-प्रिंस के एक अस्पताल में भर्ती हुए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि कोनिले को अस्पताल में भर्ती क्यों होना पड़ा। कोनिले को हाल में संकटग्रस्त कैरेबियाई देश का नेता चुनने वाली सत्ता हस्तांतरण राष्ट्रपति परिषद के सदस्य लुईस गेराल्ड गिल्स ने बताया कि वह अस्पताल जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके पास इसके अलावा और कोई जानकारी नहीं है। कोनिले को एक जटिल चयन प्रक्रिया के बाद 28 मई को प्रधानमंत्री चुना गया था। कोनिले जनवरी 2023 से लातिन अमेरिका और कैरेबियाई देशों के लिए यूनिसेफ (संयुक्त राष्ट्र बाल कोष) के क्षेत्रीय निदेशक के तौर पर सेवारत थे और देश से बाहर रहकर काम कर रहे थे। वह एक जून को हैती आए। इससे पहले वह अक्टूबर 2011 से मई 2012 तक हैती के प्रधानमंत्री थे।

# हमास को चकमा देकर चार बंधक छुड़ा लाई नेतन्याहू की सेना? ऑपरेशन में बिछा दी 210 लाशें

**यरुशलम, एजेंसी।** इजरायल की सेना ने हमास के कब्जे से अपने चार बंधकों को रिहा करवा लिया है। यह उसका सबसे जटिल और मुश्किल टास्क था। इजरायली सेना का कहना है कि हमारे लड़ाकों हफ्तों की कठिन ट्रेनिंग के बाद इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। हमास की दो इमारतों में छापेमारी कर महीनों से कैद में रह रहे 4 इजरायलियों को रिहा करवाया। पिछले साल 7 अक्तूबर के दिन म्यूजिक फेस्टिवल के दौरान इनका अपहरण किया गया था। हालांकि यह ऑपरेशन 210 निर्दोष फिलिस्तीनियों की लाशों पर हुआ। मरने वालों में ज्यादातर बच्चे और महिलाएं थी। इजरायली रक्षा बल आईडीएफ ने इस बेहद मुश्किल ऑपरेशन का वीडियो भी जारी किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि इजरायली सेना ने न सिर्फ जमीन बल्कि हवाई हमलों का भी सहारा लिया। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायली सेना ने गाजा में ऑपरेशन के दौरान हमास के कब्जे से नोआ अरगामनी (27), अलमोग मीर (22), एंद्रेई कोज़लोव (27) और सलोमी ज़ीव (41) को छुड़ाया। आईडीएफ के अनुसार, इन चार बंधकों को हमास ने 7 अक्टूबर को संगीत समारोह से अपहरण कर लिया था। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, 26 वर्षीय नोआ अरगामनी को एक अपार्टमेंट में पाया गया था। जबकि अलमोग मीर (22), एंद्रेई कोज़लोव (27) और सलोमी ज़ीव (41) को दूसरी इमारत से रेस्क्यू किया गया।



**ऑपरेशन में कितने फिलिस्तीनी मारे गए :** इजरायल के इस जटिल ऑपरेशन की दूसरी कड़वी हकीकत यह है कि इस ऑपरेशन में सैकड़ों निर्दोष फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। अल अक्सा अस्पताल के मुताबिक, उसके यहां 70 लाशें आई हैं। अस्पताल प्रशासन का दावा है कि इजरायली ऑपरेशन में ये सभी लोग मारे गए। मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे, जो राहत शिविरों में शरण लिए हुए थे। इजरायली सेना ने राहत शिविरों में जमकर बमबारी की थी। हालांकि हमास के मुताबिक, मरने वालों की संख्या कम से कम 210 है। जबकि, इजरायली सेना का दावा है कि उनके ऑपरेशन में अधिकतम 100 फिलिस्तीनियों की मौत हुई है।

**इन लोगों को बचाया :** इस्राइली सेना ने शनिवार को दावा किया कि कठिनाइयों से भरा अभियान चलाने के बाद गाजा से हमास के चंगुल से नोआ अर्गमणि, अल्मोग मीर जान, एंड्री कोजलोव और श्लोमी जिव को सुरक्षित बचाया।

**यह है मामला :** हमास ने सात अक्तूबर को इस्राइली शहरों पर पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागकर हमले की शुरुआत की थी। इसके बाद हमास के आतंकियों ने इस्राइल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। वहीं 250 लोगों को बंधक बना लिया था। इसके जवाब में इस्राइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया। इस ऑपरेशन में गाजा स्थित हमास के ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी की गई है, जिससे अधिकतर गाजा खंडहर में तब्दील हो गया है। अब तक इस्राइल और गाजा में कुल मिलाकर 34,622 लोगों की मौत हो चुकी है।

**अभियान को सीड्स ऑफ समर का नाम :** जिन चार लोगों को अब रिहा कराया गया है, वो भी उन्हीं 250 बंधकों में शामिल थे। इन चार बंधकों को सात अक्तूबर को नोवा संगीत समारोह से हमास द्वारा अपहरण कर लिया गया था। आईडीएफ ने दिन के समय में चलाए गए अभियान को सीड्स ऑफ समर नाम दिया है। उन्होंने इसे बहुत अधिक खतरा और जटिल मिशन के रूप में करार दिया।

**कई हफ्तों की योजना रंग लाई :** इस्राइली रक्षा बल के रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने कहा कि बंधकों को रिहा कराने के लिए कई हफ्तों से योजना बनाई जा रही थी। खुफिया जानकारी का इस्तेमाल करके योजना बनाई गई और गाजा के नुसीरत में स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 11 बजे अभियान चलाया गया। हगारी ने यह भी बताया कि तीन पुरुष और एक महिला बंधक को छुड़ाने के लिए यमाम की राष्ट्रीय पुलिस की विशेष आतंकवाद विरोधी इकाई के अधिकारियों ने हमास की दो इमारतों पर छापा मारा। आतंकवाद विरोधी इकाई में शिन बेट एजेंट भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि बचाव अभियान के लिए हफ्तों से तैयारी चल रही थी। सैनिकों ने कड़ा प्रशिक्षण लिया था। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 26 साल की नोआ अर्गमणि एक अपार्टमेंट में मिलीं। जबकि 22 साल के अल्मोग मीर जान, 27 वर्षीय एंड्री कोजलोव और 41 वर्षीय श्लोमी जिव को एक दूसरी जगह से बचाया गया।

## चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का भ्रष्टाचार आया दुनिया के सामने, जिनपिंग ने नाममात्र की सैलरी पर जमा की अकूत दौलत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** चीन पर एकछत्र राज करने वाली कम्युनिस्ट पार्टी गले तक भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। सीसीपी के महासचिव, पोलित ब्यूरो के सदस्य, क्षेत्रीय पार्टी अधिकारी समेत इसका पूर्व नेतृत्व जबर्दस्त तरीके से भ्रष्टाचार कर रहा है। सीसीपी नेतृत्व दुनिया के सामने समाजवादी बयान करता है लेकिन इसके नेताओं ने इतनी दौलत इकठ्ठा की है जितनी तानाशाह भी नहीं करते हैं। अमेरिका की कांग्रेसनल रिसर्च सर्विस की एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट में इसका खुलासा किया गया है। रिपोर्ट में चीनी कम्युनिस्ट पार्टी (सीसीपी) की संपत्ति और भ्रष्टाचार के बारे में सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी का अध्ययन किया गया है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि सीसीपी नेतृत्व ने किस तरह चीनी लोगों के सामने अपने नाममात्र वेतन का दिखावा करते हुए अकूत संपत्ति जमा की है।

**सीसीपी का भ्रष्टाचार दुनिया के सामने :** सीआरएस की रिपोर्ट दुनिया भर के लोगों के लिए सीसीपी में भ्रष्टाचार को सामने लाती है। रिपोर्ट में वरिष्ठ सीसीपी अधिकारियों जैसे शी जिनपिंग और उनके परिवर के साथ ही वेन जियाबाओ जैसे पूर्व वरिष्ठ सीसीपी दिग्गजों के बारे में भी खुलासा किया गया है। इसमें सीसीपी की तरफ से पैदा की गई परेशानियों का भी जिक्र किया गया है जो उनके खिलाफ रिपोर्ट लिखने वाले पत्रकारों के साथ किया गया है। सीसीपी नेतृत्व अपने खिलाफ किसी भी आलोचना को रोकने के लिए कठोर तरीका अपनाता है। शी जिनपिंग की संपत्ति की ब्लूमबर्ग न्यूज जांच का नेतृत्व करने वाले माइकल फोर्सिथ और उनके परिवार को मौत की धमकियां दी गई थीं। ब्लूमबर्ग की साइट को चीन के अंदर ब्लॉक कर दिया गया था।

**चीनी लोग जानकर रह जाएंगे हैरान :** रिपोर्ट के सामने आने के बाद, सवाल उठता है कि दुनिया के लोग इस जानकारी का क्या करेंगे। इसका जवाब है कि क्वाड के सदस्य या फिर अलग-अलग समूह दुनिया भर के देशों को सीसीपी की संपत्ति के स्रोतों और स्थान की पहचान करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। यह निश्चित है कि इस जांच में ये सामने आ जाएगा कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता अरबपति हैं, जिनके पास न्यूयॉर्क, स्विटजरलैंड, दुबई, लंदन और पेरिस जैसी जगहों पर बेशुमार संपत्ति है। ये खुलासा चीनी लोगों के लिए आंख खोलने वाला होगा कि किस तरह से समाजवाद के नाम पर उन्हें छला जा रहा है और सीसीपी के नेता खुद अमीर बनते जा रहे हैं।

## पाकिस्तान सरकार पर उनके साथी दल पीपीपी ने लगाया गंभीर आरोप, कहा- बजट के बारे में नहीं की कोई चर्चा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान सरकार के 12 जून को वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पेश करने की संभावना जताई जा रही है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने बताया कि गठबंधन सहयोगी होने के बावजूद सत्तारूढ़ पीएमएल-एन के नेतृत्व वाली सरकार ने आने वाले संघीय बजट पर उनसे परामर्श ही नहीं किया। रविवार को मीडिया रिपोर्ट में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने पीएम शहबाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज पार्टी पर बजट संबंधी चर्चा न करने का आरोप लगाया। यह भी बताया कि बजट के लिए उन्हें विश्वास में नहीं लिया गया। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के नेता सैयद खुर्शीद अहमद शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने न तो हमें बजट के संबंधित कुछ बताया और न ही हमें विश्वास में लिया। सैयद खुर्शीद अहमद शाह ने अपना पल्ला झाड़ते हुए कहा कि हमें नहीं पता कि पीएमएल-एन निजीकरण नीति, करों, विकास कार्यक्रमों के बारे में क्या कर रही है। पीपीपी के शाह ने कहा कि बिलावल भुट्टो के नेतृत्व वाली पीपीपी को राहत के बारे में कुछ भी पता नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता कि सरकार बजट बना रही है या अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का बजट थोपा जा रहा है।

# फ्रांस में राष्ट्रपति मैक्रों ने संसद भंग की:यूरोपीय संघ चुनाव में हार को देखते हुए फैसला लिया

**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने चौंकाने वाला कदम उठाते हुए नेशनल एसेंबली भंग कर दिया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने यूरोपीय संसद के चुनाव में पार्टी की बड़ी हार होते देख ये फैसला किया। एग्जिट पोल के मुताबिक मैक्रों की रिनेसां पार्टी रविवार को हुए यूरोपीय संसदीय चुनाव में मरीन ली पेन की दक्षिणपंथी पार्टी नेशनल रैली से हार रही है। एग्जिट पोल के अनुमानों के मुताबिक नेशनल रैली को 31.50 प्रतिशत वोट मिल रहे हैं जबकि रिनेसां पार्टी को सिर्फ 15.20प्रतिशत मिल रहे हैं। 14.3प्रतिशत वोट के साथ सोशलिस्ट पार्टी तीसरे नंबर पर रह सकती है। फ्रांस में चुनाव की घोषणा कर दी गई है। वोटिंग 30 जून और 7 जुलाई को होंगे। एग्जिट पोल आने के बाद नेशनल रैली के नेता जॉर्डन बार्डेला ने मैक्रों से संसद भंग करने का आह्वान किया था।

एग्जिट पोल आने के कुछ घंटे बाद ही मैक्रों ने राष्ट्रीय संबोधन में संसद के भंग करने की घोषणा की। उन्होंने जनता से कहा, ये नतीजे सरकार के लिए विनाशकारी हैं। मैं इसे अनदेखा नहीं कर सकता। मैंने संसद भंग कर दी है। अब आपके पास अपना राजनीतिक भविष्य चुनने का विकल्प है। मुझे यकीन है कि आप सही फैसला लेंगे।

फ्रांस की नेशनल असेंबली में 577 मेंबर होते हैं। वहां पर राष्ट्रपति पद के लिए अलग से चुनाव होता है। ऐसे में यदि यदि रिनेसां पार्टी हार जाती है तो भी मैक्रों पद पर बने रहेंगे। हालांकि मरीन ली पेन की नेशनल रैली यदि नेशनल असेंबली में बहुमत हासिल कर लेती है, तो मैक्रों बेहद कमजोर राष्ट्रपति बन जाएंगे और उन्हें संसद में अहम फैसले लेने के लिए विपक्षी पार्टियों पर निर्भर रहना पड़ेगा।



**फ्रांस में दूसरे देशों से अलग राष्ट्रपति चुनाव प्रक्रिया :** फ्रांस में अप्रैल 2022 में राष्ट्रपति चुनाव हुए थे। इसमें दूसरे चरण की वोटिंग में इमैनुएल मैक्रों को जीत हासिल हुई थी। फ्रांस में यदि पहले चरण की वोटिंग में किसी को 50प्रतिशत वोट नहीं मिलता है तो दूसरे चरण की वोटिंग होती है। दूसरे चरण की वोटिंग में मैक्रों को 58.5 फीसदी वोट मिले थे। वहीं मरीन ली पेन को 41.5प्रतिशत वोट मिले। फ्रांस के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ है कि कोई उम्मीदवार पहले चरण में 50 प्रतिशत वोट हासिल कर राष्ट्रपति बन गया हो। यूरोपीय संघ के चुनाव में दक्षिणपंथी पार्टियों का दबदबा यूरोप में यूरोपीय संघ के चुनाव हो रहे हैं। यह चुनाव 6 जून को शुरू हुआ था। आज रविवार को आखिरी चरण में फ्रांस समेत 20 देशों में वोटिंग हुई है। 27 देशों वाले यूरोपीय संघ में करीब 37 करोड़ से अधिक वोटर हैं। इन्होंने 720 सीटों के लिए वोटिंग की है।

# विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन आठवीं बार करेंगे पश्चिम एशिया की यात्रा, गाजा में संघर्ष विराम पर देंगे जोर

**वॉशिंगटन/यरुशलम , एजेंसी।** हमास और इस्राइल बीते छह महीने से जंग लड़ रहे हैं। इस्राइल द्वारा हमास को खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। गाजा में पैदा हुई मानवीय परिस्थितियों को लेकर दुनिया भर के लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अमेरिका में लोग बड़ी संख्या में इस्राइल के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे राष्ट्रपति जो बाइडन की मुश्किलें बढ़ गई हैं। वो लगातार गाजा में जंग रुकवाने का प्रयास कर रहे हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन संघर्ष विराम को जारी रखने के लिए सोमवार को पश्चिम एशिया की यात्रा करने वाले है, लेकिन इस्राइल की राजनीति और हमास की चुप्पी ने यह सवाल खड़े कर दिए कि क्या वह वाकई इस मकसद में सफल हो पाएंगे।

शीर्ष अमेरिकी राजनयिक युद्ध शुरू होने के बाद से लेकर अबतक सात बार क्षेत्र की यात्रा कर चुके हैं। वह एक बार फिर संघर्ष विराम से जुड़े प्रस्ताव पर काम करने के लिए यात्रा करने वाले हैं। वह पहले मिस्र फिर इस्राइल जाएंगे। ब्लिंकन पहले काहिरा में राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी के साथ



बंद कमरे में वार्ता करेंगे। उसके बाद यरुशलम में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ बातचीत करेंगे। बाइडन के प्रस्ताव पर काम जारी राष्ट्रपति जो बाइडन ने 31 मई को युद्ध समाप्त करने के लिए एक प्रस्ताव का एलान किया था, जिसे आगे बढ़ाने के लिए अमेरिकी विदेश मंत्री ने यात्रा की योजना बनाई। हालांकि, हमास ने प्रस्ताव पर कोई जवाब नहीं दिया है। जबकि बाइडन ने योजना को इस्राइल की योजना बताया है। हालांकि इस बीच अमेरिकी कूटनीतिक प्रयासों पर एक नया संकट खड़ा हो गया है। इस्राइली युद्ध कैबिनेट से बेनी गैंट्ज ने दिया था इस्तीफा इस्राइल के युद्ध कैबिनेट मंत्री बेनी गैंट्ज ने हाल ही में आपातकालीन सरकार से अपना इस्तीफा दे दिया। गैंट्ज ने कहा था कि नेतन्याहू हमें सच्ची जीत की ओर बढ़ने से रोक रहे हैं। इसलिए आपातकालीन सरकार से इस्तीफा देता हूं। गैंट्ज ने इसके अलावा, देश में जल्द चुनाव कराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश में ऐसे चुनाव होने चाहिए, जिससे एक मजबूत सरकार स्थापित हो सके। ऐसी सरकार देश में होनी चाहिए, जो चुनौतियों का समाधान करने में सक्षम हो। यह है मामला हमास ने सात अक्तूबर को इस्राइली शहरों पर पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागकर हमले की शुरुआत की थी। इसके बाद हमास के आतंकियों ने इस्राइल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। इसके जवाब में इस्राइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया था। इस ऑपरेशन में गाजा स्थित हमास के ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी की गई है, जिससे अधिकतर गाजा खंडहर में तब्दील हो गया है। अब तक इस्राइल और गाजा में कुल मिलाकर 34,622 लोगों की मौत हो चुकी है।

## संसद के स्पीकर समेत छह नाम राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल, अहमदीनेजाद को लड़ने की इजाजत नहीं

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान में पूर्व राष्ट्रपति अहमदीनेजाद राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। समाचार एजेंसी पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक 28 जून को होने वाले चुनाव के लिए संसद के स्पीकर समेत छह नामों पर मुहर लगी है। इससे पहले दो जून को आई खबर के मुताबिक अहमदीनेजाद ने 28 जून को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए बीते रविवार को नामांकन किया था। गौरतलब है कि इब्राहिम रईसी की हेलीकॉप्टर हादसे में विगत 19 मई को मौत हो गई थी। इस हादसे के बाद ईरान में राष्ट्रपति चुनाव हो रहे हैं। आठ साल राष्ट्रपति रह चुके हैं; तीसरा कार्यकाल मिलना मुश्किल कट्टरपंथी नेता की छवि रखने वाले पूर्व राष्ट्रपति महमूद अहमदीनेजाद भावी राष्ट्राध्यक्ष बनने की रेस में शामिल सबसे चर्चित नाम हैं। हालांकि, अब उनके चुनाव लड़ने पर ग्रहण लगता दिख रहा है। अहमदीनेजाद साल 2005 में ईरान के राष्ट्रपति चुने गए थे। वे लगातार आठ साल (दो कार्यकाल) यानी साल 2013 तक ईरान के राष्ट्रपति रहे। सर्वोच्च नेता से टकराव के कारण 2021 में भी अयोग्य करार दिए गए थे बता दें कि ईरान का राष्ट्रपति रहने के दौरान अहमदीनेजाद ने अयातुल्लाह अल खुमैनी को चुनौती दी थी। इसी कारण करीब तीन साल पहले भी उन्हें राष्ट्रपति चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित कर दिया गया था। 2021 में अहमदीनेजाद को ईरान



संवैधानिक निगरानी संस्था, गार्जियन काउंसिल ने अयोग्य करार दिया था। इस्राइल और अमेरिका के खिलाफ मुखर रहे हैं गौरतलब है कि पश्चिम एशियाई और इस्लामिक मुल्कों की सियासत को देखते हुए ईरान का राष्ट्रपति चुनाव बेहद रोचक माना जा रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि अहमदीनेजाद को अमेरिका का कट्टर विरोधी माना जाता है। अहमदीनेजाद इस्राइल के भी घोर विरोधी माने जाते हैं और वह इस्राइल को दुनिया के नक्शे से मिटाने की बात कह चुके हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता पर दबाव; पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण तनाव खबरों के मुताबिक अहमदीनेजाद की छवि और उनके जनाधार को देखते हुए ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अल खुमैनी पर भी दबाव है। पिछले लगभग 8-10 महीने में ईरान और इस्राइल के बीच भी तनाव बढ़ा है।

# यूरोपीय संसद चुनाव में दक्षिणपंथी पार्टियों की लहर, फ्रांस, इटली, जर्मनी में प्रचंड जीत

**पेरिस, एजेंसी।** यूरोपीय संघ के संसदीय चुनावों में दक्षिणपंथी पार्टियों की लहर देखने को मिली है और कई ऐसे यूरोपीय देश हैं, जहां दक्षिणपंथी पार्टियों ने जीत हासिल की है, और जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और ऑस्ट्रियाई चांसलर कार्ल नेहमर को अपमानजनक हार का सामना करना पड़ रहा है। रविवार देर शाम यूरोपीय संसद की 705 सीटों पर चुनाव खत्म होने के बाद आए एग्जिट पोल में 27 सदस्य देशों वाले इस ब्लॉक में दक्षिणपंथी पार्टियों का बोलबाला दिखाई दे रहा है, जिसका सबसे बड़ा संकेत ये है, कि फ्रांस, जर्मनी और ऑस्ट्रिया जैसे देशों की मौजूदा सरकार पर अब खतरे के बादल मंडरा रहे हैं और सत्ता परिवर्तन प्रबल हो गया है। यूरोपीय संसद के चुनावी नतीजों से सबसे बड़ा संकेत ये है, कि यूरोपी में सत्ता विरोधी लहर काफी तेज हो गई है। एग्जिट पोल से पता चलता है, कि 150 से ज्यादा सीटों पर दक्षिणपंथी पार्टियों का कब्जा होने वाला है, जिससे मुख्यधारा की पार्टियों के लिए बहुमत हासिल करना मुश्किल हो जाएगा। फ्रांस में राष्ट्रपति मैक्रों ने किया संसदीय चुनाव का ऐलान फ्रांस में, धूर दक्षिणपंथी नेता मरीन ले पेन की नेशनल रैली पार्टी ने राष्ट्रपति मैक्रों की ध्यमार्गी पार्टी रेनेसॉ पार्टी को शिकस्त दे रही हैं, जिसके बाद राष्ट्रपति मैक्रों ने अचानक देश में संसदीय चुनाव की घोषणा कर दी है, जिसे जोखिम भरा कदम माना जा रहा है। ऐसे अनुमान हैं, कि नेशनल रैली पार्टी देश में प्रचंड जीत हासिल कर सकती है और मैक्रों की पार्टी को भारी नुकसान हो सकता है, जिसका असर उनके राष्ट्रपति कार्यकाल पर पड़ेगा, जो अभी 3 साल बाकी है।



एग्जिट पोल में यूरोपीय संसदीय चुनाव में नेशनल रैली को लगभग 33 प्रतिशत वोट मिलने की संभावना है और आने वाली यूरोपीय संसद में उसके 31 सीटें जीतने का अनुमान है, जबकि मैक्रों की पार्टी को सिर्फ 15 प्रतिशत वोट ही मिलने का अनुमान है। वहीं, फ्रांस में संसदीय चुनाव होने के बाद मरीन ले पेन ने कहा है, कि हम देश को बदलने के लिए तैयार हैं, फ्रांस के हितों की रक्षा के लिए तैयार हैं, मास इमिग्रेशन को खत्म करने के लिए तैयार हैं। वहीं, राष्ट्रपति मैक्रों ने मैक्रों ने हार की गंभीरता को स्वीकार किया है। उन्होंने एक टेलीविजन संबोधन में कहा है, कि मैंने आपका संदेश, आपकी चिंताएं सुनी हैं और मैं उन्हें टाल नहीं सकता। फ्रांस को शांति और सद्भाव से काम करने के लिए स्पष्ट बहुमत की जरूरत है। मैक्रों ने कहा, अचानक चुनाव बुलाना लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वहीं, जर्मनी में, दक्षिणपंथी अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी पार्टी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, जो अगले साल होने वाले संघीय चुनाव से पहले पार्टी की मजबूती को दर्शाता है। यूरोसेप्टिक पार्टी को 16 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिलने का अनुमान है, जो उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हो सकता है और जर्मन चांसलर स्कोल्ज़ के गठबंधन में शामिल तीनों पार्टियों की तुलना में उसके वोट प्रतिशत का हिस्सा ज्यादा है। वहीं, संघीय स्तर पर विपक्ष में रहने वाले क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन और क्रिश्चियन सोशल यूनियन के कंजर्वेटिव गठबंधन ने लगभग 30 प्रतिशत वोट के साथ एग्जिट पोल में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### ओमान को हराकर ग्रुप-बी में टॉप पर पहुंचा स्कॉटलैंड



**नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी।** ब्रैंडन मैकमुलेन के नाबाद 61 और जॉर्ज मुन्से के 41 रनों की बदौलत स्कॉटलैंड ने रविवार देर रात सर विवियन रिचर्ड्स स्टेडियम में टी20 विश्व कप ग्रुप-बी मैच में ओमान को सात विकेट से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ओमान की टीम ने प्रतीक की 54 रन की पारी की बदौलत सात विकेट खोकर 150 रन बनाए। स्कॉटलैंड के सभी गेंदबाजो ने शानदार गेंदबाजी की। सफयान शरीफ को 2 विकेट मिले। वहीं, मार्क वॉट, ब्रेड व्हील, सोल और क्रिस ग्रीव्स को 1-1 सफलता मिली। 151 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए स्कॉटलैंड के बल्लेबाजों ने शानदार शुरुआत की और पावरप्ले में ही 50 रन जोड़ लिए। हालांकि इस दौरान जार्ज (41) और जोंस (16) आउट होकर पवेलियन लौट गए। लेकिन तीसरे स्थान पर आए ब्रैंडन मैकमुलेन ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 14 ओवर में 153/3 रन बनाकर जीत दर्ज की। मैकमुलेन ने 31 गेंदों में 9 चौके और 2 छक्के जड़ते हुए 61 रन की मैच विनिंग पारी खेली। ओमान के गेंदबाजों का प्रदर्शन खराब रहा। टीम के लिए बिलाल खान, आकिब इलयास और मेहरान खान को 1-1 विकेट मिला।इस जीत का मतलब है कि स्कॉटलैंड सुपर आठ में पहुंच सकता है। वह नामीबिया के खिलाफ जीत और इंग्लैंड के रद्द हुए मैच के बाद ग्रुप बी की तालिका में शीर्ष पर है। दूसरी ओर, ओमान तीन मैचों में लगातार हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई है। स्कॉटलैंड की ओमान पर इस बड़ी जीत के बाद टी20 वर्ल्ड कप 2024 के ग्रुप बी का अंक तालिका भी रोचक हो गया है। साथ ही इंग्लैंड पर सुपर 8 से बाहर होने का खतरा भी बढ़ गया है।

### छेत्री का स्थान लेंगे गुरप्रीत, कतर के खिलाफ होंगे कप्तान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के लिए यह मुकाबला करो या मरो वाला है। भारत अगर कतर से पराजित होता है तो क्वालिफायर से बाहर हो जाएगा। फिर से एशियाई चैंपियनशिप केलिए क्वालिफाई करने के लिए अलग से संघर्ष करना होगा।अंतरराष्ट्रीय फुटबाल को अलविदा कह चुके सुनील छेत्री की बतौर कप्तान जगह गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू लेंगे। फीफा विश्वकप क्वालिफायर में भारत का सामना 11 जून को कतर के साथ होना है। कतर ग्रुप में शीर्ष पर है और तीसरे दौर में जगह बना चुका है। वहीं, भारत को तीसरे दौर में जगह बनाने के लिए कतर को हराना होगा, जो आसान काम नहीं है। भारतीय टीम के क्रोएशियाई कोच इगोर स्टिमेच ने कहा कि छेत्री के स्थान पर कप्तानी देने के लिए ज्यादा दिमाग लगाने की जरूरत नहीं थी। छेत्री के बाद गुरप्रीत सबसे अनुभवी फुटबालर हैं। वह 71 मैच खेल चुके हैं। कतर के खिलाफ मुकाबले के लिए स्टिमेच पहले ही 23 सदस्यीय टीम की घोषणा कर चुके हैं।भारत के लिए यह मुकाबला करो या मरो वाला है। भारत अगर कतर से पराजित होता है तो क्वालिफायर से बाहर हो जाएगा।

# फ्रेंच ओपन चैंपियन बने कार्लोस अल्काराज, फाइनल में ज्वेरेव को हराया

**पेरिस, एजेंसी।** यह 2004 के बाद पहला फ्रेंच ओपन फाइनल है जिसमें फैब-3 यानी रफेल नडाल , नोवाक जोकोविच या रोजर फेडरर नहीं थे। अल्काराज ने 11 एटीपी टूर खिताब जीते हैं। 21 वर्षीय अल्काराज तीन अलग-अलग ग्रैंडस्लैम (सतह) को जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं और उन्होंने हमवतन राफेल नडाल को पीछे छोड़ दिया। स्पेन के युवा टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने रविवार को यहां पुरुष एकल के फाइनल में जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव को पांच सेटों के कड़े मुकाबले में हराकर फ्रेंच ओपन का एकल वर्ग का खिताब जीत लिया। अल्काराज ने यह मुकाबला 6-3, 2-6, 5-7, 6-1, 6-2 से अपने नाम किया। साल 2022 से अल्काराज ने प्रत्येक वर्ष एक ग्रैंडस्लैम की ट्रॉफी जीती है। यह अल्काराज का तीसरा ग्रैंडस्लैम खिताब रहा।



इससे पहले 21 वर्षीय अल्काराज ने 2022 में यूएस ओपन और 2023 में विंबलडन जीता था। अल्काराज ने पहला सेट आसानी से जीत लिया था लेकिन इसके बाद कई गलतियां कर बैठे जिससे ज्वेरेव ने दूसरा और तीसरा सेट जीत लिया। अल्काराज ने चौथा सेट एकतरफा अंदाज में 6-1 से जीता और फिर पांचवां सेट 6-2 से जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया।

अल्काराज ने 11 एटीपी टूर खिताब जीते हैं। 21 वर्षीय अल्काराज तीन अलग-अलग ग्रैंडस्लैम (सतह) को जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं और उन्होंने हमवतन राफेल नडाल को पीछे छोड़ दिया। नडाल 14 बार के फ्रेंच ओपन विजेता हैं। फ्रेंच ओपन में खेलने से पहले अल्कारेज चोट के कारण तीन सप्ताह तक नहीं खेल पाए थे। ज्वेरेव दूसरी बार ग्रैंडस्लैम के फाइनल में हारे हैं। इससे पहले उन्हें 2020 यूएस ओपन के फाइनल में शिकस्त मिली थी।दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज ने रविवार को तीनों सतहों में से हर एक पर ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले सबसे कम उम्र के एटीपी खिलाड़ी बन गए। अल्काराज तीनों सतहों पर ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले सातवें खिलाड़ी हैं। अल्कराज का ग्रैंड स्लैम रिकॉर्ड प्रभावशाली 52-10 पर है, जो इस मेजर टूर्नामेंट में उनके निरंतर अच्छे प्रदर्शन को दर्शाता है। वह अब उन सात स्पैनिश खिलाड़ियों में शामिल हो गए, जिसने रोला गैरों पर विजेता की ट्रॉफी उठाई है। अल्काराज के कोच जुआन कार्लोस फेरेरो ने भी 2003 में पेरिस में यह खिताब जीता था।

### 2014 के बाद फाइनल में नहीं खेले नडाल, जोकोविच, फेडरर

विश्व नंबर तीन अल्काराज और विश्व नंबर चार ज्वेरेव पहली बार फ्रेंच ओपन के फाइनल में खेले थे। इसके अलावा 2004 के बाद ऐसा पहली बार हुआ है जब फ्रेंच ओपन के फाइनल में रोजर फेडरर, राफेल नडाल और नोवाक जोकोविच नहीं खेल पाए। नडाल इस बार पहले दौर में ज्वेरेव से हार गए थे। जोकोविच चोट के कारण टूर्नामेंट के बीच में से ही हट गए थे जबकि फेडरर संन्यास ले चुके हैं।

# पाकिस्तान के खिलाफ टीम के प्रदर्शन से खुश रोहित

**न्यूयॉर्क, एजेंसी ।** टी20 विश्व कप 2024 के एक रोमांचक मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 6 रन से हरा दिया। जीत के बाद कप्तान रोहित शर्मा मैदान पर अपनी टीम के कभी हार न मानने वाले रवैये की सराहना की। न्यूयॉर्क की पिच बल्लेबाजी के लिए काफी चुनौतीपूर्ण है। टूर्नामेंट में खेले गए यहां सभी मुकाबले लो स्कोरिंग रहे हैं, जिसमें रविवार को भारत और पाकिस्तान का मुकाबला भी शामिल है। टीम इंडिया ने पहले खेलते हुए सिर्फ 119 रन बनाए। वैसे तो टी20 फॉर्मेट के लिए यह रन बहुत कम हैं, लेकिन इस पिच पर ये रन भी पाकिस्तान के लिए काफी रहे। टीम इंडिया की जबरदस्त गेंदबाजी के आगे पाकिस्तान से ये रन भी नहीं बन पाए और उसे लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। भारतीय कप्तान ने मैच के बाद कहा, इस पिच को ध्यान में रखकर हमें लगा 140 रन का स्कोर अच्छा रहेगा और गेंदबाजी लाइन अप के साथ हमें खुद पर पूरा भरोसा था। पिछले दो मुकाबले को देखकर हमें पता था कि यह चुनौतीपूर्ण पिच है। इसलिए 140 रन एक मजबूत टोटल होता और हमें अपने गेंदबाजों पर भरोसा था कि वो अपना काम बखूबी करेंगे। लेकिन टीम के कभी हार न मानने वाले रवैये के कारण हमने 119 रन का भी सफलतापूर्वक बचाव किया। जब पाकिस्तान के बल्लेबाजों ने मैच में भारत के लिए मुश्किलें बढ़ा दी थी और लगा कि मैच भारत से दूर जा रहा है, तब कप्तान रोहित ने अपने खिलाड़ियों को एक खास स्पीच दी जिसने टीम के खिलाड़ियों में जोश भर दिया। रोहित ने कहा, ÷जब वे बल्लेबाजी कर रहे थे, तब हमने सभी को एक साथ बुलाया और कहा कि अगर यह हमारे साथ हो सकता है, तो यह उनके साथ भी हो सकता है। सभी का थोड़ा-बहुत योगदान बहुत बड़ा अंतर पैदा कर सकता है। ऋषभ पंत के 31 गेंदों पर 42 रन के शीर्ष स्कोर के बाद, भारत ने चुनौतीपूर्ण न्यूयॉर्क पिच पर 19 ओवरों में केवल 119 रन बनाए।



रोहित ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की और कुल स्कोर में 15-20 रन कम रह गए। उन्होंने मुश्किल विकेट पर हर रन के महत्व पर जोर दिया।

रोहित ने कहा, मुझे लगता है कि हमने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। 10 ओवर के बाद जब हम बल्लेबाजी कर रहे थे, तब हम अच्छी स्थिति में थे - हम 80 रन पर 1 विकेट खो चुके थे, लेकिन यहां से हम लड़खड़ा गए। एक समय भारत का स्कोर 89 पर चार विकेट था और लग रहा था कि 140 रन तक भारत पहुंच जाएगा, लेकिन मध्य ओवरों में नसीम शाह और मोहम्मद आमिर ने भारतीय टीम की कमर तोड़ दी। भारत ने मात्र 30 रन जोड़कर आखिरी सात विकेट गंवा दिए। भारत का अगला मैच 12 जून को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में सह-मेजबान यूएसए से होगा।

### चैंपियंस ट्रॉफी 2025...लाहौर में खेला जा सकता है भारत-पाकिस्तान मैच




**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में खेला जाने वाला मुकाबला लाहौर में हो सकता है। चैंपियंस ट्रॉफी अगले साल 19 फरवरी से शुरू होकर 9 मार्च तक पाकिस्तान की मेजबानी में खेली जानी है।

रिपोर्ट के अनुसार, चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का ड्राफ्ट शेड्यूल इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल को सौंप दिया गया है। इसके मुताबिक भारत-पाकिस्तान का मैच लीग स्टेज का आखिरी मैच होगा। रिपोर्ट की मानें तो यह मैच लाहौर में होगा।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए तीन वेन्यू का प्रपोजल दिया है। यह तीन वेन्यू लाहौर, कराची और रावलपिंडी हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान को मिली है। हालांकि, भारत टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान का यात्रा करेगा या नहीं, यह अभी साफ नहीं है। भारत के पाकिस्तान नहीं जाने पर टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल में कराया जा सकता है, जैसा कि पिछले साल एशिया कप में किया गया था, जिसमें भारत के मैच॰श्र में खेले गए थे। पाकिस्तान क्रिकेट टीम की यह फोटो 17 जून 2017 की है। जब टीम चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत को हराकर चैंपियन बनी थी। भारत के कहने पर एशिया कप के मैच श्रीलंका में हुए थे

**टी20 विश्व कप 2024**

### बाबर आजम की कप्तानी फिर छिनेगी...?

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप में हार के बाद कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम में आमूलचूल बदलाव करने की जरूरत है। भारत के खिलाफ न्यूयॉर्क में खेले गए मैच में पाकिस्तान के सामने 120 रन का लक्ष्य था लेकिन उसकी टीम सात विकेट पर 113 रन ही बना पाई। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार नकवी ने न्यूयॉर्क में कहा, 'मुझे लगता था कि मैच जीतने के लिए टीम में कुछ बदलाव करने की जरूरत है लेकिन अब लगता है कि टीम में आमूलचूल बदलाव करने होंगे।' दूसरी ओर, पूर्व कप्तान और टी20 विश्व कप में ब्रांड एम्बेसडर शाहिद अफरीदी ने बड़ा आरोप लगाया है।

मैच में कॉमेंट्री कर रहे अफरीदी ने हार के बाद कहा- टीम में कुछ प्लेयर्स को कप्तान बाबर आजम से शिकायत है। कप्तान हर किसी को साथ लेकर चलने वाला होना चाहिए, जबकि पाकिस्तान टीम में ऐसा नहीं हो रहा है। टीम बर्बाद हो रही है। शाहीन के साथ मेरा रिश्ता है। अगर मैं उसके बारे में बात करूंगा तो लोग कहेंगे कि मैं अपने दामाद का पक्ष ले रहा हूं। बता दें कि शाहीन अफरीदी को वनडे वर्ल्ड कप 2023 के बाद टीम का कप्तान बनाया गया था, जबकि बाबर आजम को हटा दिया गया था, लेकिन इस टी20 विश्व कप से पहले फिर कप्तान बना दिया गया।

# ऋषभ पंत को मिला बेस्ट फील्डर का मेडल

**रवि शास्त्री ने की घोषणा, कहा- पंत का कमबैक उनकी मेहनत को दर्शाता है**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टी-20 वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान के मैच में शानदार विकेट कीपिंग करने वाले ऋषभ पंत को बेस्ट फील्डर का मेडल दिया गया। यह मेडल भारत के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने उन्हें पहनाया। इस दौरान उन्होंने टीम के ओवरऑल प्रदर्शन और ऋषभ पंत के कम बैक की प्रशंसा की। आयरलैंड के खिलाफ हुए पिछले मैच में अर्शदीप सिंह को यह मेडल मिला था।

दरअसल, न्यूयॉर्क के नसाउ स्टेडियम में हुए भारत-पाकिस्तान मैच में भारत ने दो विकेट जल्दी खो दिए। इसके बाद मैदान पर उतरे ऋषभ पंत ने 31 गेंदो में 42 रन की पारी खेलकर टीम को 119 के सम्मान जनक स्कोर तक पहुंचाया। दूसरी इनिंग में ऋषभ ने लाजवाब फीलिंग की उन्होंने फखर जमान, इमाद वसीम और शादाब खान के कैच लपके। इस परफॉर्मेंस के चलते उन्हें बेस्ट फील्डर का मेडल मिला।

मेडल देने के बाद रवि शास्त्री ने कहा- जब मैंने ऋषभ के एक्सीडेंट के बारे में सुना था, तो मेरे आंखों में आंसू थे। हॉस्पिटल में जब मैंने उसे देखा तो हालात बहुत खराब था। यह उनकी मेहनत ही है जिसकी वजह से वे वापसी कर सके और भारत-पाक जैसे बड़े मुकाबले में शानदार गेम दिखा सके। ऋषभ की बेहतरीन बल्लेबाजी की काबिलियत के बारे में सब जानते हैं। लेकिन, जिस तरह से विकेटकीपिंग और फील्डिंग किया वो ऋषभ की मेहनत को दर्शाता है।



### अपना सबसे छोटा टोटल डिफेंड कर जीता भारत

टी-20 वर्ल्ड कप में भारत-पाक के हाइवोल्टेज मुकाबले में भारत ने आपना सबसे छोटा डिफेंड किया। टीम ने पहले खेलते हुए 120 रन का टारगेट दिया। जवाब में जस्प्रीत बुमराह की शानदार गेंदबाजी के सामने पाकिस्तान 7 विकेट के नुकसान पर 113 रन ही बना सकी और भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप का अपना दूसरा मैच 6 रन से जीता।

### पॉजिटिव माहौल बनाने के लिए दे रहे मेडल

वनडे वर्ल्ड कप की तर्ज पर इस टी-20 वर्ल्ड कप में भी ब्ष्टष्ट्ठ की ओर से मैच के बेस्ट फील्डर को एक मेडल दिया जा रहा है। खिलाड़ियों को यह मेडल मैच के बाद ड्रेसिंग रूम में दिया जाता है। ये ढ्ढष्टष्ट का कोई ऑफिशियल फील्डर का अवॉर्ड नहीं है, लेकिन टीम इंडिया में पॉजिटिव माहौल बनाने के लिए ब्ष्टष्ट्ठ ने इसे वनडे वर्ल्ड कप से शुरू किया था।

# साल पहले करियर खत्म होने के बारे में पूछते थे और अब सर्वश्रेष्ठ कहते हैं- बुमराह

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट के दुर्लभ नगीनों में शुमार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का कहना है कि उन्हें यह बात बड़ी हास्यास्पद लगती है कि एक साल पहले तक लोग उनके करियर के खत्म होने की बातें कर रहे थे और अब उन्हें सर्वश्रेष्ठ बुलाते हैं। बुमराह ने 2022 में पीठ के निचले हिस्से में 'स्ट्रेस फ्रेक्चर के लिए सर्जरी करायी थी जिसके कारण वह आस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप में नहीं खेल पाये थे।

घरेलू सरजमीं पर श्रृंखला में वापसी करने से पहले उन्हें खिंचाव आ गया जिससे वह 10 से ज्यादा महीनों के लिए क्रिकेट से बाहर हो गये। लोग उनके तीनों प्रारूपों में खेलने के कार्यभार से निपटने की काबिलियत पर सवाल उठाने लगे। लेकिन बुमराह ने पिछले एक साल में तीनों प्रारूपों में मिलाकर 67 विकेट झटककर आलोचकों का मुंह बंद कर दिया जिसमें रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ कम स्कोर वाले टी20 विश्व कप मुकाबले में 14 रन देकर तीन विकेट चटकाने वाला मैच विजयी प्रदर्शन भी शामिल है। बुमराह ने वापसी करने की उनकी काबिलियत पर शक करने वाले लोगों पर निशाना साधते हुए कहा, 'एक साल पहले तक ये ही लोग कह रहे थे कि मैं शायद फिर दोबारा नहीं खेल पाऊंगा और मेरा करियर खत्म हो गया है। लेकिन अब यह सवाल बदल गया है। भारत ने महज 119 रन पर सिमटने के बाद बुमराह के शानदार प्रदर्शन के बूते पाकिस्तान को सात विकेट पर 113 रन के स्कोर पर रोक दिया।



बुमराह आलोचकों की 'अदलू बदलू प्रकृति को बखूबी समझते हैं और जानते हैं कि उनके लिए सर्वश्रेष्ठ यही है कि वह खुद के नियंत्रण वाली चीजों पर काम करें। उन्होंने कहा, 'मैं मैच में इस चीज पर ध्यान नहीं देता कि मैं अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता से गेंदबाजी कर रहा हूं या नहीं, बल्कि मैं मैच में मौजूद समस्या का निदान करने की कोशिश करता हूं। मैं जानता हूं कि यह घिसा पिटा जवाब है। लेकिन मैं इसी पर फोकस करने की कोशिश कर रहा था कि इस तरह के विकेट पर यहां सर्वश्रेष्ठ विकल्प क्या है। बुमराह ने कहा, 'मैं शॉट लगाना कितना मुश्किल बना देता हूं? मेरे लिए सर्वश्रेष्ठ विकल्प क्या हैं? इस तरह मैं वर्तमान में रहने की कोशिश करता हूं कि और मुझे क्या करना है, इस पर फोकस करता हूं। इस तरह के भावनाओं से भरे बड़े मुकाबले में बाहर का शोर दबाव बना सकता है लेकिन बुमराह इन सब की अनदेखी कर इससे निपटने में सफल रहते हैं, उन्होंने कहा, 'अगर मैं बाहर का शोर देखूंगा, लोगों को देखूंगा तो दबाव और भावनाएं हावी हो जाएंगी। फिर मेरे लिए चीजें काम नहीं करेंगी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 17 पिछले महीने ही खत्म हुआ है और टी20 विश्व कप खेलने आई भारतीय गेंदबाजी इकाई इसके कारण थकी नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा, 'आईपीएल हालांकि गेंदबाजों के मुफीद नहीं था लेकिन हम खुश हैं कि हम थकान के साथ यहां नहीं आये हैं और हमें जब भी यहां मदद मिल रही है तो हम इसका इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहे हैं।

# वरुण धवन ने की शरवरी वाघ की तारीफ

मैडॉक सुपरनैचुरल यूनिवर्स की चौथी किस्त है मुंजा। इस फिल्म से पहले मैडॉक की स्त्री, रूही और भेड़िया रिलीज हुई थी, जो कि बॉक्स ऑफिस पर काफी सक्सेसफुल भी रही थी। फिल्म मुंजा की कहानी भारतीय लोककथाओं और पौराणिक कथाओं से प्रेरित है ,जो मुंजा की किंवदंती के इर्द-गिर्द घूमती नजर आई। यह फिल्म 7 जून को रिलीज हुई थी। रिलीज के बाद से फिल्म को लेकर दर्शकों ने अपनी राय सोशल मीडिया पर साझा करनी शुरू कर दी थी। इन दिनों हर जगह हॉरर कॉमेडी फिल्म मुंजा की चर्चा हो रही है, साथ ही फिल्म में शरवरी वाघ के अभिनय की भी जमकर तारीफ हो रही है। फिल्म को लेकर अभीतक शरवरी के रूमर्ड बॉयफ्रेंड सनी कौशल उनके भाई विक्की कौशल के अलावा कई बॉलीवुड सेलेब्स की प्रतीक्रिया आ चुकी है। अब नए डैड बने वरुण धवन ने भी फिल्म मुंजा को लेकर अपनी प्रतीक्रिया साझा की है।

### फिल्म से है वरुण का कनेक्शन

वरुण ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर फिल्म मुंजा में अपनी कैमियो उपस्थिति का एक वीडियो साझा किया है। इसमें वरुण अपने भेड़िया अवतार में नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के साथ वरुण ने लिखा, बड़ी सफलता के लिए टीम मुंजा को बधाई। भेड़िया मिलना चाहिएगा आप से। इस मास्टर स्टोरी टेलर के साथ फिर से आपके सेट पर वापस आकर बहुत मजा आया। जल्द ही मिलते हैं भाई वरुण के इस पोस्ट से साफ जाहिर हो रहा है कि वह मैडॉक की फिल्म भेड़िया 2 की शूटिंग जल्द ही शुरू करने वाले हैं। वरुण की इस पोस्ट पर शरवरी वाघ ने अपनी प्रतीक्रिया देते हुए लिखा, वीडी! हमारे मुंजा पागलपन में चार चांद जोड़ने के लिए धन्यवाद आप सबसे अच्छे हैं .मैडॉक फिल्म्स की इस चौथी किस्त मुंजा में शरवरी वाघ, मोना सिंह, अभय वर्मा और सत्यराज ने अहम भूमिका निभाई है। इससे पहले मैडॉक की स्त्री, भेड़िया और रूही फिल्में आई थी, जो कि दर्शकों को बेहद पसंद भी आई। फिल्म का निर्देशक आदित्य सरपोतदार ने किया है। हॉरर-कॉमेडी फिल्म एक ऐसे लड़के की कहानी है जिसे मुन्नी से शादी करने से मना कर दिया जाता है, जो उससे 7 साल बड़ी लड़की है।




# दुल्हन बनने जा रही हैं सोनाक्षी !

बीते काफी वक्त से बॉलीवुड में शादी का सीजन चल रहा है। ऐसे में अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा भी जल्द ही दुल्हन बनने जा रही हैं। अभिनेत्री लंबे समय से जहीर इकबाल को डेट कर रही हैं। फैंस को दोनों की शादी का बेसब्री से इंतजार है। ऐसे में अब दोनों की शादी से जुड़ी खबरें सामने आ रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सोनाक्षी सिन्हा इसी साल जून में अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल के साथ शादी के सात फेरे लेंगी।

सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल लंबे समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों अब अपने रिश्ते को अगले पड़ाव पर लेकर जाने के लिए तैयार हैं। ऐसे में दोनों जल्द ही शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं।





# गुजराती फिल्म में स्पेशल अपीयरेंस में नजर आएंगे अमिताभ बच्चन

मेगास्टार अमिताभ बच्चन अपकमिंग गुजराती फिल्म फक्त पुरुषो माटे में भगवान की भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 2022 की गुजराती फिल्म फक्त महिलाओ माटे का सीक्वल है। इसमें बिग बी स्पेशल अपीयरेंस में थे। वहीं, यश सोनी, मित्रा गढ़वी, ईशा कंसारा और दर्शन जरीवाला लीड रोल में नजर आए। प्रोड्यूसर आनंद पंडित ने बिग बी के इस फ्रेंचाइजी से जुड़ने के बारे में कहा कि हमने 6 जून को अमिताभ बच्चन के साथ शूटिंग की और सेट पर मौजूद हर कोई उनकी एनर्जी, डेडिकेशन, प्रोफेशनलिज्म और शानदार प्रेजेंस से हैरान था। प्रोड्यूसर ने कहा कि अमिताभ फक्त महिलाओ माटे का एक अहम हिस्सा थे। ईमानदारी से कहूं तो मेरे लिए उनके बिना किसी प्रोजेक्ट की कल्पना करना मुश्किल है। जिसने भी उनके साथ एक बार काम किया है, वह उनके साथ बार-बार काम करना चाहता है।

प्रोड्यूसर वैशाल शाह ने बच्चन के किरदार को दिलचस्प बताया और कहा कि कहानी जिस तरह से आगे बढ़ती है, उसमें उनकी केंद्रीय भूमिका है। शाह ने कहा कि उनके स्टारडम को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता, और यह फिल्म एक बार फिर दिखाएगी कि वे क्यों लेजेंड हैं। फक्त पुरुषो माटे जय बोदास और पार्थ त्रिवेदी द्वारा लिखित और निर्देशित है। फिल्म के 2024 में जन्माष्टमी के आसपास रिलीज होने की उम्मीद है। वर्कफ्रंट की बात करें तो, अमिताभ अपकमिंग एपिक साइंस फिक्शन एक्शन फिल्म कल्कि 2898 एडी की रिलीज के लिए तैयार हैं। फिल्म में अमिताभ अश्वत्थामा की भूमिका निभाते नजर आएंगे। मेकर्स ने 7 जून को उनके अश्वत्थामा अवतार वाला एक नया पोस्टर जारी किया। इस पोस्टर में बिग बी के माथे पर दिव्य मणि है और वह अस्त्र को पकड़े हुए नजर आ रहे हैं। वह युद्ध के मैदान के बीच में खड़े हैं। वहीं, फिल्म में भैरव के किरदार में प्रभास, काली के रोल में कमल हासन और पद्मा की भूमिका में दीपिका पादुकोण दिखाई देंगी।



# बढ़ती लागत की बहस का हिस्सा बने कार्तिक

बॉलीवुड इंडस्ट्री में इन दिनों वेतन कटौती का मुद्दा गर्माया हुआ है। बीते दिन बड़े पैमाने पर यह रिपोर्ट सामने आई कि स्टारकास्ट की फीस और अभिनेताओं की अनचाही महंगी मांगों की वजह से फिल्म व्यवसाय को काफी नुकसान पहुंच रहा है। बीते दिन फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप ने फिल्मों के बजट और रेवेन्यू को लेकर खुलकर बात की। इसी बीच कार्तिक बॉलीवुड में बढ़ती लागत पर टिप्पणी करने वाले नवीनतम स्टार भी बन गए हैं। यह एक ऐसी प्रथा है जिसने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री पर बोझ डाला है और निचले स्तर के तकनीशियनों को वेतन में कटौती करने के लिए मजबूर किया है। एक हालिया इंटरव्यू में कार्तिक आर्यन ने खुलासा किया कि उन्होंने पिछले साल की एक्शन कॉमेडी फिल्म शहजादा में काम करते समय अपनी फीस छोड़ने का फैसला किया, क्योंकि फिल्म वित्तीय संकट का सामना कर रही थी। उन्हें रोहित धवन निर्देशित फिल्म के लिए निर्माता का श्रेय दिया गया, जिसमें कृति सेनन भी थीं। कार्तिक आर्यन ने कहा, मुझे फिल्म में निर्माता का श्रेय मिला क्योंकि मैंने अपनी फीस छोड़ दी। मैंने ऐसा तब किया जब कोई इन चीजों के बारे में बात नहीं कर रहा था। उनके पास पैसों की कमी हो रही थी, इसलिए मैंने अपना पारिश्रमिक छोड़ दिया। सितारों के बारे में ऐसा कोई नहीं लिखता। यह सिर्फ मैं ही नहीं, बहुत सारे सितारे ऐसा करते हैं और इससे भी बड़ी चीजें। कार्तिक यहीं नहीं रुके और अपनी बात में आगे जोड़ा, एक सीधा सा गणित है। निर्देशकों, अभिनेताओं से लेकर निर्माताओं तक, हर कोई चाहता है कि उनकी फिल्में चलें। कोई भी अपनी फिल्में लोड नहीं करना चाहता। मुझे नहीं लगता कि कोई यह सोचता है कि नहीं, नहीं, मैं जो चाहूं चार्ज करूंगा चाहे फिल्म बर्बाद हो जाए। शहजादा के निर्माता भूषण कुमार ने भी पहले कार्तिक आर्यन की प्रशंसा की थी और कहा था कि अभिनेता मुश्किल समय में टीम के साथ खड़े रहे क्योंकि उन्होंने अपनी फीस छोड़ दी थी।

टीवी से फिल्मों में आने के कारण

# अवनीत के साथ भी हुआ भेदभाव

अवनीत कौर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म लव की अरेंज मैरिज के लिए चर्चा में हैं। उनके लिए यह एक सही फैसला साबित हुआ है। फिल्म की कहानी, उनका किरदार और फिल्म में अनुभवी सितारों की मौजूदगी उनके लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है । फिल्म की कहानी उनकी मां का किरदार निभा रहीं सुप्रिया पाठक के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में अनुभवी कलाकार अन्नू कपूर, उनके साथी के पिता बने हैं।

अवनीत के लिए रहा सीखने वाला अनुभव

फिल्म का हिस्सा बन कर अवनीत काफी रोमांचित महसूस कर रही हैं। उन्होंने फिल्म की शूटिंग के दौरान हुए अनुभव पर कहा, ÷मैं हमेशा सुप्रिया मैम के हाव भाव को ध्यान से देखा करती थी, जब भी वह शूटिंग करती थीं। उनके सहज अभिनय को देखना मेरे लिए एक काफी सीखने वाला अनुभव रहा। मुझे उनकी सभी फिल्में काफी पसंद आती हैं। मुझे याद है कि गोलियों की रासलीला रामलीला में अपने अभिनय से उन्होंने मुझे चौंका दिया था।

### टीवी से होने के कारण नहीं हुआ भेदभाव

अभिनय से अवनीत कौर का रिश्ता 14 साल पुराना है। उन्होनें अपने अभिनय करियर की शुरुआत टीवी से की थी। उसके बाद उन्होंने फिल्मों का रूख किया। रानी मुखर्जी अभिनीत साल 2014 में रिलीज हुई फिल्म मर्दानी से उन्होंने डेब्यू किया था। उन्होंने टीवी अभिनेताओं के बॉलीवुड में करियर बनाने के दौरान आने वाली चुनौतियों पर बात की। उन्होंने कहा, जब मैं फिल्मों में आने की कोशिश कर रही थी, तो बहुत से लोगों ने मुझसे कहा कि यह असंभव है। हालांकि, अब मेरी धारणा अब बहुत बदल गई है। टीवी से आने के 14 जून को होगी जी 5 पर प्रीमियर

लव की अरेंज मैरिज 14 जून 2024 को जी 5 पर प्रीमियर होने वाली है। यह इशरत आर खान द्वारा निर्देशित फिल्म है। फिल्म रोमांटिक कॉमेडी-ड्रामा है, जो इस बात पर प्रकाश डालती है कि प्यार उम्र से परे है।

**टीवी पर अपना नाम बनाने के बाद अभिनेत्री अवनीत कौर ने फिल्मों में कदम रखा है। वह जल्द ही आगामी फिल्म लव की अरेंज मैरिज में नजर आने वाली हैं। इस दौरान अभिनेत्री ने फिल्मी दुनिया में हुए अपने अनुभवों पर बात की है।**





# बालकृष्ण की आगामी फिल्म पर आया अपडेट

नंदमुरी बालकृष्ण साउथ के जाने-माने अभिनेता हैं। उन्होंने अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है। अभिनय के अलावा वह राजनीति में भी काफी सक्रिय हैं। वह लगातार तीसरी बार हिंदूपुर निर्वाचन क्षेत्र से विधायक चुने गए हैं। उनकी इस सफलता के लिए अभिनेता को लगातार बधाइयां मिल रही है। अब बतौर अभिनेता उन्हें पसंद करने वाले फैंस के लिए उत्साहित करने वाली खबर सामने आई है। नंदमुरी बालकृष्ण की साल 2021 में रिलीज हुई फिल्म अखंडा को काफी पसंद किया गया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, महज 60 करोड़ में बनी फिल्म ने लगभग 200 करोड़ का कारोबार किया था। अब इस फिल्म के सीक्वेल को लेकर खबरें सामने आ रही हैं।

### अखंडा के दूसरे भाग में आएंगे नजर

नंदमुरी बालकृष्ण फिलहाल अपनी आगामी फिल्म एनबीके 101 की तैयारियों में व्यस्त हैं। यह एक एक्शन ड्रामा होगी, जिसे बॉबी कोली निर्देशित कर रहे हैं। फिल्म में अभिनेता बॉबी देओल भी अहम भूमिका में नजर आने वाले हैं। इसके बाद वह अखंडा के अगले भाग पर काम शुरू कर देंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस विशेष प्रोजेक्ट की औपचारिक घोषणा बालकृष्ण के जन्मदिन पर यानी 10 जून को किया जाएगा। इसके अलावा पूजा समारोह हिंदूपुर में आयोजित होगा।




# ट्विंकल खन्ना हैं पढ़ने की शौकीन

ट्विंकल खन्ना लिखने और पढ़ने क काफी शौकीन हैं। उनके लिखे कॉलम अखबारों में छपते रहते हैं। उन्होंने कई किताबें भी लिखी हैं। आज अभिनेत्री ने अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है, मेरे लिए किताबें सिर्फ पढ़ने भर की चीज नहीं है। मैंने जिंदगी के कई तजुर्बे किताबों से हासिल किया है। अभिनेत्री और लेखिका ट्विंकल खन्ना अक्सर अपने बेबाक बयानों की वजह से सुर्खियां बटोरती रहती हैं। ट्विंकल ने अक्षय कुमार से शादी के बाद फिल्मों से ब्रेक ले लिया था। वे और अक्षय दो प्यारे से बच्चों के माता-पिता हैं। ट्विंकल अपने इंस्टाग्राम हैंडल से हमेशा अपने बच्चों के बारे में कुछ न कुछ साझा करती रहती हैं। आज अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से किताबों से दोस्ती के फायदे गिनवाती नजर आईं।

### जिंदगी का राह आसान करती हैं किताबें

ट्विंकल खन्ना लिखने और पढ़ने की काफी शौकीन हैं। उनके लिखे कॉलम अखबारों में छपते रहते हैं। उन्होंने कई किताबें भी लिखी हैं। आज अभिनेत्री ने अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है, मेरे लिए किताबें सिर्फ पढ़ने भर की चीज नहीं है। मैंने जिंदगी के कई तजुर्बे किताबों से हासिल किया है।

किताबों ने कठिन से कठिन समय में मार्गदर्शन किया है। एक बार तो मेरी बेटी काफी परेशान थी तब मैंने उसे एक कहानी पढ़कर सुनाया था। मेला स्टार ट्विंकल खन्ना अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, मेरी बेटी तैराकी सीखने जाती थी। तैराकी और धूप की वजह से उसका रंग थोड़ा गहरा हो गया था।



# ऐश्वर्या राय के शाही लुक पर दिल हार बैठे नेटिजन्स

ऐश्वर्या राय बच्चन हिंदी सिनेमा की सबसे कुशल, मशहूर और खूबसूरत अभिनेत्रियों में से एक हैं।

### 'मुमताज महल' बन चमकीं अभिनेत्री

साल 1994 में उन्होंने 'मिस वर्ल्ड का खिताब अपने नाम कर देश का मान बढ़ाया। इसके बाद उन्होंने खुद को बॉलीवुड की एक प्रमुख अभिनेत्री के रूप में स्थापित किया। अभिनेत्री ने मणिरत्नम की तमिल फिल्म 'इरुवर' से अभिनय की दुनिया में कदम रखा। इसी वर्ष उन्होंने हिंदी सिनेमा में 'और प्यार हो गया' से अपनी शुरुआत की। ऐश्वर्या राय बच्चन ने अपनी अदाकारी, खूबसूरती, आकर्षण और सहजता से सभी को प्रभावित किया।

अब अभिनेत्री की तस्वीरों की एक सीरीज इंटरनेट पर सामने आई है, जिसे लेकर नेटिजन्स काफी उत्साहित हैं।

एक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन के तस्वीरों की एक सीरीज सामने आई है।